राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 61
लखनऊ, बुधवार 11 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



रेडीमेड कपड़ों की दुकान में आग लगने से जला सामान 10

अब अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां नहीं चलेंगीः योगी 03

संक्षिप्त समाचार

आज तूतीकोरिन का दौरा करेंगे उपराष्ट्रपति

एजेंसी,नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 11 नवंबर को तमिलनाडु के तूतीकोरिन का दौरा करेंगे। इस दौरान वह तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से मंगलवार को जारी जानकारी के अनुसार, राधाकृष्णन अपने दौरे के दौरान वी. ओ. चिदंबरम कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत आयोजित पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। यह कॉलेज उनका पूर्व शिक्षण संस्थान भी है।

पीट हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

एजेंसी वाशिंगटन, अमेरिका। संयुक्त राज्य अमेरिका में ईरान युद्ध को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भारी दबाव में आ गया है। केंटकी से ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन के सांसद थॉमस मैसी ने रक्षामंत्री (रक्षा सचिव/ बदला पद नाम युद्धमंत्री) पीट हेगसेथ को पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। इस कदम से सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के सामने मुश्किल स्थिति पैदा हो गई है। अब पार्टी के सांसदों को तय करना होगा कि वे ट्रंप प्रशासन के प्रमुख मंत्री का समर्थन करते हैं या उनके खिलाफ कार्रवाई के पक्ष में हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (निचला सदन यानी यूनाइटेड स्टेट्स हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में इस प्रस्ताव पर बुधवार तक मतदान हो सकता है।

एनसीआर के कई क्षेत्रों में खतरनाक स्तर पर पहुंचा एक्यूआई

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां के कई इलाकों में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अत्यंत गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह से ही आसमान में छाई धुंध के कारण न सिर्फ दृश्यता घटी है, बल्कि आम लोगों को सांस लेने में भारी तकलीफ और आंखों में जलन का सामना करना पड़ रहा है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में वायु गुणवत्ता रेड जोन (गंभीर श्रेणी) में पहुंच गई है। इनमें आईआईटी दिल्ली का एक्यूआई 388 (दिल्ली का सबसे प्रदूषित क्षेत्र), चांदनी चौक का एक्यूआई 380, आया नगर का 361, मुंडका का 318, बदरपुर का 307, शादीपुर का 306, वजीरपुर का 304, आईजीआई एयरपोर्ट (टर्मिनल-3) और जहांगीरपुरी का क्रमशः 303-303 शामिल है।

दिमागी नक्सलियों का खात्मा अगला लक्ष्य : रिजिजू

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सली वाले बयान पर देश की सियासत में गर्माहट तेज हो गई है। बीते कई दिनों से भाजपा और कांग्रेस के बीच इस बात को लेकर जुबानी जंग भी सातवें आसमान पर है। इसी जद्दोजहद के बीच अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर तीखा पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी वामपंथ उग्रवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था। बता दें कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान से शुरू हुआ, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दीवाली मनाने के दौरान दिया था।

साइबर अपराधों के प्रति समाज में जागरुकता फैलाये पुलिस : मुर्मु

एजेंसी,नई दिल्ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराधों की बढ़ती गंभीरता और डीपफेक सामग्री से उत्पन्न खतरों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण में बदलाव लाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करने वाले अपराधियों से हमेशा एक कदम आगे रहना होगा। राष्ट्रपति ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 78वें बैच (2025 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात के दौरान उन्हें संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों का दायरा लगातार बढ़ रहा है और वे अधिक गंभीर होते जा रहे हैं। पुलिस को समाज में साइबर अपराधों की गंभीरता के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलानी चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों में भय पैदा करने के लिए दुष्प्रचार फैलाना एक गंभीर समस्या बनकर उभर रहा है। विशेष रूप से युवा वर्ग सुनियोजित दुष्प्रचार से प्रभावित हो सकता है। इस तरह की गतिविधियां स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सतर्क और कुशल पुलिस व्यवस्था ऐसी परिस्थितियों को गंभीर रूप लेने से रोक सकती है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के लिए पुलिस अधिकारी और सिपाही शासन-प्रशासन के प्रतीक होते हैं। जब पुलिस व्यवस्था अच्छी तरह काम करती है तो लोगों को शासन भी बेहतर महसूस होता है। पुलिस अधिकारी जब संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक लोगों की शिकायतें सुनते हैं तो इससे उनमें भरोसा और सुरक्षा की भावना पैदा होती है। राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि उन्हें समाज के कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसलिए उनकी आशंकाओं को दूर करना और शिकायतों का समाधान करना पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था में कुछ कर्मचारी तकनीक के इस्तेमाल में वरिष्ठ अधिकारियों से भी अधिक दक्ष हो सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति

रायपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को 11 नवंबर को सम्मानित करेंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 11 नवंबर की सुबह 11:30 बजे से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति इन निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के कार्यालय के मुताबिक केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इस समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित चयनित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी हिस्सा लेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस वर्ष सर्वेक्षण की थीम स्वच्छता की नई पहल—बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई है। इसके माध्यम से स्वच्छता अभियान में सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। इस उपलब्धि में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भूमिका रही है।

फिर होगी यूपी में ऐतिहासिक जीतः संजय निषाद



एजेंसी,नई दिल्ली।

- इस बार उन सीटों पर भी बात की गई जहां भाजपा की जीत नहीं हुई है

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर हलचल तेज हो चली है।

मंगलवार को निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटों पर लड़ने की इच्छा जताई। मुलाकात के बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने भाजपा मुख्यालय में बताया कि 2019 से चला आ रहा गठबंधन 2027 में भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि 2019 में हम लोग गठबंधन में आए थे, तब से लगातार ऐतिहासिक जीत मिल रही है। 2027 में भी यही सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को लेकर अहम मुलाकात हुई है, जिसमें जीत के समीकरण को मजबूत करने पर चर्चा हुई। छोटे भाई के नाते इस बार उन सीटों पर भी विचार करने का आग्रह किया गया है जहां पर मल्लाह जाति के लोगों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि इस बार उन सीटों पर भी बात की गई जहां भाजपा की जीत नहीं हुई है। गठबंधन जारी रहेगा या नहीं, इस सवाल पर उन्होंने कहा, निश्चित रूप से जारी रहेगा। अभी भी है, कल भी होगा। हम लोग जिसके साथ हैं, उसी के साथ रहेंगे।

स्वाति सिंह ने 2027 चुनाव के लिए ठोकी दावेदारी

बोली पार्टी ने 2022 में काटा था मेरा टिकट



समृद्धि न्यूज,लखनऊ।

10 नवंबर 2026 7 उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच योगी सरकार में मंत्री रह चुकीं बीजेपी नेता स्वाति सिंह ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करके अपनी राजनीतिक सक्रियता का संकेत दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि वह 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं और इसके लिए पार्टी से टिकट मिलने की उम्मीद कर रही हैं। उनका कहना है कि इतने साल बीतने के बाद भी वह यह नहीं समझ पाई हैं कि आखिर पार्टी ने उनका टिकट क्यों काटा था।

गौरतलब है कि 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने स्वाति सिंह का टिकट काटकर राजेश्वर सिंह को सरोजनीनगर से उम्मीदवार बनाया था। बातचीत में स्वाति सिंह ने कहा इतने सालों में मैं आज तक समझ नहीं पाई कि मेरी गलती क्या थी जो पार्टी ने 2022 में मेरा टिकट काट दिया। 2027 में मैं उम्मीद करती हूं कि पार्टी मुझे टिकट देगी और चुनाव लड़ाएगी। स्वाति सिंह ने स्पष्ट किया है कि वह उत्तर प्रदेश में कहीं से भी टिकट मांगने की राजनीति नहीं करना चाहतीं। उन्होंने सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पांच साल तक काम किया है और इसी वजह से उनकी इच्छा है कि पार्टी उन्हें इसी सीट से चुनाव लड़ने का मौका दे। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में उन्हें महिला कल्याण और बाल विकास से जुड़े विभागों की जिम्मेदारी भी मिली थी।

हालांकि, 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उनका टिकट काट दिया। पार्टी ने सरोजनीनगर से पूर्व प्रवर्तन निदेशालय अधिकारी राजेश्वर सिंह को उम्मीदवार बनाया। उस समय स्वाति सिंह और उनके पति दयाशंकर सिंह दोनों इस सीट से दावेदारी कर रहे थे।

अब उनकी उम्मीद है कि 2027 के चुनाव में बीजेपी उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाएगी। स्वाति सिंह ने बताया कि तलाक के बाद से उनकी दयाशंकर सिंह से बातचीत नहीं होती। परिवारवाद के आरोपों पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या परिवारवाद केवल उनके ऊपर ही लागू होता है?

सीएम सम्राट ने सीओ, बीडीओ समेत 15 अफसर किए सस्पेंड



एजेंसी, पटना।

- जनता की शिकायत अनसुनी करने पर ऐक्शन

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना स्थित सीएम सचिवालय में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में जनता की शिकायतों को सुना। समस्याओं का उचित तरीके से समाधान नहीं होने पर उन्होंने 15 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। 15 लापरवाह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वालों में विभिन्न जिलों में तैनात अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, इंजीनियर, कार्यपालक पदाधिकारी और राजस्व कर्मचारी शामिल हैं। सीएम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सीएम सचिवालय में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आम लोगों की शिकायतों को सुना और उनके तुरंत समाधान के निर्देश संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों को दिए गए। कार्रवाई की चेतावनी उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी द्वारा आवेदकों की समस्याओं का वास्तविक समाधान किए बिना टालमटोल करने की जानकारी मिलती है, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

भारत समिट में 70 देशों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

- हैदराबाद में 13 व 14 नवंबर को कांग्रेस करेंगी कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी,नई दिल्ली।



कांग्रेस 13 एवं 14 नवंबर को हैदराबाद में भारत समिट आयोजित करेगी। इसमें 70 देशों के करीब एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इनमें नीति निर्माता और दुनिया के विभिन्न देशों के प्रगतिशील आंदोलनों से जुड़े प्रमुख नेता शामिल होंगे। समिट में नए वैश्विक व्यवस्था, भू-राजनीतिक बदलाव, जलवायु परिवर्तन, मीडिया की भूमिका और सूचना की विश्वसनीयता सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

पूर्व विदेश मंत्री, कांग्रेस के विदेश विभाग के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि यह समिट दो महत्वपूर्ण अवसरों के साथ आयोजित हो रही है। इनमें पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती और भारत की आजादी के 80 वर्ष पूरे होना शामिल है। उन्होंने कहा कि नेहरू की सोच आज भी कांग्रेस की विदेश नीति और उसके दृष्टिकोण के लिए प्रेरणा है। समिट का उद्देश्य राहुल गांधी की भारत और दुनिया के भविष्य तथा नई वैश्विक व्यवस्था की परिकल्पना पर विचार करना है। इसमें 12 अंतरराष्ट्रीय सत्र और तेलंगाना पर केंद्रित आठ सत्र होंगे। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, उद्योग एवं वाणिज्य तथा विधायी मामलों के मंत्री श्रीधर बाबू दुड्डिल्ला ने कहा कि विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधियों के विचार-विमर्श से तेलंगाना के शासन और जनता को लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय सत्र हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में होंगे, जबकि तेलंगाना से जुड़े सत्र हाइटेक्स में आयोजित किए जाएंगे।

इन सत्रों में फ्यूचर सिटी और शहरीकरण, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय, कल्याणकारी नीतियों, सहकारी संघवाद, संस्कृति, युवा और खेल तथा चुनावी निष्पक्षता जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

श्रीधर बाबू ने कहा कि भारत समिट में शामिल होने वाले भागीदारों को दिसंबर में होने वाले इन्वेस्ट तेलंगाना ग्लोबल समिट 2026 में भी आमंत्रित किया जाएगा। यह आयोजन 7 से 9 दिसंबर तक होगा।

दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली,एजेंसी। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में मौसम के मिजाज में बदलाव देखा जा रहा है। एक तरफ उत्तर भारत में दिन-ब-दिन कोहरे के साथ ठंड बढ़ रही है वहीं दक्षिण के कई क्षेत्रों में भारी बारिश और आंधी-तूफान के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 13 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जो अगले 24 घंटों में और मजबूत होकर स्पष्ट कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है। दिल्ली-एनसीआर में आने वाले दिनों में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा। 11-13 नवंबर को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम बदलने के आसार हैं। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में 13 तारीख तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

शिवराज साल में तीन बार चलाएंगे पर्यावरण संरक्षण का अभियान

गोवर्धन पूजा पर की घोषणा पशु पक्षियों के जरूरी है पेड़



एजेंसी, भोपाल।


केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए साल में तीन विशेष अवसरों पर बड़े स्तर पर अभियान चलाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि 'वृक्ष मित्र परिवार' संगठन के माध्यम से ये आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस, हरियाली अमावस्या और गोवर्धन पूजा पर किए जाएंगे। गोवर्धन पूजा के अवसर पर राजधानी भोपाल के स्मार्ट पार्क में मंगलवार को पूजन-अर्चन और पौधारोपण के बाद कृषि मंत्री चौहान ने बताया कि 'वृक्ष मित्र परिवार' संगठन के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस, हरियाली अमावस्या और गोवर्धन पूजा पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों को पौधारोपण और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिवराज ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की बात करते समय केवल मनुष्यों को ध्यान में रखना पर्याप्त नहीं है। इसमें पशु-पक्षियों और छोटे जीव-जंतुओं का भी महत्व है। पेड़-पौधे पूरी जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का आधार हैं।

महिला के हाथ-पैर बांधकर पीटा, उल्टा लटकाया

समृद्धि न्यूज,लखनऊ। लखनऊ में एक महिला को लोगों ने हाथ-पैर बांधकर लातों से पीटा। मारते-मारते उल्टा लटका दिया। प्राइवेट पार्ट पर डंडे से मारा। इस दौरान महिला छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन न मारने वालों ने छोड़ा, न ही देख रहे लोगों ने उसे बचाया। घटना इंदिरानगर के सुगामऊ में झुग्गी-झोपड़ी की 6 नवंबर की है। इसका वीडियो मंगलवार, 10 नवंबर को सामने आया। इसके बाद आसपास के लोगों ने वहां पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिस जगह पर महिला के साथ मारपीट की गई थी। गुस्साए लोगों ने घटना वाली जगह बनी झोपड़ पट्टी में आग लगाने की कोशिश की। लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभाल लिया। इस दौरान इंदिरानगर इंस्पेक्टर ने हैरानी वाला बयान दिया। उन्होंने कहा- वह मामूली मारपीट की घटना थी। वीडियो में महिला के पैर में रस्सी बंधी दिख रही है। करीब 40-50 लोग उसे जमीन पर गिराकर पीछे की तरफ डंडों से पीट रहे हैं। मारपीट के दौरान महिला के मुंह से खून भी निकलता दिख रहा है। लेकिन मौके पर इकट्ठा भीड़ में उसे किसी ने नहीं बचाया।

सोनिया ने अपनी किताब में पीएम न बनने के कई प्रसंग किए साझा

एजेंसी,नई दिल्ली।



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंग अ जर्नी ऑफ लव' में अपने निजी जीवन, राजीव गांधी से मुलाकात और विवाह, भारत आने, परिवार की त्रासदियों तथा 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के फैसले से जुड़े कई प्रसंग साझा किए हैं। उन्होंने इसे राजनीतिक पुस्तक के बजाय निजी संस्मरण बताया है और इसे राहुल, प्रियंका तथा अपने पोते-पोतियों रैहान और मिराया को समर्पित किया है।सोनिया गांधी ने एक्स पर लिखा कि उनके मन से संदेह के आखिरी अंश भी दूर हो गए थे और उन्होंने खुद से कहा कि उन्हें अपने प्रति सच्चा रहना चाहिए। सोनिया गांधी ने किताब में बताया है कि उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही तय कर लिया था कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर वह प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करेंगी। राहुल और प्रियंका भी उन्हें इस पद पर नहीं देखना चाहते थे। उन्हें इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्याओं की यादें थीं और आशंका थी कि प्रधानमंत्री बनने से सोनिया की जान को खतरा बढ़ सकता है।

शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

एजेंसी,उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट पर्व पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ 12:05 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन पड़ाव मुखीमठ (मुखबा) के लिए रवाना हुई। डोली बुधवार सुबह मुखबा पहुंचेगी। जहां अब श्रद्धालु आगामी छह माह तक मुखीमठ (मुखबा) में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे। मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तैयारी सुबह 09 बजे से शुरू हुई। सर्व प्रथम उदय बेला पर मां गंगा के मुकुट को उतारा गया। इस बीच श्रद्धालुओं ने मां के भोग मूर्ति के दर्शन किए। इसके बाद अमृत बेला, स्वाती नक्षत्र प्रीतियोग शुभ लग्न पर ठीक 12:05 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए गए। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने विशेष पूजा व गंगा लहरी का पाठ किया। डोली में सवार होकर गंगा की भोगमूर्ति जैसे ही मंदिर परिसर से बाहर निकली तो पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

सम्बोधन — अब दिल्लीवासियों को मिल रहा है प्रकृति के करीब आने का अवसर

सीएम ने किया 'नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा' का शुभारंभ

एजेंसी,नई दिल्ली।

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सोनिया विहार में यमुना नदी पर विकसित नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां यमुना दिल्ली की पहचान, संस्कृति, धार्मिक आस्था और जीवन परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज राजधानी के लिए ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि नमो यमुना रिवर सफारी केवल एक क्रूज या नौका सेवा नहीं है, बल्कि मां यमुना के प्रति हमारी आस्था, प्रेम और समर्पण से जुड़ी पहल है। इसके माध्यम से दिल्लीवासी मां यमुना के और करीब आ सकेंगे, उनके प्राकृतिक परिवेश को महसूस कर सकेंगे और नदी के साथ अपने जुड़ाव को नए रूप में अनुभव करेंगे। प्रकृति के इतने करीब आने का अवसर अब दिल्लीवासियों के लिए भी उपलब्ध हो रहा है। पहले लोग प्रयागराज या अन्य शहरों में जाकर नाव और क्रूज की सवारी का आनंद लेते थे, लेकिन अब दिल्ली में ही यह अनुभव संभव होगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने



दिल्लीवासियों से अपने परिवार के साथ यहां आने, बच्चों को मां यमुना के दर्शन कराने और प्रकृति का आनंद लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली की सकारात्मक छवि को मजबूत करने और राजधानी के पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले विकास के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की राजनीति होती रही। आज सरकार उन समस्याओं का समाधान कर रही है और दिल्लीवासियों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों की धार्मिक आस्था और परंपराओं का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने छठ पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले दिल्ली के लोगों को यमुना तट पर पूजा करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने पहले वर्ष में ही यमुना पर भव्य छठ आयोजन कराया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी दिल्लीवासी पिछले वर्ष से अधिक भव्यता के साथ छठ पर्व मनाएंगे। दिल्ली की जनता ने सरकार को राजधानी के विकास और जनहित के लिए चुना है और सरकार उसी जिम्मेदारी के साथ काम करती रहेगी।

बैंक ऑफ इंडिया के बीसी पॉइंट संचालक गिरफ्तार



खाताधारकों से 50 लाख से अधिक के फ्राड का आरोप

समृद्धि न्यूज़

बहराइच। समृद्धि न्यूज़ बैंक ऑफ़ इंडिया के बीसी पॉइंट से खाता धारकों की रकम लेकर फरार होने के आरोपी संचालक को दरगाह शरीफ पुलिस ने सोमवार दोपहर करीब 1 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर खाता धारकों से बैंक में रुपए जमा कराने के नाम पर रकम लेकर गबन करने का आरोप है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी बीसी पॉइंट का संचालन करता था। उसने खाता धारकों से बैंक खातों में रुपए जमा करने के नाम पर रकम ली और बाद में फरार हो गया। मामले में दरगाह शरीफ थाने में बीएनएस की धारा 316 (5) में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी शमशाद अली शाह (36) को गिरफ्तार कर लिया। वह तोराब अली शाह का बेटा है और गुलामअलीपुरा मोहल्ले में मुन्ना लाल माली वाली गली का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। और शाम करीब 4 बजे पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार और कांस्टेबल राहुल मौर्य शामिल रहे।

गौ संवर्धन पूजन अर्चन कार्यक्रम श्रद्धा,आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया

गौ भक्तों ने गायों की विधि विधान से पूजन अर्चन कर उनके भरण पोषण एवं संरक्षण का लिया सामूहिक संकल्प

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ गायत्री चेतना केंद्र गायत्रीपुरम (डिगिहा चौराहा) परिसर में मंगलवार को गौ संवर्धन पूजन अर्चन कार्यक्रम श्रद्धा,आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया गया। गौ भक्तों ने गायों की विधि विधान से पूजन अर्चन कर उनके भरण पोषण एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

गायत्री चेतना केंद्र परिसर में आयोजित गौ संवर्धन चौपाल को संबोधित करते हुए चेतना केंद्र प्रबंधक प्राचार्य आर०पी ०एन० श्रीवास्तव ने बताया कि सनातन समाज में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। गौ वंश संवर्धन से ही समाज एवं राष्ट्र मजबूत व शक्तिशाली बना रह सकेगा इसलिए आवश्यक है कि हम सब लोग मिलकर गौ वंश की रक्षा करे और वंश वृद्धि में सहायक बने ।

संरक्षक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि गायत्री चेतना केंद्र के माध्यम से सनातन आस्थावान जनों के सामूहिक प्रयास से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी जन अभियान चलाया जा रहा है लोगो को गौ पालन व उनके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। समाजसेवी मालवीय मिशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि गौ संवर्धन व उनके वंश वृद्धि के लिए सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर गौशालाओं में बेहतर प्रबंधन के लिए सतत प्रयास किए जाने की बात कही।

आयोजित चौपाल का संचालन गायत्री परिजन कांति मिश्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष प्रेम चंद्र श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रिसिया संजय जायसवाल ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण मोहन गोयल, सचिव मालवीय मिशन अमित वर्मा नवोदयन, सनातन समाज नेता अयोध्या प्रसाद अवस्थी, संघ विचारक ओम प्रकाश सक्सेना, बृजेश कुमार गुप्ता, वैजनाथ सिंह, गौशाला प्रबंधक शिव पूजन वर्मा, बाल कुमार पाठक, विजय सिंह, मीना, नीलम श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमारी, नीलम चौधरी, वेद प्रकाश गोयल, डॉ पंकज श्रीवास्तव, पर्यावरणविद डॉ राकेश चंद्र श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चेतना केंद्र स्थित माँ गायत्री प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व सुंदर कांड के पाठ के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से गौ संरक्षण व गौ वंश वृद्धि के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया।

एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने किया प्रमुख गंगा घाटों का निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़

बांगरमऊ उन्नाव। छठ पूजा व कार्तिक पूर्णिमा स्नान महापर्व के दृष्टिगत रखते प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला और पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी ने तहसील क्षेत्र के प्रमुख गंगा घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के नानामऊ घाट, सरैया घाट सहित अन्य गंगा घाटों पर पहुंच कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, नावों की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा महापर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचेंगे, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग कराई जाए और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व गोताखोर तैनात किए जाएं। महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, घाटों के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर भी गंगा स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ेगी, इसलिए पहले से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। अधिकारियों ने घाटों पर सीसीटीवी, लाउडस्पीकर और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

किराये की दुकान में बन रहे थे सुतली-बम, 5 गिरफ्तार

दीपावली की पटाखा दुकानों पर अवैध रूप से बिक रहे थे सुतली बम

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ नानपारा में पुलिस ने अवैध रूप से सुतली बम बनाने और बेचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक किराए की दुकान और कर स्थाई पटाखा दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 17 किलो 50 ग्राम सुतली बम और पलीता बरामद किया। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गश्त और जांच के दौरान सूचना मिली कि सिद्दीक मडैया में किराए की दुकान पर सुतली बम बनाए और बेचे जा रहे हैं। पुलिस ने दुकान पर छापा मारकर अनवर अली को गिरफ्तार किया। दुकान से 2 किलो 600 ग्राम सुतली बम 800 ग्राम पलीता और 1 किलो 800 ग्राम सुतली का बंडल बरामद हुआ। पूछताछ में अनवर अली ने बताया कि वह सुतली बम बनकर अपने साथियों को बेचता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सहादत इंटर कॉलेज मैदान में लगी अस्थाई पटाखा दुकानों की जांच की। पुलिस के अनुसार जीशान की दुकान से 2 किलो 450 ग्राम, शिवम सोनी की दुकान से 3 किलो 50 ग्राम, अमन सोनी की दुकान से 3 किलो 200 ग्राम, और मोहम्मद रईस की दुकान से 3 किलो 150 ग्राम सुतली बम बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि चारों दुकानदारों के पास से दिवाली पर आतिशबाजी की दुकान लगाने की अनुमति थी। लेकिन सुतली बम बेचने की अनुमति नहीं थी। वही अनवर अली के पास विस्फोटक सामग्री बेचने और बनाने का लाइसेंस भी नहीं मिला। पांचो आरोपियों के खिलाफ कोतवाली नानपारा में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 का के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश में हुई कार्रवाई की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और सीओ नानपारा चित्रांशु गौतम ने की। टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष गुरूसेन सिंह ने की।

पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट



4 मकानों में लगी आग, महिला समेत 2 घायल

समृद्धि न्यूज़

बहराइच। समृद्धि न्यूज़ जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के लखैया गांव में मंगलवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें अशोक कुमार और एक महिला घायल हो गए। इसी दौरान अशोक कुमार और उनके तीन भाइयों के चार फूस के मकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। पीड़ित पक्ष ने दूसरे पक्ष पर मारपीट करने और मकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक अशोक निषाद के परिवार की मौजूदा प्रधान प्रतिनिधि के समर्थकों से मंगलवार सुबह करीब 11 कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। बताया गया की पंचायत चुनाव और प्रधानी को लेकर दोनों पक्षों में पहले से रंजिश चली आ रही थी। अशोक कुमार और उनके भाइयों कारण, रमेश और दिलीप के फूस के मकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। पीड़ित ने दूसरे पक्ष पर मारपीट करने और मकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए नानपारा कोतवाली में तहरीर दी है।

एसपी ने कुष्ठ रोग आश्रम, सलारगंज में बच्चों एवं बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली

एसपी ने मिठाई एवं पटाखों का किया वितरण

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत सलारगंज स्थित कुष्ठ रोग आश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रहे बच्चों एवं बुजुर्गों के साथ दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसपी ने आश्रम में उपस्थित बच्चों एवं बुजुर्गों को मिठाई एवं पटाखों का वितरण किया गया तथा उनके साथ समय व्यतीत कर दीपावली की खुशियां साझा की गईं। इस पर्व पर पुलिस अधीक्षक ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान एवं बुजुर्गों के साथ साझा किए गए आत्मीय क्षणों ने इस पर्व की खुशियों को और भी विशेष बना दिया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति संवेदनशीलता, अपनत्व एवं सहयोग की भावना का संदेश दिया गया। दीपावली जैसे पावन पर्व पर जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा करना सामाजिक समरसता, मानवीय संवेदना एवं सामुदायिक पुलिसिंग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक दरगाह शरीफ सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसपी धर्मपत्नी के साथ वृद्धाश्रम पहुंचकर मनाई बुजुर्गों के साथ दीपावली

समृद्धि न्यूज़



उन्नाव। दीपावली के पावन पर्व पर सामाजिक सरोकारों एवं मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव एवं उनकी धर्मपत्नी नीतू सिंह अपने परिवारीजनों के साथ थाना बेहटा मुजावर क्षेत्रांतर्गत तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनके साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर श्री हर्ष मोदी, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ एवं थाना प्रभारी बेहटा मुजावर सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव, उनकी धर्मपत्नी एवं परिवारीजनों ने सभी बुजुर्गों का स्नेहपूर्वक हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य, रहन-सहन एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान श्री जय प्रकाश सिंह एवं श्रीमती नीतू सिंह द्वारा वृद्धजनों को सॉल, मिठाइयां, दीपक, बाती एवं मोमबत्तियां आदि भेंट की गईं तथा उनके साथ बैठकर आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में समय व्यतीत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "समाज में बुजुर्गों का अनुभव, उनका स्नेह और आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। दीपावली जैसे पावन पर्व पर हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि कोई भी बुजुर्ग स्वयं को अकेला या उपेक्षित महसूस न करे। उनके प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और उनकी देखभाल करना हम सभी की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है।"

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह, श्रीमती नीतू सिंह, उनके परिवारीजनों, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ श्री हर्ष मोदी एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वयं भोजन परोसा गया तथा उनके साथ बैठकर भोजन भी किया गया। इस आत्मीय पहल से वृद्धाश्रम का वातावरण उल्लास, अपनत्व एवं पारिवारिक स्नेह से सराबोर हो गया। बुजुर्गों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं आत्मीयता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। दीपावली के इस पावन अवसर पर उन्नाव पुलिस की यह पहल समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता, सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रदर्शित करती है। साथ ही यह संदेश देती है कि त्योहारों की वास्तविक खुशियां तभी सार्थक होती हैं, जब हम अपने आसपास के जरूरतमंद एवं अकेले रह रहे लोगों के जीवन में भी खुशियों का प्रकाश पहुंचाएं।

छठ पर्व की तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण

घाटों की सफाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। आगामी छठ पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शास्त्री नगर, बलिया नाला एवं सरोजनी नगर सहित सामुदायिक अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने छठ पर्व के दृष्टिगत घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई कराने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने तथा निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर सभासद शेषमणि पटेल, ब्रजकिशोर सिंह, लालजी गुप्ता, सुजीत यादव, अभिषेक राय, सफाई नायक इंद्राशन, लालबहादुर, मानिक चंद, अंकित, विनोद गौतम, परवीन कुमार, कलामुद्दीन, मकसूद खान, समीम खान, शेख अब्दुल्ला, मेराज प्रधान, आरिफ खान, दीपक कुमार, सुरेश कनौजिया, भानु प्रताप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विशेश्वरगंज में दो अलग-अलग हादसे,सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर



विशेश्वरगंज। बहराइच समृद्धि न्यूज़ थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात को दो अलग-अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना और पानी में डूबने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली घटना में गोंडा जनपद के कौड़िया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरौना के मजरा मुरावन पुरवा निवासी सालिक राम (44) पुत्र रामसूरत सोमवार देर शाम बहराइच से मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अनियंत्रित चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनका एक पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर रूप से घायल सालिक राम को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, दूसरी घटना विशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर स्थित एक देसी शराब की दुकान के पास हुई। श्रावस्ती जनपद के भिनगा कस्बा निवासी शनि (35) पुत्र शमीम अहमद सोमवार को चारपहिया वाहन से वहां पहुंचे थे। बताया जाता है कि लघुशंका के लिए उन्होंने अपना वाहन दुकान के पास खड़ा किया और सड़क किनारे चले गए। इसी दौरान पैर फिसलने से वह पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गए। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घटनाओं के संबंध में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौरावां पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनेश कुमार पुत्र राज कुमार ग्राम उदवत खेड़ा पोस्ट शिवपुरी थाना खीरों जनपद रायबरेली द्वारा थाना मौरावां पर तहरीर दी कि दिनांक 28.10.2026 को मेरी मौसी रामदुलारी पत्नी स्व० रामकरन निवासी शिवला मजरा गुलरिहा थाना मौरावां जनपद उन्नाव के सगे देवर रामचन्द्र पुत्र देवतादीन ने जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुये आमादा फौजदारी होने लगे। मना करने पर धारदार हथियार (फौड़ा) से वार कर दिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मौरावां पर मु.अ.सं.-459,26 धारा 115(2),351,352(3),118(1),110,109(1) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 10.11.2026 को थाना मौरावां पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र स्व. देवतादीन उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम शिवला मजरा गुलरिहा थाना मौरावां जनपद उन्नाव को घटना मे प्रयुक्त एक अदद फावड़ा के साथ ग्राम शिवला से गिरफ्तार किया गया।

हर बच्चे की सुरक्षा, हर बच्चे का अधिकार

बाल सुरक्षा एवं पॉक्सो अधिनियम पर 14 से 25 नवंबर तक चलेगा विशेष जागरूकता अभियान

फावा, वात्सल्य एवं अपराजिता सामाजिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नारी संघ ने किया कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों के संरक्षण और यौन शोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फावा वात्सल्य एवं अपराजिता सामाजिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नारी संघ के सहयोग से पॉक्सो अधिनियम पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को अपराजिता सामाजिक समिति की संस्था सचिव किरण बैस द्वारा पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। किरण बैस ने बताया कि यह जागरूकता अभियान 14 नवंबर से 25 नवंबर तक कैसरगंज की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान में नारी संघ एवं अपराजिता की टीम सक्रिय रूप से मिलकर कार्य करेंगी। इसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, समुदायों तथा संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर अनेक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए संबंधित थानों का भी सहयोग लिया जाएगा। साथ ही मिशन शक्ति टीम की सहभागिता से बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित जानकारियाँ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाई जाएँगी। इसके माध्यम से समुदाय के लोगों को कानून के प्रावधानों, शिकायत की प्रक्रिया तथा सहायता प्राप्त करने के उपलब्ध माध्यमों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

महिला को घर में घुसकर पीटा, बचाने पहुंचे बेटों से भी मारपीट

पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के शरदपारा गांव में मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष की महिलाओं ने घर में मौजूद चंदा शुक्ला के साथ मारपीट की। मां को बचाने पहुंचे उनके बेटे विवेक और शिवम के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें कुछ लोग महिला को पीटते नजर आ रहे हैं। चंदा शुक्ला का घर से कुछ दूरी पर रहने वाले मुकेश उपाध्याय के परिवार से विवाद चल रहा था। चंदा के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह घर में बैठी थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष की महिलाएं वहां पहुंची और उनके साथ मारपीट करने लगी। शोर सुनकर उन्हें बचाने पहुंचे बेटे विवेक और शिवम को भी पीटा गया। घटना के बाद चंदा ने फखरपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। थाना प्रभारी राजकुमार राजभर ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को मजबूत करेगी योगी सरकार

16 नवंबर को प्रदेशभर में होंगी शिक्षक संकुल बैठकें

संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों की शैक्षिक नींव मजबूत करने, कक्षा में सीखी गई प्रत्येक बात को उनके वास्तविक अधिगम में परिणत करने और अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उनकी बेहतर तैयारी का परिणाम सामने लाने के उद्देश्य से 16 नवंबर को प्रदेशभर में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन किया जाएगा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के निर्देशानुसार इन बैठकों के माध्यम से शिक्षकों के अनुभवों, नवाचारों और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। शैक्षिक सत्र 2026-27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के दृष्टिगत 16 नवंबर को अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक विद्यालय समयावधि में शिक्षक संकुल बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग एजेंडा निर्धारित किया गया है, ताकि दोनों स्तरों की शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप विषयों पर चर्चा हो सके। बैठकों में शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रयासों, नवाचारों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े अनुभव साझा किए जाएंगे। क्रियाशील बालवाटिका के लिए अभिनव प्रयासों, विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिंतन कौशल, समस्या समाधान और आलोचनात्मक सोच विकसित करने पर विशेष चर्चा होगी। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, पीयर लर्निंग और समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि तथा सहभागिता बढ़ाने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को भी साझा किया जाएगा। 17 से 21 नवंबर तक प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर शिक्षकों के साथ पाठ्यक्रम की प्रगति और पूर्णता की समीक्षा की जाएगी। परीक्षा से पहले महत्वपूर्ण बिंदुओं की पहचान, विद्यार्थियों की तैयारी, प्रश्नों के अभ्यास और पाठ्यक्रम के पुनरावर्तन पर चर्चा होगी। निर्धारित पाठ्यक्रम को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीतियों, कार्ययोजना और शिक्षण विधियों पर भी विचार किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम यूनिट टेस्ट के बाद प्रत्येक विद्यार्थी के होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड भरने और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद उसमें निर्धारित प्रविष्टियों को अद्यतन करने पर जोर दिया जाएगा। बैठकों में निपुण लक्ष्य ऐप एवं निपुण तालिका के प्रभावी उपयोग पर चर्चा होगी। विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों का चयन और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त यू-डायस प्लस पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल से संबंधित आंकड़ों के अद्यतन और इसमें आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी। प्रेरणा पोर्टल पर विद्यालयों में आयोजित खेलकूद गतिविधियों से संबंधित आवश्यक सूचनाओं और विवरण को समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से दर्ज करने की भी समीक्षा की जाएगी। बैठकों में विद्यालयों की प्रार्थना सभा को भी एजेंडे में शामिल किया गया है। पूर्व में साझा की गई 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों के नियमित और क्रमवार आयोजन की व्यवस्था पर चर्चा होगी।

अयोध्या से शिक्षा तक, अखिलेश ने भाजपा सरकार को घेरा

तीर्थाटन, स्कूलों के विलय, प्रदूषण और एक्सप्रेस-वे टेंडरों को लेकर सपा अध्यक्ष ने सरकार पर लगाए सवाल

संवाददाता




लखनऊ। अयोध्या की धार्मिक पहचान से लेकर स्थानीय लोगों की आजीविका तक, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कई मुद्दों पर अपनी पार्टी का रुख सामने रखा। उन्होंने कहा कि सपा अयोध्या के मान-सम्मान और स्थानीय अर्थव्यवस्था की पुनर्स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। अयोध्या को 'सनातन तीर्थाटन की वैश्विक राजधानी' बनाने का दावा करते हुए उन्होंने मंदिर व्यवस्था में पारदर्शिता और श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने की बात कही। अखिलेश ने कहा कि सरकार बनने पर राशन में तेल और घी उपलब्ध कराया जाएगा। परंपरागत नाविकों की आजीविका बढ़ाने के लिए नौकायन व्यवस्था विकसित होगी। उन्होंने अयोध्या में जमीन की खरीद-फरोख्त और सर्किल रेट में कथित अनियमितताओं की जांच कराने तथा बाहरी ठेकेदारों के वर्चस्व को समाप्त करने की बात भी कही। भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की बात भी कही। शिक्षा के मुद्दे पर अखिलेश ने स्कूलों के विलय को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल दूर होने से खासकर बच्चियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। परिवहन की कमी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते अभिभावक बच्चों को दूर भेजने से हिचकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित रह गया तो एक ट्रिलियन या पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य बेमानी है। शिक्षकों के प्रति सरकार के रवैये और ऑनलाइन हाजिरी के मुद्दे पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि सरकारी नौकरियों और आरक्षण के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण और निर्माण परियोजनाओं को लेकर भी सपा अध्यक्ष ने सरकार को घेरा। उन्होंने दिल्ली में प्रदूषण के आंकड़ों में कथित हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कहा कि वास्तविक स्थिति बच्चों, बीमारों और बुजुर्गों की परेशानियों से समझी जा सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश में यूपीडा के लिंक एक्सप्रेस-वे टेंडरों में चुनिंदा कंपनियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। अखिलेश ने टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए इसे जनहित से जुड़ा मामला बताया। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित सरकारों और विभागों का पक्ष इस बयान में शामिल नहीं है।

अब अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां नहीं चलेंगी- योगी

निषाद बस्ती में दीपावली मिलन समारोह में बोले- पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा पर कोई नहीं लगा सकेगा प्रतिबंध

संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां नहीं चलेंगी। अयोध्या में जय श्रीराम बोलने पर कोई लाठी-डंडा नहीं चला सकेगा। पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा पाएगा। यह हम सबके संकल्प का प्रतीक बनना चाहिए। स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित और मर्यादित अयोध्या, जो प्रभु श्रीराम की नगरी है, उसे इसी स्वरूप में व्यवस्थित करके आगे बढ़ाना है।मुख्यमंत्री अयोध्या में रामघाट हाल्ट के निकट निषाद बस्ती में दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने निषाद समाज, नाविकों, माझियों, सफाई कर्मियों और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पार्षदों एवं कर्मियों को सम्मानित किया और दीपावली का उपहार प्रदान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि कल दीपोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ हुआ। उसी के प्रति आप सभी का धन्यवाद देने के लिए आज मैं स्वयं आपके पास आया हूं। हमारा नगर सुंदर हो, स्वच्छ हो और व्यवस्थित हो। जब आप कभी बाहर जाएंगे और गर्व से कहेंगे कि मैं अयोध्या से आया हूं, तो सामने वाला व्यक्ति भी आपका सम्मान करने के लिए मजबूर होगा। लेकिन यदि हमारा शहर या गांव गंदा होगा, दुव्यवस्था और अव्यवस्था होगी, तो बाहर जाने पर लोग कहेंगे कि अरे, वहां इतनी गंदगी और इतनी अव्यवस्था है! चलो दूर भागो। दीपोत्सव के बाद सफाई कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कल लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या धाम आए थे। देश और दुनिया के साथ ही उत्तर प्रदेश और अयोध्या के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। 30 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित हुए और देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसके बावजूद जब सुबह वह बाहर निकले तो सभी घाट स्वच्छ और सुंदर दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने नाविकों, माझियों और निषाद समाज के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कल सरयू जी की आरती के दौरान सभी नाविक बड़ी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। यह पवित्र धाम है। हर शनिवार और रविवार, हर अमावस्या और पूर्णिमा तथा प्रत्येक महत्वपूर्ण पर्व और त्योहार पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।

पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि , परिजनों को बंधाया ढांढस



संवाददाता

लखनऊ, । देवरिया के पूर्व सांसद, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोमवार को देवरिया स्थित उनके पैतृक गांव बरपार जाकर मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्रीप्रकाश मणि के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रीप्रकाश मणि का रविवार को दिल्ली में निधन हो गया था। उनके पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी वर्तमान में देवरिया के सांसद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरपार स्थित श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पैतृक आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्मृतिशेष के पार्थिव शरीर पर पुष्प और पुष्पचक्र चढ़ाया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की चिर शांति के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की। सीएम योगी ने स्वर्गीय श्रीप्रकाश मणि के पुत्र एवं देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और अन्य परिजनों से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया।

शहीदों की याद में रोशनी से नहाया गोरखनाथ मंदिर परिसर

सीएम ने जलाया पहला दीया, शहीदों के चित्र पर किया पुष्पार्चन

गोरखनाथ मंदिर में एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



लखनऊ । दीपावली के अगले दिन सोमवार की शाम शहीदों की याद में गोरखनाथ मंदिर परिसर रोशनी से नहा उठा। यूं लगा मानो दीपकों की लौ देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर देने वाले बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही हो। मंदिर परिसर के भीम सरोवर क्षेत्र में पहले दीप को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रज्ज्वलित किया और इसके बाद शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अवसर था सोमवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीम सरोवर के समीप दीप जलाकर और शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही मंदिर परिसर 11000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया भाई की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रज्ज्वलित दीयों की स्वर्णिम लौ अलौकिक लग रही थी। मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच ओपन एयर थिएटर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित गीतों, नृत्य की प्रस्तुतियों ने जोश का संचार कर दिया। इन प्रस्तुतियों पर सीएम योगी भावुक नजर आए और कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक एवं भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष लोक गायक राकेश श्रीवास्तव और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, काशी से आए जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पैर का अंगूठा बना हाथ की नई ताकत, एसजीपीजीआई ने रचा इतिहास

19 वर्षीय युवक के कटे अंगूठे का पैर के अंगूठे से किया सफल प्रत्यारोपण, 10 घंटे चली जटिल सर्जरी

संवाददाता



लखनऊ। हादसे में हाथ का अंगूठा गंवाने वाले 19 वर्षीय युवक के लिए एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने उम्मीद का नया रास्ता खोल दिया। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने पहली बार पैर के अंगूठे को हाथ में प्रत्यारोपित कर उसका सफल पुनर्निर्माण किया है। करीब 10 घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी के बाद युवक का नया अंगूठा संतोषजनक ढंग से काम कर रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह प्रक्रिया 'ग्रेट टो-टू-थंब ट्रांसफर' कहलाती है। युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था। हादसे में उसके दाहिने हाथ का अंगूठा प्रॉक्सिमल फैलैंक्स के आधार से कट गया था। साथ ही हाथ की दोनों हड्डियों में फ्रैक्चर भी हुआ था। दूसरे अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के दौरान फ्रैक्चर की सर्जरी की गई, लेकिन अंगूठा वापस नहीं जोड़ा जा सका। अंगूठा न होने से उसे सामान्य कामकाज में परेशानी हो रही थी। शारीरिक बदलाव के कारण वह मानसिक परेशानी भी महसूस कर रहा था।
संस्थान के विशेषज्ञों ने परीक्षण और मरीज व उसके माता-पिता की काउंसलिंग के बाद बाएं पैर का अंगूठा हाथ में प्रत्यारोपित करने का फैसला किया। 30 सितंबर 2026 को जनरल एनेस्थीसिया के तहत यह ऑपरेशन किया गया। दो विशेषज्ञ टीमों ने समन्वय से पैर के अंगूठे को रक्त वाहिकाओं, नसों और टेंडन सहित अलग कर हाथ में प्रत्यारोपित किया। हड्डी को तार से जोड़ने के बाद रक्त वाहिकाओं और नसों की माइक्रो-सर्जरी की गई।
ऑपरेशन के बाद प्रत्यारोपित अंगूठे में रक्त संचार की लगातार निगरानी की गई। कोई जटिलता सामने नहीं आई और मरीज को छुट्टी दे दी गई। फिलहाल वह सामान्य रूप से चल-फिर पा रहा है और प्रत्यारोपित अंगूठा भी संतोषजनक ढंग से काम कर रहा है। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आरके धीमन ने चिकित्सकीय टीम को बधाई देते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता भविष्य में संस्थान में समर्पित हैंड ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित करने की दिशा में अहम कदम साबित होगी।

उप मुख्यमंत्री ने कौशाम्बी में की विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

ग्राम चौपाल के माध्यम से जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता



लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री ने कौशाम्बी में टेक होम राशन टीएचआर प्लांट की स्थापना के लिए कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने के निर्देश दिए। जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए, जिससे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकें।श्री मौर्य ने ग्राम चौपालों का नियमित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम चौपाल ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनें। अधिकारी गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनें और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया ताकि कोई पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।उप मुख्यमंत्री ने मां शीतला अतिथि गृह, सयारा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी , भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल महाराजा बिजली पासी , महात्मा गौतम बुद्ध तथा चक्रवर्ती सम्राट अशोक की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

दीपोत्सव के बाद बजरंगबली की शरण में पहुंचे मुख्यमंत्री

हनुमानगढ़ी में टेका माथा, श्रीरामलला की उतारी आरती

रामनगरी में गोरक्षपीठाधीश्वर ने की पूजा-अर्चना, प्रदेश की खुशहाली की मांगी कामना

संवाददाता

लखनऊ । दसवें दीपोत्सव-2026 के सफल भव्य आयोजन के बाद रविवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी के प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। दिन की शुरुआत उन्होंने संकट मोचन हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर की। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के बीच पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने श्रीराम भक्त हनुमान से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और प्रभु श्रीरामलला के समक्ष श्रद्धापूर्वक नमन किया।गोरक्षपीठाधीश्वर के हनुमानगढ़ी पहुंचते ही पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। संतों एवं पुजारियों ने पारंपरिक रीति से उनका स्वागत किया। संकट मोचन के समक्ष माथा टेककर विधिवत आराधना की और प्रदेश में सुख-शांति, खुशहाली तथा जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। दसवें दीपोत्सव के भव्य आयोजन के बाद रामनगरी में उनका यह धार्मिक प्रवास श्रद्धा और आस्था के भावों से परिपूर्ण रहा।हनुमानगढ़ी में दर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोवर्धन पूजा कर प्रदेशवासियों एवं गोपालकों को दी बधाई

गोवर्धन पूजा भारत की कृषि प्रधान और ऋषि परम्परा का महत्वपूर्ण पर्व-योगी

संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोवर्धन पूजा कर प्रदेशवासियों एवं गोपालकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीपावली के उपरान्त गोवर्धन पूजा भारत की कृषि प्रधान और ऋषि परम्परा का महत्वपूर्ण पर्व है। भारत जैसे धर्मप्राण एवं कृषि प्रधान देश में गाय हमारी संस्कृति, परम्परा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। प्राचीन काल से ही भारतीय परम्परा में गाय और गोवंश के महत्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी परम्परा का निर्वहन दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा के रूप में किया जाता है। गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन और समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। गाय अपने आपमें समृद्धि का खजाना है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति में गाय और गोवंश की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस भी समाज और परम्परा में गाय तथा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ईमानदारीपूर्वक प्रयास किए जाते हैं, वहां सुख और समृद्धि का मार्ग स्वतः प्रशस्त होता है। भारतीय संस्कृति में गो-सेवा को पुण्य और लोककल्याण का माध्यम माना गया है। गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर अभिनव कार्यक्रम प्रारम्भ किये हैं। हमें हर हाल में गाय की रक्षा करनी है। गोवंश के संरक्षण के साथ-साथ उसकी नस्ल सुधार की दिशा में भी प्रभावी प्रयास करने होंगे। प्रदेश में 7,700 से अधिक गो-आश्रय स्थलों के माध्यम से 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय, समुचित देखभाल और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया जाए। प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल निराश्रित गोवंश को आश्रय देना ही नहीं, बल्कि किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा गोवंश को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोडना भी है। राज्य सरकार की सहभागिता योजना के अन्तर्गत कोई भी किसान निराश्रित गो-आश्रय स्थल से गोवंश लेकर उसका पालन-पोषण कर सकता है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक गाय के भरण-पोषण हेतु 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। एक किसान अधिकतम चार गोवंश का पालन कर सकता है। इस प्रकार चार गायों का पालन करने वाले किसान को प्रतिमाह 6,000 रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। योजना के अंतर्गत गोवंश के पालन-पोषण और सम्बन्धित व्यवस्थाओं का सत्यापन भी किया जाता है। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए राज्य सरकार स्वयं भी व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं संचालित कर रही है। प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि भारतीय परम्परा में भोजन का पहला ग्रास गाय तथा अंतिम ग्रास स्वान के लिए निकालने की परम्परा रही है।

छठ पूजा पर एक्सप्रेसवे पर बढ़ेगा यातायात का दबाव

यात्रियों की सुविधा के लिए यूपीडा ने किए विशेष इंतजाम

संवाददाता

लखनऊ । त्योहारों का उत्साह, अपनों से मिलने की उमंग और घर पहुंचने की खुशी के बीच प्रत्येक यात्री की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर बढने वाले यातायात के दबाव को देखते हुए योगी सरकार ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे पर अतिरिक्त संसाधनों के साथ पूरी क्षमता से व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। यातायात के सुचारु संचालन, सडक़ सुरक्षा और यात्रियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यातायात दबाव को देखते हुए सडक़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।यूपीडा ने वाहन चालकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या बढने के कारण कुछ स्थानों पर अतिरिक्त प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

कर्ज के बोझ ने उजाड़ दिया हंसता-खेलता परिवार

पत्नी की गला घोंटकर हत्या, दो बेटियों को भी मारने की कोशिश

- बड़ी बेटी ने कमरे में छिपकर बचाई जान
- छोटी बेटी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में जिंदगी व मौत से जूझ रही, आरोपी पति गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



कर्ज का बोझ और आए दिन होने वाले घरेलू विवाद ने आखिरकार एक हंसते-खेलते परिवार को ऐसी त्रासदी में धकेल दिया, जिसकी कल्पना से ही रूह कांप उठे। जिस घर में कभी बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां सोमवार की आधी रात चीख-पुकार और मातम पसर गया। आरोप है कि कर्ज को लेकर चल रही कलह के बीच एक पति ने अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपनी दो मासूम बेटियों को भी मौत के घाट उतारने की कोशिश की। बड़ी बेटी ने किसी तरह कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाई, जबकि छोटी बेटी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना रौजा क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी गली नंबर 16 की है। पुलिस के अनुसार, कमलेश कुमार गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता उर्फ पहाड़ी पर आरोप है कि सोमवार देर रात करीब एक बजे उसने अपनी पत्नी सीमा गुप्ता (42) की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपनी 16 वर्षीय बेटी कोमल उर्फ अनन्या और 12 वर्षीय बेटी अंजली को भी मारने का प्रयास किया। बताया जाता है कि पिता के खौफनाक इरादों को भांपकर बड़ी बेटी कोमल उर्फ अनन्या किसी तरह भागकर एक कमरे में पहुंची और खुद को अंदर से बंद कर लिया। इस तरह उसने अपनी जान बचाई। वहीं छोटी बेटी अंजली आरोपी के हाथ लग गई। आरोप है कि उसने उसका भी गला घोंटने का प्रयास किया, जिससे वह बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने अंजली को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में रखा गया है, जहां वह जिंदगी की जंग लड़ रही है।

एक रात में उजड़ गई मां-बेटियों की दुनिया: इस घटना का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि मां की मौत के बाद दोनों बेटियों के सिर से ममता का साया उठ गया। बड़ी बेटी ने अपनी आंखों के सामने परिवार को बिखरते देखा और किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि छोटी बेटी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। जिस पिता से बेटियों को सुरक्षा और स्नेह मिलना चाहिए था, उसी पर उन्हें मौत के मुंह में धकेलने का आरोप है।

सूचना देने में भी हुई देरी: मेडिकल कॉलेज पहुंचे मृतका के भाई अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना रात करीब एक बजे की है, लेकिन ससुराल पक्ष की ओर से उन्हें तत्काल कोई सूचना नहीं दी गई। रात करीब तीन बजे भांजी के माध्यम से बहन के साथ हुई अनहोनी की जानकारी मिली। इसके बाद वह परिजनों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। सूचना देने में हुई देरी को लेकर उन्होंने नाराजगी भी जताई।



पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य: वारदात की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सदर, थानाध्यक्ष रौजा उमेश कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने मार्चुरी व घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कमलेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।



कर्ज की कलह ने छीन ली परिवार की खुशियां: बताया जा रहा है कि परिवार में कर्ज को लेकर आए दिन विवाद होता था। इसी घरेलू कलह ने सोमवार की रात भयावह रूप ले लिया। हालांकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों और पूरे घटनाक्रम की पुलिस जांच कर रही है। एक महिला की मौत, एक बेटी का अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष और दूसरी बेटी के मन पर पड़े इस हादसे के गहरे जख्म ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। एक ही रात में एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं।

पत्नी को मुखाग्नि देते समय फूट-फूटकर रोया हत्यारोपी पति



रोजा, शाहजहांपुर। आदर्श नगर कॉलोनी में पत्नी सीमा की बिजली के तार से गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी पति कमलेश गुप्ता का मंगलवार को एक अलग ही रूप देखने को मिला। जिस पति पर पत्नी

- पुलिस अभिरक्षा में रोजा मोक्ष धाम पहुंचा कमलेश, पत्नी के शव से लिपटकर बहाए आंसू

की हत्या का आरोप है, वही उसके अंतिम संस्कार के समय फूट-फूटकर रोने लगा। मंगलवार शाम रोजा स्थित मोक्ष धाम पर सीमा का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने परिवार की मांग पर हत्यारोपी कमलेश को अपनी अभिरक्षा में श्मशान घाट पहुंचाया। वहां उसने पत्नी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। पत्नी के शव के पास पहुंचते ही कमलेश अपने आंसू नहीं रोक सका। वह सीमा के शव से लिपटकर बिलखने लगा। कुछ देर तक वह रोता रहा। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद परिजन और अन्य लोगों की आंखें भी नम हो गईं। एक ओर सीमा के परिजन उसकी असमय मौत से गमगीन थे, तो दूसरी ओर पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कमलेश पुलिस की निगरानी में उसे अंतिम विदाई दे रहा था। जिस रिश्ते के साथ दोनों ने जीवन बिताने का संकल्प लिया था, उसका अंत रोजा मोक्ष धाम में बेहद दर्दनाक माहौल के बीच हुआ।

बेटियों को भी मारना चाहता था पिता, शीशा तोड़कर बचाई बड़ी बेटी की जान

- बेटी की चीख-पुकार सुनकर ऊपर पहुंचे परिजन
- आरोपी पत्नी और दोनों बेटियों को मौत के घाट उतारने के बाद खुद भी कर सकता था खुदकुशी

अमरदीप रस्तोगी



रोजा-शाहजहांपुर। एक मां की जिंदगी छीनने के बाद दो बेटियों को भी मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। सोमवार की आधी रात आदर्श नगर कॉलोनी की गली नंबर 16 में जो कुछ हुआ, उसने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पिता अपनी दोनों बेटियों की जान लेने पर आमादा हो गया। बड़ी बेटी की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने खिड़की का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला। समय रहते परिजन नहीं पहुंचते तो एक और जिंदगी खत्म हो सकती थी। बताया जाता है कि कमलेश गुप्ता ने बिजली के तार से गला घोंटकर अपनी पत्नी सीमा की हत्या कर दी। इस भयावह मंजर को देखकर बड़ी बेटी कोमल उर्फ अनन्या किसी तरह भागकर दूसरे कमरे में पहुंची और खुद को अंदर बंद कर लिया। वहीं छोटी बेटी अंजली आरोपी के हाथ लग गई। आरोप है कि कमलेश ने उसका भी गला घोंट दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेटी को मृत समझकर आरोपी कमरे में पहुंचा और बड़ी बेटी कोमल को भी मारने की कोशिश करने लगा। इसी बीच कमरे से कोमल की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग ऊपर की मंजिल पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण उन्होंने खिड़की का शीशा तोड़ा और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। छोटी बेटी अंजली को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।



तीनों को मारकर खुद भी दे सकता था जान: परिवार के लोगों और आसपास के लोगों के बीच यह चर्चा है कि आरोपी जिस तरह एक के बाद एक अपनी पत्नी और बेटियों को निशाना बना रहा था, उससे आशंका जताई जा रही है कि वह तीनों की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या कर सकता था। हालांकि आरोपी की ऐसी कोई मंशा थी या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

एक मां की मौत, बेटियों के सिर से उठा ममता का साया: इस घटना ने परिवार की खुशियां एक ही रात में छीन लीं। जिस मां की गोद में दोनों बेटियों का बचपन बीता, वह अब इस दुनिया में नहीं है। बड़ी बेटी ने अपनी सूझबूझ और परिजनों की मदद से जान बचाई, जबकि छोटी बेटी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। जिस पिता से बेटियों को सुरक्षा मिलनी चाहिए थी, उसी पर उनकी जान लेने की कोशिश का आरोप है। घर की चारदीवारी में घटी इस घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है।

खबरें एक नजर में

जरियनपुर के देशी शराब ठेके पर हंगामा सेल्समैन पर दबंगई का आरोप

जलालाबाद, शाहजहांपुर। जरियनपुर स्थित देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन की दबंगई का मामला प्रकाश में आया है। एक ग्राहक ने ठेके पर तैनात सेल्समैन सुशील यादव पर गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप लगाया है। ग्राहक ने ओवररेटिंग व मिलावट के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जाता है कि सोमवार रात करीब पौने ग्यारह बजे ग्राहक शराब लेने पहुंचा था। आरोप है कि विरोध करने पर सेल्समैन आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ग्राहक ने मामले की सूचना क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक मधु तिवारी को दी। पीड़ित का दावा है कि निरीक्षक ने वीडियो देखने के उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया था, परंतु 24 घंटे व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से क्षुब्ध पीड़ित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उधर, आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा मामले में अब तक जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

चार शिकायतों में निस्तारण रहा शून्य



शाहजहांपुर। नगर निगम में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में शासन की महत्वाकांक्षी पहल संभव के अंतर्गत जनसुनवाई का आयोजन किया गया।नगर आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर 4 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें दीवार निर्माण, सफाई कर्मचारियों के भुगतान, निर्माण कार्य तथा नाली की सफाई एवं कूड़ा उठवाने से संबंधित शिकायतें शामिल रही। नगर आयुक्त ने प्राप्त शिकायतों के समाधान को अधिकारियों को निर्देश दिए तथा शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई में 4 शिकायतों में से निस्तारण शून्य रहा और सभी शिकायतें लंबित रही। नगरायुक्त ने कहा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

शासन-प्रशासन से न्याय की मांग



शाहजहांपुर। ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी स्व- राजेश सिंह की तालाब में डूबने से हुई दुखद मृत्यु के बाद उनके परिवार की स्थिति दयनीय है। परिवार बेहद गरीब है, रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिवार को दो वक्त का भोजन जुटाना भी मुश्किल होता है। इसकी जानकारी प्राप्त होने पर सपा नेता एवं ददरौल विधानसभा से संभावित उम्मीदवार लखन प्रताप सिंह ने गांव जाकर पीड़ित परिवार का दर्द जाना। उन्होंने कहा कि मेरी उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग है कि पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा, पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए तथा तीनों बच्चों की बेहतर शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। गरीब परिवार को न्याय और सहायता दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है।

डॉ. जसपाल सिंह के पिता मलकीत सिंह का निधन



पुवायां, शाहजहांपुर। गांव डेल खेड़ा निवासी डॉ. जसपाल सिंह के पिता मलकीत सिंह (92) का रविवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार मलकीत सिंह काफी समय से वृद्धावस्था से ग्रस्त थे। रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे चार पुत्र डॉ. जसपाल सिंह, बलविंदर सिंह, त्रिलोक सिंह, गुरबख्श सिंह, पुत्री बलवीर कौर, पौत्र गुरदेव सिंह, तरसेम सिंह, लवप्रीत सिंह व पौत्री जशनदीप कौर समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर किसानों ने बंद कराई तौल

समृद्धि न्यूज, सिधौली, शाहजहांपुर।



गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर किसान यूनियन और हिंदू युवा वाहिनी के नेतृत्व में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सिधौली क्षेत्र के बिलंदपुर स्थित गरगैया गन्ना सेंटर पर किसानों ने गन्ने की तौल बंद करा दी। किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक वे अपना गन्ना सेंटर पर नहीं डालेंगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अधिकारियों से मांग की कि गन्ना सेंटर पर गन्ने की उतराई और तौल तत्काल बंद कराई जाए। किसानों का कहना था कि वर्तमान गन्ना मूल्य उनकी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। उन्होंने गन्ने का समर्थन मूल्य 400 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग उठाई। किसानों ने यह भी मांग की कि गन्ना तौलने वाले कांटों की अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए, जिससे किसानों के गन्ने की सही तौल सुनिश्चित हो सके। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे गन्ना आपूर्ति नहीं करेंगे। इस दौरान शुभम मिश्रा, दीपक मिश्रा, सोनू मिश्रा, अमन पटेल, विकास मिश्रा, रामवीर पाल, शिवरतन, हिमांशु सिंह, राजीव कुमार, रिंकू पाल, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

दीपोत्सव पर दीपों से जगमगाया हनुमतधाम का पूरा परिसर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



नगर निगम शाहजहांपुर की ओर से जोन 04 वार्ड 12 स्थित हनुमत धाम पर सोमवार को भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर को मिट्टी के दीपों, रंग-बिरंगी लाइटों और पुष्पों से सजाया गया था। शाम को मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जिलाधिकारी, महापौर, नगर आयुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप जलाकर क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दीपों की जगमगाहट से हनुमत धाम पूरी तरह आलोकित हो गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ दीपोत्सव मनाया। उपस्थित लोगों ने इसे आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर को दीपोत्सव के अवसर पर इसी प्रकार सजाया जाएगा और विभिन्न वार्डों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मिर्जापुर के मुख्य चौराहे पर लगा भीषण जाम, जाम खुलवाने में पुलिस का छूटा पसीना

समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।



कस्बे के मुख्य चौराहे पर भैयादूज के पर्व पर फुटपाथ तक सजी मिठाई और फलों की दुकानें सजी हुईं हैं। दुकानों के आगे हाइवे पर सवारियों के इंतजार में खड़े डग्गामार वाहनों से भयंकर जाम लग गया। इस जाम में गंभीर रोगी को हायर सेंटर ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस गई। चौराहे पर तैनात पुलिस पिकेट ने जैसे तैसे एम्बुलेंस को निकलवाकर गंतव्य की ओर रवाना किया। मुरादाबाद - फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे और ढाईघाट - कीलापुर चौराहे पर मंगलवार को भयंकर जाम लग गया। दर्जनों वाहन हाइवे पर आड़े तिरछे होकर फंस जाने से यात्री परेशान हो गए। इस भयंकर जाम में गंभीर रोगी को लेकर हायर सेंटर जा रही एक एम्बुलेंस भी फंस गई। जिससे रोगी के परिजनों और देखने वालों का किसी अनहोनी को लेकर कलेजा कांप गया।।चौराहे पर तैनात पुलिस पिकेट के पुलिसकर्मियों ने जैसे तैसे एम्बुलेंस को जाम से निकलवाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। जाम की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह जाम खुलवाया। तब यात्रियों ने राहत की सांस ली। यहां यह बताना जरूरी है कि कस्बे के इस व्यस्तम चौराहे पर दुकानदारों ने अपनी दुकानें फुटपाथ तक सजा रखी हैं। दुकानों के आगे हाइवे पर ढाईघाट, जलालाबाद,कलान और फर्रुखाबाद जाने वाले डग्गामार वाहन खड़े होकर यात्रियों की प्रतीक्षा करते हैं। जिससे इस चौराहे पर आए दिन जाम लगता रहता है। मंगलवार और बुधवार दोनों दिन भैयादूज का त्यौहार मनाए जाने से तमाम दुपहिया और चार पहिया वाहनों के चलने से हाइवे पर भीड़ बढ़ गई है। जिससे जाम लगना स्वाभाविक है। पुलिस प्रशासन की चाहिए चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात दिलवाने के लिए शीघ्र ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगवाई जाए।

भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष अश्वनी कुमार का अंतिम संस्कार, उमड़ा जनसैलाब

जैतीपुर, शाहजहांपुर। मरेना गांव निवासी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह (40) का बीमारी के चलते सोमवार को बरेली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मरेना में किया गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक पहुंचे। अश्वनी कुमार सिंह अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उनके पिता राजकुमार सिंह, जो मरेना गांव के पूर्व प्रधान एवं जैतीपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं, ने अपने पुत्र को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश यादव,अजय विक्रम, शिवम विक्रम, अभिनव विक्रम सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से अश्वनी कुमार सिंह को अंतिम विदाई दी और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। अश्वनी कुमार सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल है। लोगों ने उन्हें मिलनसार और सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



महिला पत्रकार के समर्थन में लामबंद हुए पत्रकार कोतवाली पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

शाहजहांपुर। महिला पत्रकार जोया खान के साथ कोतवाली परिसर में कथित अभद्रता और धमकी का मामला तूल पकड़ गया है। महिला पत्रकार के समर्थन में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले दर्जनों पत्रकार बुधवार को कोतवाली पहुंचे। पत्रकारों ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष कुलदीप दीपक और महामंत्री शिवकुमार के नेतृत्व में पत्रकारों ने कोतवाल को पूरे मामले से अवगत कराया। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।



इस दौरान पत्रकारों ने कोतवाली परिसर में पत्रकार एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष कुलदीप दीपक ने कहा कि किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए हमेशा खड़ा है। महामंत्री शिवकुमार ने कहा कि महिला पत्रकार के साथ हुई घटना निंदनीय है। संगठन पीड़ित पत्रकार के साथ है और न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगा।

नगर पालिका की कीमती जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में भूमाफियाओं के हौसले किस हद तक बुलंद हैं, इसकी बानगी सरदार नगर वार्ड में देखने को मिली। नगर पालिका की बेशकीमती सरकारी भूमि पर चुपके से अवैध निर्माण कराए जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने फौरन एक्शन लिया और मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया।

सूत्रों के अनुसार, वार्ड सरदार नगर स्थित नगर पालिका की इस सार्वजनिक भूमि पर पिछले कुछ दिनों से अवैध रूप से कब्जा करने और अनधिकृत निर्माण कराने की सुगबुगाहट चल रही थी। जैसे ही इसकी भनक नगर पालिका अधिकारियों तक पहुँची, प्रशासन ने बिना कोई देर किए तुरंत एक टीम गठित कर मौके पर भेजी।नगर पालिका के कर्मचारी नितिन शर्मा और साहिल जब भारी प्रशासनिक सतर्कता के साथ सरदार नगर वार्ड में पहुंचे, तो वहां अवैध निर्माण का काम तेजी से चल रहा था। टीम ने मौके का जायजा लिया और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य को रुकवा दिया। अधिकारियों की इस त्वरित कार्रवाई से भूमाफियाओं और अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है। सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण देश भर के शहरी निकायों के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परशुरामपुरी जलालाबाद में जिस तरह से नगर पालिका प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई है, उसकी स्थानीय स्तर पर काफी सराहना हो रही है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों में कड़े कदम न उठाए जाएं, तो सरकारी जमीनों पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे स्थाई रूप ले लेते हैं। फिलहाल नगर पालिका की टीम ने काम रुकवाकर स्थिति को अपने नियंत्रण में ले लिया है। अब यह जांच का विषय है कि इस सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कराने के पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे और उन्हें किसका संरक्षण प्राप्त था। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, मामले की गहराई से जांच की जा रही है और अभिलेखों की पड़ताल के बाद यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उस पर सख्त विधिक कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। इस घटना के बाद से क्षेत्र के भूमाफियाओं में खौफ का माहौल है।

शुभ दीवाली: घर-प्रतिष्ठानों पर श्री लक्ष्मी-गणेश की गई पूजा अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में दीपावली पर लोगों ने शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की। लोगों ने उपरिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को सजाया गया।

सुबह से ही घरों में साफ-सफाई और सजावट का काम चलता रहा। महिलाओं ने मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई और दीप जलाए। शाम होते ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में रंग-बिरंगी झालरें जगमगाने लगीं। परिवार के सदस्यों ने साथ बैठकर पूजा की। मां लक्ष्मी को फल, फूल, मिठाई, खील-बताशे और पकवान चढ़ाए गए। भगवान गणेश की पूजा कर विघ्न-बाधाएं दूर करने की प्रार्थना की गई। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में बही-खातों और धन की पूजा की। पूजा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।बच्चों, युवाओं ने आतिशबाजी की। देर रात तक घरों और बाजारों में दीप जलते रहे और पटाखों की आवाज सुनाई देती रही। पूरे जिले में दीपावली परंपरा और धार्मिक आस्था के साथ मनाई गई। वही डीएम कंपाउंड में जिलाधिकारी आवास, एसपी आवास, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त, सीडीओ, नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट समेत अन्य सरकारी बंगलों पर दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। अधिकारियों ने परिवार के साथ पूजा अर्चना की।





मानवता ने मलिन बस्तियों के बच्चों संग मनाई दीपावली

उपहार और मिठाई बांटकर बांटी खुशियां

शाहजहांपुर। खुशियां केवल अपने घरों को रोशन करने से नहीं, बल्कि किसी और के जीवन में मुस्कान लाने से भी मिलती हैं। इसी भाव के साथ मानवता वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस दीपावली पर मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपों का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था के सदस्यों ने बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी और उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों के बीच दीपावली का उत्साह देखते ही बन रहा था। उपहार और मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था का प्रयास रहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे।उल्लेखनीय है कि मानवता वेलफेयर सोसायटी विगत छह वर्षों से मलिन बस्तियों में शिक्षा की अलख जगा रही है। संस्था द्वारा जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, उन्हें विद्यालयों तक पहुंचाने, शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य पाने का समान अवसर मिलना चाहिए।

संस्था के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे आसपास रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुशियों में सहभागी बने। समाज के उन बच्चों तक पहुंचना, जिन्हें अक्सर हमारी खुशियों और उत्सवों में जगह नहीं मिल पाती, संस्था के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा उद्देश्य केवल एक दिन खुशियां बांटना नहीं, बल्कि इन बच्चों के जीवन में शिक्षा और अवसरों के माध्यम से स्थायी उजियारा लाना है। नीरा श्रीवास्तव, मो. शादान, सृष्टि मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा, शगुन सक्सेना, किरण वर्मा, आमिर एवं प्रीत कौर सहित संस्था सदस्य उपस्थित रहे।



गोवर्धन पूजा पर कान्हा गौशाला में आयोजन, विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने किया गोवंशों का पूजन

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।



गोवर्धन पूजा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आज नगर पंचायत कांट स्थित कान्हा गौशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र 136, ददरौल के लोकप्रिय विधायक श्री अरविन्द कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक गोवंशों का पूजन कर गौसेवा की कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक द्वारा गौ माता का पूजन-अर्चन कर किया गया। उन्होंने गोवंशों को माला पहनाई, तिलक लगाया, आरती उतारी और उन्हें चना, गुड़, केले एवं हरा चारा खिलाया पूजन के उपरांत विधायक ने गौशाला परिसर में कदंब के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को कदंब का वृक्ष अत्यंत प्रिय था। गोवर्धन पूजा का पर्व हमें प्रकृति, पर्यावरण और गोवंश के संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने की अपील की। विधायक अरविंद कुमार सिंह द्वारा गौशाला में स्थापित आधुनिक चारा काटने वाली मशीन का विधिवत शुभारंभ किया गया। उन्होंने स्वयं मशीन में चारा डालकर चारा काटा उन्होंने कहा कि इस मशीन के लगने से अब गौशाला में गोवंशों को समय पर और बेहतर गुणवत्ता का चारा मिल सकेगा तथा गौशालाकर्मचारियों का कार्य भी सुगम होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गौवंशों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ददरौल विधानसभा क्षेत्र की सभी गौशालाओं में गोवंशों के चारे, पानी, चिकित्सा और रख-रखाव की बेहतर व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कान्हा गौशाला को और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा, जिससे यहाँ रह रहे गोवंशों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नूरजहां एवं कर्मचारियों की भी सराहना की, सभासदगण भाजपा कार्यकर्ता, गौशाला के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजा पर भगवान श्रीकृष्ण की हुई विधि विधान से आराधना, लगाया गया छप्पन भोग

मंदिरों व घरों में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामन

शाहजहांपुर। दीपावली के अगले दिन मनाया जाने वाला गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन स्वरूप की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा की गई।

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाया था। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। इस दिन भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के पकवान, फल और मिठाइयां 56 भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया। पर्व के माध्यम से प्रकृति, गौवंश और अन्न के प्रति कृतज्ञता का संदेश भी दिया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन और विशेष पूजा-अर्चना के आयोजन हुए।



खबरें एक नजर में

त्योहार: 17 तक ड्राइवर-कंडक्टर की छुट्टी रद्द

शाहजहांपुर। त्यौहारों के दृष्टिगत यात्रियों की सुविधा को दीपावली, भाईदूज व से छठ पूजा तक यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन निगम ने विशेष तैयारियां की हैं। यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए छह नवंबर से 17 नवंबर तक चालक, परिचालक और अन्य कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश दिया जाएगा। रोडवेज एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि शाहजहांपुर डिपो में निगम की 148 और अनुबंधित 69 बसें हैं। त्योहार के दौरान लंबे रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। दिल्ली रूट पर 60 से 70 बसों का संचालन किया जाएगा। चालक 350 व परिचालकों की संख्या भी 350 है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। परिवहन निगम का प्रयास है कि त्योहार के दौरान किसी भी यात्री को बसों की कमी या आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

ट्रेन की चपेट में आकर 17 वर्षीय किशोर की मौत

रोजा,शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के सल्यिां गांव के पास मंगलवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आकर 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची रोजा जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सल्यिां गांव निवासी राजेश कुमार का पुत्र आशीष कुमार (17) मंगलवार दोपहर सीतापुर की ओर से रोजा आ रही किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। इसके बाद रोजा जीआरपी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।परिजनों के अनुसार, आशीष का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। वह कभी-कभी शराब का नशा भी कर लेता था। हालांकि, किशोर ट्रेन की चपेट में किन परिस्थितियों में आया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जीआरपी ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मछली पकड़ने गए युवक की तलब में डूबने से मौत

तिलहर - शाहजहांपुर। मछली पकड़ने गए युवक की तलब में डूबने से मौत हो गई। यह खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को खोजकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। नगरिया मोड़ चौकी क्षेत्र के गांव खान पुर कोयला पट्टी निवासी राजेश सिंह उर्फ रजनीश सिंह पुत्र छोटे सिंह 36 दीपावली के अगले दिन सुबह करीब नौ बजे गांव से सटे तालाब में मछली पकड़ने गए थे। जहां गहरे पानी में पहुंच जाने से वह डूब गए। अन्य लोगों ने राजेश के डूबने की खबर उनके परिवार को दी। तालाब से शव निकाले जाने के बाद नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने शव का पोस्टमार्टम कराया। दीपावली त्यौहार पर ऐसी दर्दनाक घटना से घर में कोहराम मच गया।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो मैकेनिक गंभीर रूप से घायल, सीएचसी में भर्ती



सिंधौली, शाहजहांपुर। सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे मुर्छा मोड़ के पास हाईवे पर कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिंधौली भेजा। जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर के पुतू लाल चौराहा निवासी मैकेनिक जीशान और इसरार सोमवार सुबह स्कूटी से सिंधौली क्षेत्र के गांव जमुनिया में आसिफ प्रधान के घर जा रहे थे। इसी दौरान मुर्छा मोड़ के पास शाहजहांपुर की ओर से पुवायां की तरफ जा रही एक कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सिंधौली भिजवाया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

अनियंत्रित मोपेड गिरने से चालक गंभीर घायल



तिलहर-शाहजहांपुर। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में मोपेड अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे मोपेड चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को ग्राम रोशनपुर निवासी 26 वर्षीय देशराज अपनी मोपेड से तिलहर से घर जा रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उनकी मोपेड अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बच्चों के मामूली विवाद ने लिया मारपीट का रूप घर में घुसकर परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम खंडहर में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को लेकर एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता वंदना पुत्री नन्हेलाल ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, घर के सामने बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच हुए विवाद में जब परिवार के लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो गांव के ही पप्पू और गुल्लू पुत्रगण रामनिवास, पूजा पत्नी रामनिवास, सुनीता पत्नी गुल्लू तथा रामनिवास पुत्र जागन कथित तौर पर आक्रोशित हो गए। आरोप है कि सभी लोग लाठी-डंडों से लैस होकर पीड़िता के घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता के पिता नन्हेलाल को भी बेरहमी से



पीटने और धक्का देकर जमीन पर गिराने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पीड़ित परिवार ने कहीं भी शिकायत की तो महिलाओं से छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में झूठा मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें फंसा दिया जाएगा। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच की बात कही जा रही है।

एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता तिलहर विस से भाजपा के बने दावेदार

बूथ अध्यक्षों को गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने कहा कि किसी प्रत्याशी की नहीं कमल निशान की जीत होती है। आगामी विधान सभा चुनाव भी प्रत्याशी के चेहरे पर नहीं बल्कि भाजपा के कमल निशान को ध्यान में रखकर जिताना है। डॉ श्री गुप्ता यहां बजरिया बाली धर्मशाला में बूथ अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत दो विधान सभा चुनावों में उन्होंने पार्टी से टिकट दिए जाने का आवेदन किया था। लेकिन किन्हीं स। समीकरणो के कारण उन्हें टिकट नहीं मिल पाया। इस बार भी उन्होंने टिकट के लिए आवेदन किया है। उन्होंने जातिगत समीकरण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शहर सीट पर माननीय मंत्री जी लगातार नौ बार विधायक चुने गए। उनकी बिरादरी के वोटों की संख्या किसी से छिपी नहीं है। चुनाव में कम और व्यवहार बोलता है। एमएलसी ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख बनाएं। जिससे वोटर लिस्ट के पन्ने में दर्ज मतदाताओं की पहचान कर वोट डाले जा सकें। इस मौके पर नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता के संचालन में देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, संजय पाठक, डोडरम कुशवाहा ने भी विचार व्यक्त करते हुए बूथ अध्यक्ष व मौजूद कार्यकर्ताओं व सभासदों को उत्साहित किया। एमएलसी डॉ गुप्ता ने सभी बूथ अध्यक्ष, पार्टी से जुड़े सभासद गण व मीडिया कर्मियों को गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया। सभी के सहभोज की भी व्यवस्था रही। कार्यक्रम में हेतराम गंगवार, सुशील बाबू गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अशोक गुप्ता एडवोकेट, संजीव गुप्ता, पंकज गुप्ता, सभासद अभिषेक सिंह, सुशील सिंह, संदीप रस्तोगी, प्रिंस गुप्ता, हितेश गुप्ता रिंकू, राजेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आशीष शर्मा, सविता रानी पटेल, चंद्रकांता त्रिवेदी, अलका गुप्ता, प्रीति खत्री, गायत्री श्रीवास्तव समेत तमाम लोग शामिल रहे।

दीपावली पर आठ करोड़ की शराब गटक गए शौकीन

शाहजहांपुर। दीपावली के त्योहार पर जिले में जमकर जाम छलके। खुशियों के इस पर्व पर शराब की दुकानों पर भी खूब रौनक रही। आलम यह रहा कि महज तीन दिनों में जिले के लोग करीब 7.5 से 8 करोड़ रुपये की शराब गटक गए। आम दिनों के मुकाबले दीपावली पर शराब की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जनपद में सामान्य दिनों

- खूब छलके जाम तीन दिन में 8 करोड़ शराब की बिक्री हुई
- आम दिनों के मुकाबले दोगुनी हुई शराब की बिक्री आबकारी विभाग को मिला 7.5 से 8 करोड़ रुपये का राजस्व

में प्रतिदिन करीब 1.5 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री होती है। इस हिसाब से तीन दिनों में सामान्य बिक्री का आंकड़ा करीब 4.5 करोड़ रुपये होना चाहिए था, लेकिन दीपावली के अवसर पर छह से आठ नवंबर के बीच शराब की बिक्री बढ़कर 7.5 से 8 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। त्योहारी माहौल में शराब की मांग में अचानक आए उछाल से आबकारी विभाग को भी अच्छा राजस्व मिला। सामान्य दिनों की तुलना में तीन दिन में करीब तीन से साढ़े तीन करोड़ रुपये अधिक की शराब की बिक्री दर्ज की गई। आंकड़े बताते हैं कि दीपावली पर लोगों ने खुशियां मनाने के साथ जाम छलकाने में भी जमकर खर्च किया।

किराना दुकान मे लगी आग, गोदाम व मकान जलकर राख

समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।

कस्बे के मोहल्ला मुगलान में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अंसार अहमद की किराना दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के साथ गोदाम तथा मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठती देखकर मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि किराना दुकान में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने इतना भयानक रूप ले लिया कि दुकान में रखा किराने का सामान तेजी से जलने लगा। आग की लपटें दुकान से गोदाम और मकान तक पहुंच गईं। कुछ ही देर में आग ने तीनों स्थानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता के चलते परिवार और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत की। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक दुकान, गोदाम और मकान में रखा काफी सामान जलकर राख हो चुका था।इस भीषण अग्निकांड में अंसार अहमद को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकान में रखा व्यापारिक सामान, गोदाम में जमा माल और मकान का घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। परिवार की वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी आग में स्वाहा होने से पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आग से हुए नुकसान का वास्तविक आकलन अभी नहीं हो सका है, लेकिन नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्रधानी चुनाव की रंजिश में दो पक्षों में जमकर हुआ पथराव

आठ घायल, गम्भीर घायल महिला जिला अस्पताल रेफर

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।



प्रधानी चुनाव की रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। जिसमें महिला समेत आठ लोग घायल हो गए। जिसमें गंभीर घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम ग्राम धनेला में प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इसमें पहले पक्ष से वर्तमान प्रधान राकेश वर्मा, उनके बेटे विकास और पत्नी हंसमुखी घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से पूर्व प्रधान सुरेंद्र, उनकी बहन विमला देवी, भाई वीरेंद्र, राजेंद्र और बबली घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर हालत को देखते हुए विमला देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को गुलचंपा रेलवे फाटक के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम फाजिलपुर निवासी 40 वर्षीय रमेश गंगवार पुत्र सीताराम के रूप में हुई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोवर्धन पूजा पर्व पर जनपद की गोशालाओं में हुआ गौपूजनोत्सव

- डीएम अंजनी कुमार सिंह ने किया गौपूजन
- मांगी जनपद की सुख समृद्धि की कामना

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



गोवर्धन पूजा पर्व पर मंगलवार को लखीमपुर खीरी की गोशालाएं आस्था, भक्ति और वात्सल्य से सराबोर नजर आईं। शासन के निर्देश पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की पहल पर जिलेभर में गौपूजनोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इसी क्रम में डीएम स्वयं तहसील लखीमपुर के अंतर्गत गो संरक्षण केंद्र लगुचा पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से गौ पूजन किया, उन्हें गुड़, केला एवं हरा चारा खिलाया तथा जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वजन कल्याण की कामना की। इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित जनसमूह को गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाने का संकल्प दिलाया। कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गो-माता की विशेष पूजा किये जाने की परम्परा है। इसी क्रम में जिले के सभी गौ आश्रय स्थलों पर गो-पूजन का आयोजन हो रहा है, जिसमें गोशाला के नोडल अफसर, बीडीओ एवं आमजन भी शामिल हो रहे हैं। गौ अभिलाषित फल देने वाली है, गौ से उत्तम और कोई नहीं है। शासन गो संरक्षण का कार्य कर रहा है। गोवंश सुरक्षित रहें, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रशासक क्षेत्र पंचायत सदर दिव्या सिंह, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुरुद्ध सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी गिरीश कुमार, ग्राम पंचायत के प्रशासक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वही शासन के मंशानुरूप गोवर्धन पूजा पर्व पर डीएम अंजनी कुमार सिंह के निर्देश पर जिलेभर की गोशालाओ में गौपूजनोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम, बीडीओ सहित गोशाला के नोडल अफसरों ने आवंटित गोआश्रय स्थलों में पहुंचकर ग्रामीणों संग गौ माता का पूजन कर माला पहनाई। गायों को गुड़,केला खिलाया।

दीपावली के अवसर पर इस बार एक दीप नशा-विरोधी जंग के नाम

केवल सिंह ढिल्लों

दीपावली केवल दीपों की औपचारिक सजावट या एक दिन के उत्सव का नाम नहीं, बल्कि यह मानवीय चेतना में अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की शाश्वत विजय का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीक है। सदियों से भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में जहां भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने की खुशी में घी के दीप जलाकर नगरवासियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की थी, वहीं सिख इतिहास में यह पर्व 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मानव स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं, शुभकामनाएं सांझी करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। समय के साथ दीपावली मनाने के तरीकों और साधनों में बड़े सामाजिक एवं तकनीकी बदलाव आए हैं। एक समय था जब ग्रामीण कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के छोटे-छोटे दीए हर घर की दहलीज पर सरसों या तिल के तेल से रोशन होते थे। धीरे-धीरे मोमबत्तियों का दौर आया, फिर बिजली के रंग-बिरंगे छोटे बल्बों वाली लडियों ने उनकी जगह ली और आज के तकनीकी युग में एल.ई.डी. लाइटों, लेजर शो तथा आधुनिक प्रोजैक्शन के माध्यम से घरों और विशाल इमारतों को रोशनी से जगमगाया जाता है। उल्लेखनीय है कि दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या की घोर अंधेरी रात को मनाई जाती है। हमारे पूर्वजों ने इसी अंधेरी रात को चुनकर हमें यह शाश्वत संदेश दिया कि अंधकार से डरकर बैठने की बजाय उसके सामने मिट्टी का एक छोटा-सा दीपक जलाकर खड़े होना ही वास्तविक मानवीय साहस है। दीपक की छोटी लेकिन अडिग लौ यह साबित करती है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा और व्यापक क्यों न हो, वह प्रकाश की एक छोटी-सी किरण का सामना नहीं कर सकता। लेकिन पंजाब की वर्तमान वास्तविकता हमारी आत्मा को झकझोर देती है। इस पवित्र धरती को आज नशों के काले अंधकार ने चारों ओर से घेर लिया है। सिंथैटिक ड्रग्स, कैमिकल नशों और दवाइयों के दुरुपयोग के जहरीले प्रभाव से पंजाब के हजारों घरों के चिराग दिन-दिहाड़े बुझ रहे हैं। गांवों की सड़कों और गलियों से जवान बेटों की अर्थियां उठ रही हैं और माताओं की गोद सूनी हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और पंज फाऊंडेशन के अध्ययन के अनुसार, एक दशक में 1,100 से अधिक दर्ज ओवरडोज से मौतें सामने आई हैं, जबकि जमीनी वास्तविकता में असमय मौत का शिकार हुए युवाओं की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नशों का दानव स्कूल जाने वाले बच्चों तक को अपनी चपेट में ले रहा है। इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक और भयावह पहलू यह है कि इस अंधकार का शिकार केवल वे युवा नहीं बन रहे, जो भटकाव या मजबूरी में नशे की दलदल में फंस गए हैं, बल्कि यह काला माफिया उन निडर लोगों के जीवन के दीप भी रक्तपात के जरिए बुझा रहा है, जो इस अंधकार को चुनौती देने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना मैदान में उतरते हैं। इस संदर्भ में हाल ही में मानसा में हुई हिंसक घटना पूरे पंजाब की अंतरात्मा पर एक गहरा घाव है। 13 अक्तूबर, 2026 को मानसा में 'नशा रोको, रोजगार दो' अभियान के प्रमुख कार्यकर्त्ता परविंदर सिंह झोटा की मैडीकल स्टोरों पर अवैध रूप से बेचे जा रहे नशीले कैप्सूलों और गोलियों का फेसबुक लाइव के माध्यम से पर्दाफाश करते समय दिन-दिहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। परविंदर झोटा कोई निजी लड़ाई नहीं लड़ रहे थे, वह तो पंजाब के बुझते हुए चिरागों को बचाने के लिए नशा तस्करों और कालाबाजारियों के गठजोड़ के सामने एक प्रकाश स्तंभ बनकर खड़े थे। इसी प्रकार पंजाब के विभिन्न गांवों में जब भी गांव स्तर पर नशा विरोधी समितियों या जागरूक पंचायतों ने नशा तस्करों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया, तो उन पर भी मुक्तसर और पटियाला जिलों की तरह जानलेवा हमले हुए और समाजसेवियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

ऐसे गंभीर माहौल में क्या हमारी दीपावली केवल मिठाइयां खाने और पटाखे चलाने तक सीमित रह सकती है? जिन घरों के आंगन में चिताएं जल रही हों, वहां रंग-बिरंगी लाइटों का दिखावा हमें शोभा नहीं देता। इसलिए आइए, इस बार दीपावली मनाते हुए जहां हम आपसी खुशियां और प्रेम-प्यार की शुभकामनाएं सांझी करें, वहीं अपने घर की दहलीज पर एक विशेष दीप उन परिवारों के लिए भी जलाएं, जो नशों के काले अंधकार में अपने प्रियजनों को खो चुके हैं और उन युवाओं की आत्मिक शांति के लिए भी, जो असमय मृत्यु का शिकार हुए हैं। एक दीप परमिंदर सिंह झोटा जैसे उन सभी संघर्षशील योद्धाओं की पवित्र स्मृति में जलाएं, जिन्होंने पंजाब के भविष्य को बचाने के लिए अपना खून बहाया। यह दीप केवल मिट्टी और तेल से जुड़ी एक रस्म नहीं होगा, बल्कि नशों के अंधकार के विरुद्ध पंजाबियों की अटूट एकजुटता, सामाजिक संघर्ष में डटे रहने के संकल्प और हर बुझते हुए चिराग को फिर से रोशन करने का दृढ़ प्रण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही 31 दिसम्बर, 2029 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के साथ-साथ पंजाब को भी नशा मुक्त करने का संकल्प लिया है। यह दीप उस राष्ट्रीय मिशन और संकल्प का भी प्रतीक बनेगा।आइए, अंधकार को कोसने की बजाय नशा-मुक्त पंजाब का दीप जलाकर अमावस्या की काली रात को चुनौती दें। इस दीपावली संकल्प लें कि हम अपने पंजाब को नशा-मुक्त, अपराध-मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि पंजाब को केवल रोशनी से सजे घर नहीं, बल्कि खुशहाल परिवार, सुरक्षित युवा और नशे से मुक्त भविष्य चाहिए।

वोट चोरी के खिलाफ विपक्ष की रैली से बदलाव की उम्मीद

जगदीश रत्तनानी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के आंदोलन के सिलसिले में 1 नवंबर को हुई विपक्ष की संयुक्त रैली अहम मोड़ है जो उन्हें बचाने और बढ़ावा देने वाले राजनीतिक आका के खिलाफ भी है। इस स्थिति में, विपक्ष अब मौजूदा चुनाव आयोग के ढांचे के भीतर रहकर काम नहीं कर सकता क्योंकि ऐसा करने पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ उनके आंदोलन की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो जाएगी। 2027 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश और चार अन्य राज्यों में चुनाव होने हैं तो ऐसे में स्थिति बिल्कुल साफ है- या तो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बदलने का कोई रास्ता निकाले (हालांकि ऐसा करने पर उसे भारी शर्मिंदगी झेलनी पड़ेगी क्योंकि सरकार ने खुद ज्ञानेश कुमार का बचाव उनसे कहीं ज्यादा किया है) या फिर विपक्ष उनके नेतृत्व में होने वाले चुनावों से दूर रहे। कई लोगों ने पहले ही मांग की है कि अगर ज्ञानेश कुमार अपने पद पर बने रहते हैं तो चुनावों का बहिष्कार किया जाए। अगर विपक्ष चुनावों का बहिष्कार करता है तो चुनाव एक तमाशा बनकर रह जाएंगे जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। यहां ऐसा कोई भी बीच का रास्ता नहीं है जिससे सरकार अपनी साख बचा सके और काम-काज पहले की तरह चलता रहे। राजनीतिक टकराव के लिहाज से यह एक खतरनाक मोड़ है, और राष्ट्रीय राजनीति में यह एक तरह से करो या मरो की स्थिति है। दोनों ही स्थितियों में सरकार अपने ही बुने जाल में फंस गई है जबकि विपक्ष एक ऐसी लड़ाई में उलझ गया है जिससे पीछे हटना उसके लिए मुमकिन नहीं है। सरकार के लिए आसान रास्ता यह था कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त से कुछ दूरी बनाए रखती या कम से कम दूरी बनाए रखने का दिखावा ही कर लेती। खासकर जब मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यकाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिसका बचाव करना लगभग असंभव है। मतदाता सूची से जुड़ी ये समस्याएं ज्ञानेश कुमार के आने से पहले ही शुरू हो गई थीं- विपक्ष के आरोप 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र चुनावों के समय से ही चले आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर किए बदलावों ने सबूत पीछे छोड़



दिए हैं जिससे यह चोरी साफ तौर पर नजर आ रही है। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन तेज हो रहे हैं, भाजपा की प्रतिक्रिया खुद को सही साबित करने की कोशिश और विपक्ष की आवाज को दबाने वाली रही है। जैसे-जैसे यह धारणा मजबूत होती है कि भाजपा और चुनाव आयोग एक साथ हैं, राज्यों में उसकी चुनावी जीत और 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर भी सवाल उठने लगते हैं। इसी वजह से विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक रैली में पिछले चुनावों को अवैध करार देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर देशद्रोह का आरोप लगाया। मुख्य सवालों पर कहने के लिए कुछ खास न होने के कारण भाजपा नेताओं ने रैली में जुटी भीड़ पर सवाल उठाए और शिकायत की कि इसके कारण लोगों की दिवाली की खरीदारी में खलल पड़ा। यह एक बेकार बचाव था जिसका उद्देश्य लोगों का ध्यान मुख्य चुनाव आयुक्त के मुद्दे से हटाना था। हकीकत यह है कि 1 नवंबर की वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे वाली रैली ने लोगों में एक नई ऊर्जा भर दी है। ज्यादातर लोगों के अनुसार हाल के वर्षों में राजधानी में हुई सबसे बड़ी रैलियों में से यह एक थी। इसमें देश भर से लोग शामिल हुए। यहां तक कि साधुओं का एक समूह भी इसमें मार्च करता दिखा। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बड़े पैमाने पर अलग-अलग तरीकों से मजाक उड़ाया जा रहा है। बहुत ही सोच-समझकर और बेहिसाब संसाधन खर्च कर दस साल में बनायी गयी छवि अब वोट चोरी के मुद्दे पर बहुत तेजी से ढह रही है। मोदी और उनकी पीआर टीम जरूर सोच रही होगी कि ऐसा कैसे हो गया। इसका एक जवाब उनके अपने काम करने के तरीके में छिपा है। बिना सोचे-समझे चीजों को और अपना फायदा देखने वाले कुछ लोगों ने जोर-शोर से प्रचार करने वाले संचार मॉडल को हर स्थिति के लिए एक बेहतरीन तरीका मान लिया था। तब भी यह साफ थाय और अब तो यह बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट हो जाना चाहिए कि जबरदस्ती थोपी गई बातें कभी अच्छा संचार नहीं बन सकतीं। हर जगह छा जाना, बातचीत पर अपना एकाधिकार जमा लेना और बहुत ज्यादा बयानबाजी करना- ये सब कुछ समय के लिए तो शायद सुर्खियां दिला सकते हैं लेकिन इनसे कोई ऐसी चीज नहीं बनती जो लंबे समय तक टिक सके। वैसे इससे मिलने वाला बड़ा सबक खुद भारत के बारे में है और यह वह नहीं है जिसकी लोगों को उम्मीद थी। 2024 की शुरुआत में प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वे में पाया गया कि सर्वे में शामिल 85 प्रतिशत भारतीय एक मजबूत नेता या सेना के शासन को पसंद करते हैं। अध्ययन किए गए 24 देशों में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा था। हर तीन में से दो लोग एक ऐसे मजबूत नेता का समर्थन करते हैं जो संसद या अदालतों के दखल के बिना फैसले ले सके। इस हिसाब से देखा जाए तो एक श्मजबूत नेताश् की छवि को कोई चुनौती नहीं दी जा सकनी चाहिए थी। मोदी को तो इस समय सबसे ऊंचे मुकाम पर होना चाहिए था लेकिन इसके बजाय उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? कुछ लोगों का तर्क है कि इमरजेंसी के बाद कांग्रेस इसलिए नहीं हारी थी कि अभिव्यक्ति की आजादी और संवैधानिक गारंटी छीन ली गई थी बल्कि इसलिए हारी क्योंकि उस समय जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर जबर्दस्ती नसबंदी जैसे कठोर कदम उठाए गए थे। इस नजरिए से देखें तो भारतीयों के लिए लोकतंत्र का महत्व उतना नहीं है जितना आम तौर पर माना जाता है। फिर भी, श्वोट चोरीश् के खिलाफहुआ आंदोलन एक अलग ही तरह के भारत की कहानी बताता है। अगर प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों पर यकीन करें तो हो सकता है कि भारतीय सैद्धांतिक रूप से सख्त शासन को पसंद करते हों लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में मिलने वाले अधिकार बहुत मायने रखते हैं। वोट देने को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने के एक निमंत्रण के रूप में देखा जाता है। पिछले कई दशकों से चुनाव अधिकारी लोगों के दरवाजे तक जाकर नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ते रहे हैं। इसके विपरित एसआईआर के तहत जितनी आसानी से लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। असल में, एसआईआर ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया। निष्पक्ष चुनाव बहुत मायने रखते हैं। भले ही लोगों को चुनावी प्रक्रिया या चुनाव लड़ने और जीतने वाले नेताओं की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें हों, परन्तु जब सत्ता हथियाने और उसे बनाए रखने के लिए खुद सिस्टम के साथ ही छेड़-छाड़ की जाती है तो वे विरोध करने के लिए जरूर खड़े हो जाते हैं। फिर भी देश को कठिन समय के लिए तैयार रहना चाहिए। सोशल मीडिया की पोस्ट हटाने, लोगों को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने से रोकने, भारी पुलिस बल तैनात करने और आंदोलन के बीच ही विरोध प्रदर्शन स्थल के रूप में जंतर-मंतर की मान्यता खत्म करने जैसे संकेत बता रहे हैं कि शिकंजा कसा जा रहा है। लेकिन इन विरोध प्रदर्शनों को इतनी आसानी से दबाया नहीं जा सकेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि आगे किस तरह के नए तनाव पैदा होंगे और देश को इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी पर विपक्ष का एकजुट होना और नागरिकों का अपने वोट की रक्षा करने का संकल्प इस घोर निराशा के बीच उम्मीद की एक किरण है।

परिवारः क्यों टूटता जा रहा है भारतीय समाज का सर्वोत्तम विद्यालय?

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

हरियाणा के पानीपत से सामने आई एक घटना ने भारतीय समाज की पारिवारिक व्यवस्था, रिश्तों की संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया है। मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी 65 वर्षीय सुशील कुमार सिंह की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए परिवार का कोई सदस्य पानीपत नहीं पहुंचा, बताया गया कि उनकी पांच बेटियां हैं। पत्नी बीमार रहती हैं, तीन बेटियों की शादी हो चुकी है और दो अविवाहित हैं। सुशील कुमार पहले पानीपत रिफाइनरी में नौकरी करते थे और ददलाना गांव की राधास्वामी कॉलोनी में रह रहे थे। अचानक सीने में दर्द होने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों से संपर्क किया। पोस्टमार्टम के बाद परिवार को अंतिम संस्कार के लिए बुलाया गया लेकिन दूरी और असमर्थता का हवाला देकर कोई नहीं पहुंचा।

सामाजिक संगठन जनसेवा दल के सदस्यों ने परिवार से संपर्क कर उन्हें पानीपत आने-जाने का खर्च देने की पेशकश भी की लेकिन परिजन आने को तैयार नहीं हुए। अंततः उनकी इच्छा के अनुसार जनसेवा दल के सदस्यों ने पूरे विधि-विधान से सुशील कुमार सिंह का अंतिम संस्कार किया। बेटियों ने वीडियो कॉल के माध्यम से पिता की अंतिम विदाई देखी। यहां तक कि अंतिम संस्कार के बाद अस्थियां लेने आने में भी परिजनों ने असमर्थता जताई, यह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु और उसके अंतिम संस्कार तक सीमित नहीं है। यह हमारे समय के सामाजिक यथार्थ का ऐसा आईना है, जिसमें रिश्तों की बदलती परिभाषा, पारिवारिक जिम्मेदारियों का कमजोर होता भाव और मनुष्यता के सामने खड़े अनेक प्रश्न दिखाई देते हैं।

भारतीय संस्कृति में परिवार केवल साथ रहने वाले लोगों का समूह नहीं बल्कि मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण की पहली और सर्वोत्तम पाठशाला माना गया है। इसी पाठशाला में बच्चा प्रेम, त्याग, सहयोग, अनुशासन, सद्भाव और जिम्मेदारी का पहला पाठ सीखता था। दादा-दादी की



कहानियां, नाना-नानी का स्नेह, चाचा-चाची का अपनापन, फुआ-मौसी का दुलार और भाई-बहनों का साथ उसके भीतर सामाजिकता का भाव विकसित करते थे। परिवार ही वह स्थान था, जहां व्यक्ति को यह समझाया जाता था कि जीवन केवल अपने लिए जीने का नाम नहीं बल्कि दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनने का भी नाम है लेकिन आज प्रश्न उठता है कि क्या भारतीय समाज की यह सर्वोत्तम पाठशाला धीरे-धीरे बिखरती जा रही है? क्या परिवार का अर्थ केवल एक छत के नीचे रहने और आर्थिक जिम्मेदारियां पूरी करने तक सिमट गया है? क्या रिश्तों के बीच भावनात्मक दूरी इतनी बढ़ गई है कि जीवन-मरण जैसे अवसरों पर भी आत्मीयता का बोध कमजोर पड़ने लगा है? इन सवालों का उत्तर तलाशने के लिए हमें बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश को समझना होगा।

बदलती जीवनशैली और रिश्तों का कमजोर होता आधार आधुनिक जीवन ने मनुष्य को अनेक सुविधाएं दी हैं। शिक्षा, रोजगार, तकनीक और बेहतर जीवन की आकांक्षा ने उसे गांव से शहर और एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाया है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। रोजगार की तलाश में बच्चे माता-पिता से दूर रहने लगे हैं। व्यस्त दिनचर्या और प्रतिस्पर्धा ने लोगों के पास समय कम कर दिया है। मोबाइल और इंटरनेट ने दूरियों को तकनीकी रूप से कम जरूर किया है लेकिन कई बार दिलों के बीच की दूरी बढ़ा दी है। आज एक ही घर में रहने वाले सदस्य भी एक-दूसरे के साथ बैठकर बातचीत करने का समय नहीं निकाल पाते। पारिवारिक संवाद कम हो रहा है। बुजुर्गों के अनुभवों को सुनने और उनसे सीखने की परंपरा कमजोर पड़ रही है। रिश्तों में आत्मीयता की जगह औपचारिकता बढ़ती दिखाई दे रही है।

आर्थिक सफलता के सामने मानवीय संवेदनाएं छोटी पड़ रही हैं? आज के समाज में सफलता का पैमाना काफी हद तक पैसा, पद, प्रतिष्ठा और भौतिक सुविधाएं बनता जा रहा है। अच्छी नौकरी, बड़ा मकान, महंगी गाड़ी और बेहतर जीवनशैली की दौड़ में मनुष्य लगातार भाग रहा है। इस दौड़ में कहीं न कहीं भावनात्मक संबंधों के लिए आवश्यक समय और संवेदनशीलता पीछे छूटती जा रही है। पैसा जीवन की आवश्यकता है लेकिन वह रिश्तों का विकल्प नहीं हो सकता। माता-पिता ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनकी शिक्षा, विवाह और जीवन की जरूरतों को पूरा करने में इच्छाओं का त्याग किया। वृद्धावस्था में उन्हें सबसे अधिक जरूरत आर्थिक सहायता से कहीं ज्यादा सम्मान, संवाद और भावनात्मक सहारे की होती है। यह भी ध्यान रखना होगा कि माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी बेटे और बेटियां, दोनों की है। समाज की जिम्मेदारी केवल अंतिम संस्कार तक सीमित नहीं पानीपत की घटना का एक दूसरा पक्ष भी प्रेरणादायक है। जब परिवार का कोई सदस्य अंतिम संस्कार के लिए उपस्थित नहीं हुआ तब जनसेवा दल के सदस्यों ने आगे बढ़कर एक अजनबी व्यक्ति को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। यह मानवीय संवेदना का ऐसा उदाहरण है जो बताता है कि समाज में मनुष्यता अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। जिन लोगों ने सुशील कुमार सिंह का अंतिम संस्कार किया, उन्होंने यह संदेश दिया कि किसी व्यक्ति की अंतिम यात्रा में उसकी सामाजिक पहचान, आर्थिक स्थिति या पारिवारिक उपस्थिति से अधिक महत्वपूर्ण उसकी मानवीय गरिमा है। किसी अजनबी के अंतिम संस्कार का दायित्व निभाना केवल सामाजिक सेवा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के मानवीय मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। परिवार को फिर से संस्कारों की पाठशाला बनाना होगा आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवारों में संवाद और संवेदनशीलता को फिर से स्थान दिया जाए। बच्चों को केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने की शिक्षा न दी जाय बल्कि उन्हें रिश्तों का महत्व, बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सामाजिक उत्तरदायित्व और दूसरों के दुख में सहभागी बनने का संस्कार भी दिया जाय।

माता-पिता को भी बच्चों के साथ केवल अनुशासन और अपेक्षाओं का संबंध नहीं बल्कि मित्रवत संवाद का रिश्ता विकसित करना होगा। बुजुर्गों को परिवार पर बोझ समझने के बजाय अनुभव और संस्कार की धरोहर मानना होगा। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और विश्वास का वातावरण ही रिश्तों को जीवित रख सकता है। अंततः पानीपत की यह घटना हमें एक असहज लेकिन जरूरी सवाल के सामने खड़ा करती है- क्या हम आर्थिक रूप से समृद्ध होते हुए भावनात्मक रूप से गरीब होते जा रहे हैं? क्या पैसा कमाने की होड़ में हम अनजाने में मनुष्यता को ताक पर रख रहे हैं? क्या विकास की परिभाषा में मानवीय संवेदनाओं के लिए कोई स्थान बचा है? याद रखना चाहिए कि मनुष्य की वास्तविक पहचान उसके धन, पद और प्रतिष्ठा से नहीं बल्कि उसके व्यवहार और संवेदनशीलता से होती है। परिवार टूटेगा तो समाज कमजोर होगा, रिश्ते बिखरेंगे तो संवेदनाएं दम तोड़ेंगी और संवेदनाएं समाप्त होंगी तो विकास का कोई भी दावा अधूरा रह जायेगा। इसलिए समय की मांग है कि हम परिवार को फिर से मनुष्यता की पाठशाला बनाएं, जहां बच्चों को केवल सफल इंसान नहीं बल्कि एक संवेदनशील और जिम्मेदार मनुष्य बनने की शिक्षा मिले।

भाजपा के आक्रामक जवाब से विपक्ष की एकता को लेकर उसकी चिंता सामने आई

के रवींद्रन

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का बढ़ता आक्रामक जवाब बताता है कि सत्ताधारी पार्टी को अपनी राजनीतिक अजेयता पर उतना भरोसा नहीं है जितना उसके सार्वजनिक बयानों से लगता है। विपक्ष की लामबंदी को खारिज करने में खर्च की गई बहुत ज्यादा ऊर्जा, साथ ही राजनीतिक गठबंधनों को फिर से बनाने की नई कोशिशें, राष्ट्रीय राजनीतिक बहस की बदलती दिशा को लेकर अंदरूनी चिंता की ओर इशारा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि कांग्रेस 2029 के संसदीय चुनाव नहीं जीत सकती, खास तौर पर चौंकाने वाला है। मौजूदा विवाद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता, वोटर लिस्ट की ईमानदारी और वोटरों को वोट देने से वंचित करने के आरोपों से जुड़ा है। फिर भी भाजपा का जवाब बार-बार सरकार बदलने की उम्मीदों, नरेंद्र मोदी के चुनावी भविष्य और सरकार को हटाने में विपक्ष की कथित नाकामी की तरफ मुड़ गया है। यह एक बड़ा राजनीतिक बदलाव है। एक सरकार जो अपनी स्थिति से पूरी तरह खुश है, वह शायद चुनावी प्रक्रिया का बचाव करने और प्रदर्शनकारियों द्वारा उठाए गए खास सवालों के जवाब देने पर ध्यान देगी। इसके बजाय, सत्ताधारी पार्टी ने संस्थागत जिम्मेदारी पर विवाद को अपने चुनावी दबदबे पर एक और जनादेश में बदलने की कोशिश की है। ऐसा जवाब निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व द्वारा दिखाए गए भरोसे पर सवाल उठाने का आधार देता है। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में किया गया आंदोलन शुरू में ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ था। इसका महत्व चुनावी प्रशासन पर एक तकनीकी विवाद को लोकतांत्रिक संस्थान की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले एक बड़े जन आंदोलन में बदलने की संभावना में था। भाजपा इस आंदोलन को सीमित राजनीतिक नतीजों के साथ एक अलग विरोध के रूप में देख सकती थी। हालांकि, अभियान का राजनीतिक रूप से सामना करने के उसके फैसले ने विवाद को चुनाव आयोग से आगे बढ़ाने में मदद की है। इसलिए सरकार की आलोचना करने वालों को चुनावी शिकायतों को संवैधानिक संस्थाओं और सत्ता की शक्ति के बीच संबंधों के बारे में बड़े सवालों से जोड़ने का मौका मिल गया है।दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर की रैली ने इस टकराव को और ज्यादा सामने ला दिया। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और दूसरे विपक्षी नेताओं की मौजूदगी ने दिखाया कि इस विवाद ने उन पार्टियों को एक साथ लाने के लिए काफी राजनीतिक तूल पकड़ लिया था जिनके क्षेत्रीय हितों ने अक्सर मिलकर काम करने में रुकावट डाली है। भाजपा की प्रतिक्रिया, भीड़ के अपने अंदाजे से बिल्कुल अलग था। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने रैली को विफल बताया और कहा कि लगभग 40 प्रतिशत मैदान खाली रहा। दूसरे भाजपा नेताओं ने विपक्ष के भीड़ के अंदाजे पर सवाल उठाए और ऑर्गनाइजर पर गुमराह करने वाली इमेज के जरिए उपस्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप लगाया। असल में भीड़ कितनी थी, इस पर अभी भी बहस चल रही है, और इस बहस को पक्के तौर पर साबित करने के लिए कोई अलग से तय आंकड़ा नहीं है। फिर भी, रैली को बदनाम करने का भाजपा का पक्का इरादा एक साफ राजनीतिक सवाल खड़ा करता है। अगर यह जमावड़ा सच में कोई खास नहीं था, तो इसकी कोई अहमियत न दिखाने पर इतना ध्यान क्यों दिया गया? इसका जवाब शायद तुरंत भीड़



की ताकत और लंबे समय के राजनीतिक जोश के बीच के फर्क में छिपा हो। एक रैली से चुनाव के नतीजे तय नहीं होते, लेकिन वोटरों से जुड़ी किसी शिकायत के इर्द-गिर्द लगातार अभियान चलाने से एक ऐसा सांगठनिक मंच बन सकता है जो असली झगड़े से कहीं आगे तक जाता है। भाजपा इस फर्क को ज्यादातर राजनीतिक संगठनों से बेहतर समझती है। इसकी अपनी बढ़त में ऐसे आंदोलनों ने मदद की जिन्होंने लोगों की नाराजगी को लगातार राजनीतिक लामबंदी में बदल दिया। इसलिए यह मानना गलत होगा कि इसका नेतृत्व कई बड़ी विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शनों को बिना चुनावी असर के सिर्फ तमाशा मानती है।

रामलीला मैदान में लामबंदी के मायने रखने का एक और कारण है। ऐतिहासिक रूप से विपक्षी एकता तब सबसे असरदार रही है जब पार्टियों को कोई ऐसा साझा मुद्दा मिल जाता है जो उनके मतभेदों को दूर कर सके। चुनावी ईमानदारी ठीक ऐसा ही मंच देती है क्योंकि हर विपक्षी पार्टी की दिलचस्पी यह पक्का करने में होती है कि मतदाता का नाम दर्ज होना, चुनावी प्रशासन और मतदान गिनती की प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बना रहे। महाराष्ट्र के घटनाक्रम भाजपा के रणनीतिगत गणना का ज्यादा ठोस इशारा देते हैं। विपक्ष की रैली के ठीक एक दिन बाद, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के वरीय नेताओं ने अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान विरोधी एनसीपी गुटों को एक साथ एनडीए में लाने की संभावना पर चर्चा हुई। इस पहल का राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। विपक्ष को एकजुट करने के प्रयासों में शरद पवार की भागीदारी ने श्इंडियाश् गठबंधन की विश्वसनीयता बढ़ाई है। अगर एनडीए के दायरे में एनसीपी फिर से एक हो जाती है, तो इससे विपक्षी गठबंधन कमजोर होगा, जबकि महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन की स्थिति मजबूत हो जाएगी। हालांकि, इस प्रस्तावित व्यवस्था के सामने कई बड़ी रुकावटें हैं। अजित पवार गुट के भीतर, खासकर सुनेत्र पवार और पार्थ पवार की भूमिकाओं को लेकर मतभेद हैं, जिससे बातचीत जटिल हो गई है। एनसीपी नेताओं ने भी उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी का फिर से एक होना तय है। इसलिए, भाजपा की ओर से गुटों को एक साथ लाने की कोशिश अभी भी एक लक्ष्य ही है, न कि कोई पूरी हो चुकी राजनीतिक पुनर्व्यवस्था। फिर भी, इस समय पर ध्यान देना जरूरी है। गठबंधन बनाना लंबे समय से भाजपा की राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन विपक्षी ताकतों को अपनी ओर खींचने पर दिया जा रहा नया जोर यह दिखाता है कि पार्टी को एहसास है कि सिर्फविचारधारा के आधार पर लोगों को एकजुट करके लंबे समय तक चुनावी दबदबा बनाए नहीं रखा जा सकता। तमिलनाडु के मामले में यह समीकरण एक अलग ही पहलू दिखाता है। कांग्रेस से अलग होने के बाद, भाजपा और डीएमके के बीच किसी मुद्दे पर सहयोग की खबरें बताती हैं कि राजनीतिक सीमाएं अब पहले से कहीं ज्यादा लचीली हो गई हैं। इस तरह के सहयोग को पूरी तरह से गठबंधन तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन संसद के स्तर पर सीमित तालमेल भी विपक्ष की सामूहिक मोलभाव करने की ताकत को कमजोर कर सकता है। अब भाजपा के पास लोकसभा में अपने दम पर बहुमत नहीं है और अपनी सरकार चलाने के लिए उसे गठबंधन सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस वजह से, पार्टी के उस दौर की तुलना में जब उसका अकेले दबदबा हुआ करता था, अब एनडीए को बचाए रखना और उसका विस्तार करना कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। मौजूदा टकराव से यह तो पता नहीं चलता कि 2029 में भाजपा की हार तय है, लेकिन यह धारणा जरूर कमजोर हुई है कि ऐसी हार राजनीतिक रूप से असंभव है। अमित शाह के दावे, रामलीला मैदान की रैली की लगातार आलोचना करना और साथ ही नए सहयोगियों की तलाश करनाकृये सब बताते हैं कि सत्ताधारी पार्टी पूरी तरह सतर्क है। वह नहीं चाहती कि विपक्ष का बिखरा हुआ असंतोष एकजुट होकर एक बड़ी राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले ले।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

हमीरपुर कोषागार के चार लेखाकार बने सहायक कोषाधिकारी

हमीरपुर। जनपद के कोषागार में कार्यरत चार लेखाकारों को सहायक कोषाधिकारी पद पर पदोन्नति मिली है। शासन की ओर से छह नवंबर 2026 को जारी आदेश के तहत प्रेमी प्रजापति, अभिराम तिवारी, पवन कुमार और कौशल किशोर मिश्रा को पदोन्नति प्रदान की गई है। वरिष्ठ कोषाधिकारी अंकिता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहायक/उप कोषाधिकारी सेवा नियमावली 1998 के प्रावधानों के तहत विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर यह पदोन्नति हुई है। इस अवसर पर अंकिता सिंह ने पदोन्नत कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। सभी को नए पद की गरिमा के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोषागार के कार्यों में समयबद्धता और नियमों का पालन बेहद जरूरी है। सभी कर्मचारी अपने अनुभव का उपयोग कर विभागीय कार्यप्रणाली को बेहतर बनाएं। पदोन्नति पर कोषागार के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक गंभीर

मौदहा (हमीरपुर)। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राठ के पास सोमवार को बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चित्रकूट निवासी 24 वर्षीय शुभम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने मानवता दिखाते हुए घायल को अपने ट्रक से पोल संख्या 89 के पास खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाया। चित्रकूट के कर्वी निवासी शुभम कुमार पुत्र अमर बहादुर अपने साथी सुमित कुमार के साथ बाइक से फरीदाबाद से चित्रकूट जा रहे थे। दोनों हेलमेट लगाए हुए थे। पोल संख्या 100 के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी मौदहा लाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।


नलकूप पर फंदे से लटका मिला 28 वर्षीय युवक का शव

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव में मंगलवार सुबह एक नलकूप पर युवक का शव फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, महाबली वर्मा के नलकूप पर युवक का शव लटका देखकर ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी। मौके पर पहुंचे महाबली ने मृतक की पहचान खम्हरिया गांव निवासी वीरेंद्र (28) पुत्र नत्थू के रूप में की। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र उनकी बुआ का नाती था और नलकूप पर ताला लगा रहता था। मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। घटना से पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

विवाहिता की मौत, मायके पक्ष की मौजूदगी में होगा पोस्टमार्टम

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के देवगांव में सोमवार तड़के 24 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मायके पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। देवगांव निवासी पवन साहू की पत्नी नीरज साहू (24) को सोमवार सुबह मृत अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर लाया गया था। चिकित्सक के अनुसार उनकी मौत सुबह करीब 4:30 बजे बीमारी के चलते हुई। सूचना मिलने पर थाना सुमेरपुर पुलिस पीएचसी पहुंची और मामले की जानकारी ली। परिजनों के मुताबिक नीरज की शादी 22 जून 2021 को हुई थी। उनका मायका बड़ागांव, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने की इच्छा जताई है। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के लिए संबंधित मजिस्ट्रेट को सूचना दे दी है। नियमानुसार पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत



पनवाड़ी (महोबा)। जिले के पनवाडी थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए एक युवक के गहरे पानी में चले जाने से डूब का दर्दनाक मौत हो गई , दोस्त उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की हमीरपुर जिले के राठ थाना क्षेत्र के मलौहा गांव निवासी सलमान (20) वर्ष सोमवार सुबह गांव के मौनिया दोस्तों सौरभ, लखन, खलक, पवन, मनीष, उद्देश्य और देवेंद्र समेत अन्य साथियों के साथ झारखंड धाम मंदिर पहुंचा था। दर्शन के बाद वह दोस्तों के साथ नदी में नहाने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे नदी से बाहर निकाला और जीवित समझकर सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की। सलमान चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह अविवाहित था। उसकी मौत की खबर मिलने पर परिवार के लोग पहुंचे।

जिलाधिकारी ने पीएचसी टहरौली का किया औचक निरीक्षण



टहरौली (झांसी)। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिशिर पुरी के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टहरौली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, प्रसव सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का जायजा लिया।प्रतिमाह करीब 30 सामान्य प्रसव होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने मेटरनिटी न्यू बॉर्न केयर यूनिट स्थापित करने हेतु प्रस्ताव मांगा। साथ ही भवन की साफ-सफाई एवं पुताई में सुधार के निर्देश दिए।उन्होंने दवाओं के स्टॉक का रजिस्टर से मिलान कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता का प्रचार-प्रसार कराने को कहा, ताकि सर्पदंश के मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।इस दौरान सीएमओ डॉ. शिशिर पुरी, एसडीएम आशीष कुमार सिंह, डॉ. रविशंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने किया औचक निरीक्षण, वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

झांसी। मंडलायुक्त कृष्ण कुमार ने सिद्धेश्वर नगर स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्हें सम्मान और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है।निरीक्षण में बताया गया कि वृद्धाश्रम में 104 बुजुर्ग पंजीकृत हैं, जिनमें 54 महिलाएं और 50 पुरुष शामिल हैं। मौके पर 90 वृद्धजन उपस्थित मिले। मंडलायुक्त ने बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं तथा मैनेजर अनुराग चौहान को तीन दिन में कमियां दूर करने के निर्देश दिए।उन्होंने भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यक उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सीएमओ को दिए। साथ ही अधिकारियों को प्रत्येक पखवाड़े वृद्धाश्रम का निरीक्षण करने और जिलाधिकारी को अन्य वृद्धाश्रमों की व्यवस्थाओं की नियमित जांच कराने को कहा।इस दौरान उप निदेशक समाज कल्याण एसएन त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेत में करंट लगने से किसान के बेटे की मौत

महोबा। जिले के चरखारी थाना क्षेत्र के बपरेता गांव में खेत में काम करते समय करंट लगने से अरविंद राजपूत (40) की मौत हो गई। घटना बीती रात की है। अरविंद, गौरीशंकर राजपूत के बेटे थे। खेत में ट्यूबवेल के पास तार में करंट आने से उनके पैर में करंट लगा। परिजन उन्हें चरखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अरविंद के परिवार में पत्नी अनीता (38), बेटी माही (15) और बेटा यशेंद्र (13) हैं। चौकी प्रभारी सुनील मिश्रा ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना से किसान परिवार में कोहराम मचा ।

बुंदेली दिवारी नृत्य में कलाकारों ने दिखाए अजब-गजब करतब



बांदा। दीवारी नृत्य के लिये दूर तक विख्यात बुंदेलखंड में किसानों के दर्द के बीच भी जमकर इस नृत्य का प्रदर्शन हुआ। महेश्वरी देवी चौक में सोमवार और मंगलवार को सारा दिन दीवारी नृत्य का प्रदर्शन हुआ। वैसे दीवाली के अगले दिन परीवा को दीवारी नृत्य का विधान है, लेकिन इस बार परीवा की तिथि दो दिनों तक पड़ने के कारण दोनों दिन लोगों ने दीवारी नृत्य का प्रदर्शन किया और लाठी डंडों से लैस युवाओं, बुजुर्गों व बच्चों ने माता महेश्वरी देवी के सामने जमकर लट्ठबाजी की। बुंदेलखंड का दीवारी नृत्य अब केवल इस इलाके तक सीमित नहीं रहा। अजब-गजब करतबों से भरा इस नृत्य को देखने वालों का दीपावली की परीवा को महेश्वरी चौक में जमघट लगा। जिले के सुदूर गांवों से आने वाले नर्तकों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। बुंदेलखंड का दीवारी नृत्य अब केवल इस इलाके तक सीमित नहीं रहा। अजब-गजब करतबों से भरा इस नृत्य को देखने वालों का दीपावली की परीवा को महेश्वरी चौक में जमघट लगा। जिले के सुदूर गांवों से आने वाले नर्तकों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। एक के बाद एक टीम लाठी-डंडों से लैस होकर मैदान में उतरती रही और लाठियां चटकती रहीं।

गोवर्धन पूजा पर डीएम व सदर विधायक ने किया गोवंशों का पूजन, खिलाया गुड़-चना

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर जिलाधिकारी अशोक कुमार और सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने सोमवार को विधायक के पैतृक गांव पौथिया स्थित गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की। इस दौरान दोनों ने गौमाता का पूजन-अर्चन कर गोवंशों को गुड़, चना, फल और अन्य खाद्य सामग्री खिलाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और गौसेवा का प्रतीक है। गोवंश ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। इनका संरक्षण और सेवा करना सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों की बेहतर देखभाल और जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने लोगों से गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान जनपद की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

मौन साधना के साथ सैय्यद बाबा के स्थान पर लगा मेला

- डामर गांव में सैकड़ों साल पुरानी परंपरा मोनियों ने किया दिवारी नृत्य

समृद्धि न्यूज़, कुरारा (हमीरपुर)।



दीपावली के दूसरे दिन डामर गांव में मौन चराने की सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर सैय्यद बाबा के स्थान पर मेला लगा और दिनभर दिवारी नृत्य का आयोजन हुआ। आसपास के गांवों से पहुंचे मोनियों ने पूजा-अर्चना कर मौन साधना की। डामर, सरसई, जालौन के कदौरा क्षेत्र के कुसमरा और जैसुखपुर सहित कुरारा क्षेत्र के कुतुबपुर, शिवनी और खोड़ गांवों से बड़ी संख्या में मोनिया पहुंचे। सुघर सिंह यादव और रमेश यादव ने बताया कि यहां सैकड़ों वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। शाम को मोनिया दिवारी नृत्य करते हुए अपने गांवों को लौट गए। मेले में महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी कर आनंद लिया। अब्दुल रहमान ने बताया कि पहले इस निर्जन स्थान पर यादव परिवार अपने पशुधन के साथ रहते थे। सुरक्षा के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

मां भारती के वीर सपूत थे क्रांतिकारी कन्हाई लाल दत्त: डॉ. भवानीदीन



सुमेरपुर (हमीरपुर)। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा कार्यक्रम के तहत क्रांतिकारी कन्हाई लाल दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने कहा कि कन्हाई लाल दत्त देश की आजादी के संघर्ष के वीर सपूत थे। उनका बलिदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कन्हाई लाल दत्त का जन्म 30 अगस्त 1888 को बंगाल के हुगली जिले के चंद्रनगर में चुन्नी लाल दत्त और ब्रजेश्वरी के घर हुआ था। शिक्षा पूरी करने के बाद वह बारींद्र कुमार घोष के क्रांतिकारी दल में शामिल हो गए थे। उन्होंने अंग्रेज अधिकारी किंग्सफोर्ड पर हमले से जुड़े क्रांतिकारी आंदोलन में भूमिका निभाई। वर्ष 1908 में गिरफ्तार होने के बाद उन्हें 10 नवंबर 1908 को मात्र 20 वर्ष की आयु में फांसी दे दी गई। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, बाबूलाल प्रजापति, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, राहुल, प्रेम, प्रिंस, सत्येंद्र और अखिलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हजारों दीपों से जगमगाया मां गायत्री गंगा घाट, पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

सुमेरपुर। कस्बे के तपोभूमि स्थित मां गायत्री गंगा घाट पर सोमवार शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से घाट जगमगा उठा। इसके बाद विधि-विधान से मां गंगा की आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मां गायत्री गंगा घाट पर प्रतिदिन आरती की जाती है। इसी क्रम में सोमवार को विशेष आयोजन के तहत पूरे घाट को हजारों दीपों से सजाया गया। आरती के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कस्बे एवं क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना की। इस मौके पर राजेश शिवहरे, छोटू सिंह, आशीष, प्रेमचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अब स्मार्टफोन से घर बैठे बनेगा पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

- फेस ऑथेंटिकेशन से मिलेगी सुविधा, 17 नवंबर को मौदहा तहसील में लगेगा जागरूकता शिविर



हमीरपुर। पेंशनरों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए अब कोषागार के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन से डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनाया जा सकेगा। मंगलवार को तहसील राठ में डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 5.0 के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी अंकिता सिंह ने बताया कि शिविर में सहायक कोषाधिकारी अभिराम तिवारी और कंप्यूटर ऑपरेटर मुन्ना खां ने पेंशनरों को डिजिटल प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया समझाई। इसके लिए मोबाइल में आवश्यक एप इंस्टॉल कर आधार संख्या, मोबाइल नंबर, ओटीपी, पीपीओ संख्या, बैंक खाता और आईएफएससी कोड दर्ज करना होगा। इसके बाद फेस ऑथेंटिकेशन अथवा बायोमेट्रिक सत्यापन से प्रमाण-पत्र तैयार हो जाएगा। पेंशनर जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे, डाकघर और डोरस्टेप बैंकिंग के माध्यम से भी यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। अंकिता सिंह ने बताया कि आगामी 17 नवंबर को तहसील मौदहा में जागरूकता शिविर लगाया जाएगा।

दीपावली की रात युवक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के कुम्हरौड़ा मोहल्ले में दीपावली की रात 22 वर्षीय युवक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। कुम्हरौड़ा निवासी कालीचरण का पुत्र अंकित गुजरात के सूरत स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। वह दीपावली की छुट्टी पर घर आया हुआ था। रविवार रात उसने घर के अंदर फंदा लगा लिया। परिजनों ने उसे देखा तो आनन-फानन नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी ली। मृतक तीन भाइयों में एक था। उसके पिता कालीचरण टीवी मैकेनिक हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

किसान सेवा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

झांसी। फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए उप कृषि निदेशक बुद्धदेव द्विवेदी ने किसान सेवा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और उसे खाद में बदलने की जानकारी दी जाएगी।डीडी कृषि ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति और मित्र कीटों को नुकसान पहुंचता है। किसानों को निशुल्क वेस्ट डी-कंपोजर कैप्सूल वितरित किए जा रहे हैं, जिनसे पराली को खेत में ही खाद बनाया जा सकता है। इसके लिए दो एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपये, दो से पांच एकड़ पर 5000 रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, लेखपालों एवं संबंधित अधिकारियों को पराली जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखने तथा उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रामकुमार नामदेव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज़, समथर (झांसी)।



नगर पालिका गांधी पार्क में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रामकुमार नामदेव उम्र 77 वर्ष के निधन पर नगर के संभ्रांत एवं गणमान्य नागरिकों तथा भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा एकत्रित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकसभा आयोजित की गईद्य शोकसभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामकुमार नामदेव के जीवन परिचय, सामाजिक योगदान एवं राजनीतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी ने उनके निधन को समाज एवं भारतीय जनता पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया द्य मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।शोकसभा में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता-अयोध्या प्रसाद दुबे, श्री राम सिंह वर्मा, प्रकाश चंद्र झा, महेश कुमार पूर्व चेयरमैन, राजेंद्र महंत, ओमप्रकाश चंदेल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेर इंटर कॉलेज के संस्थापक पं. राम सहाय शर्मा की जयंती पर हुए धार्मिक कार्यक्रम

- सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या में बुंदेली व कार्तिक गीतों ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज़, गुरसराय।



खेर इंटर कॉलेज के संस्थापक कर्मयोगी पं. राम सहाय शर्मा की जयंती विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में झांसी सांसद अनुराग शर्मा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आचार्य रामप्रकाश पचौरी के निर्देशन में विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन किया गया। प्रथम सत्र में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. देवेश पालीवाल, प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की।द्वितीय सत्र में आयोजित भजन संध्या के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार रहे। उन्होंने कहा कि खेर इंटर कॉलेज संस्कृति की धरोहर है और विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुकदेव कुमार व्यास ने भी विचार व्यक्त किए। संगीत अध्यापक सरजू शरण पाठक के निर्देशन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद शिवानी बबेले, वर्षा बबेले, नेहा पटेल एवं शिवानी यादव ने भजन, बुंदेली और कार्तिक गीतों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. देवेश पालीवाल ने की। संचालन एवं आभार प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मेजर अखिलेश पिपरैया, जगमोहन समेले, केके तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

जल उठे दीपक, विधि-विधान से महालक्ष्मी का पूजन कर मांगी-सुख समृद्धि

शुभ मुहूर्त में घरों और प्रतिष्ठानों में हुई पूजा अर्चना, जमकर हुई आतिशबाजी

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



कार्तिक मास की अमावस्या पर रविवार को दीपावली का पर्व जिले भर में उत्साह और अल्लह के साथ मनाया गया। धन वैभव और एश्वर्या की अधिष्ठात्री देवी मां लक्ष्मी की पूजा के लिए सुबह से ही घरों और बाजारों में तैयारी शुरु हो गई थी। शाम ढलते ही शहर दीपों की रोशनी से जगमग उठा। शुभ मुहूर्त में घरों और प्रतिष्ठानों में विधि विधान से मां महालक्ष्मी की और भगवान गणेश का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि खुशहाली और व्यापार में तरक्की की कामना की गई। पूजा के बाद दीप जलाए गए और जमकर आतिशबाजी की गई। महिलाओं ने घरों के मंदिरों को फूलों, बंदरवार और रंग बिरंगी झालरों से सजावट कर पूजा के लिए सामग्री, मिठाई, फल, फूल, दीपक और प्रसाद की व्यवस्था भी की। आंगन और मुख्यद्वार पर रंगोली बनाई गई, शाम होते ही घर दीपों की कतारों से रोशन उठा। कहीं मिट्टी के दीपक जलाए गए तो कहीं बिजली की झालरों से घर को सजाया गया।



शुभ मुहूर्त में शुरु हुआ पूजन देर रात तक चला: शाम करीब 7:15 बजे से मां लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त शुरु हुआ, परिवार के सदस्य नए वस्त्र पहनकर पूजा स्थल पर एकत्रित हुए। पंडितों के मार्गदर्शन में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन अर्चन किया गया। धूप दीप नौवेद्य और पुष्प अर्पित कर आरती की गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी, और प्रसाद बांटा। कई घरों में परंपरा के अनुसार कुबेर पूजन और वही खातों की पूजा की गई यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

देर रात तक चला आतिशबाजी का दौर: बच्चों और बड़ों ने घरों के बाहर तथा खुले स्थानों पर रंग बिरंगी आतिशबाजी की। अनार, फुलझड़ियां और रंगीन रोशनी से आसमान जगमगा उठा। लोगों ने मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर दीपावली की खुशियों को साझा किया। दीपों की रोशनी, पूजा की घंटियां और आतिशबाजी के बीच जिला भर देर रात तक दीपावली के उल्लास में सराबोर रहा।

डीएम ने सरसौखी कान्हा गौशाला में गोवंशों को पहनाई माला, पूजन कर खिलाया गुड़-चना



उरई(जालौन)। डीएम समीर ने सरसौखी स्थित कान्हा गौशाला पहुंचकर संरक्षित गोवंशों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला परिसर का भ्रमण कर गोवंशों के रख-रखाव, चारा, पेयजल, साफ सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम समीर ने गोवंशों के प्रति स्नेह और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने हाथों से उन्हें माला पहनाई और तिलक किया। इसके बाद उन्होंने गोवंशों को गुड़, चना एवं केला खिलाया। उन्होंने कहा कि गोवंशों का संरक्षण और उनकी बेहतर देखभाल शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गोवंश को पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक चारा, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। डीएम ने निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए तथा गोवंशों के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जाए। बीमार एवं कमजोर गोवंशों को चिन्हित कर उनके उपचार और विशेष देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

घर-घर पूजे गए गोवर्धन गोरक्षा का लिया संकल्प

बांदा। प्रकाश पर्व के पंचपर्वों में दीपावली के दूसरे दिन परेवा व गोवर्धन पूजा मनाने का प्रावधान है, लेकिन तिथियों में मतभेद होने के कारण यह आयोजन मंगलवार को किया गया। महिलाओं ने घरों में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया और विधिविधान के साथ गोवर्धन की पूजा करके गोवंश के महत्व को समझा। इसके साथ ही गोवंश की भी पूजा की गई। घरों में मंगलवार की सुबह महिलाओं ने घरों के बाहर और छतों पर गोबर के ढ़ेर से गोवर्धन पर्वत और ग्वालबालों की प्रतीकात्मक छवि बनाई। फिर घर में बने कच्चे भोजन और पकवानों से भोग लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की। दीवाली के पर्व पर जहां लोग माता लक्ष्मी से धन धान्य की कामना करते हैं, वहीं दूसरे दिन गोवंश की रक्षा के लिए गोवर्धन पूजा का विधान होता है।

दीपावली पर रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान हुआ रंगीन

- घरों व दुकानों में हुई लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा, देर रात तक वातावरण में गूंजते रहे तेज धमाके

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



दीपोत्सव पर्व दीवाली पर लोगों ने अपने घरों में खुशियों के दीप जलाए और जमकर आतिशबाजी की। लोगों ने रिहायशी मकानों के साथ ही अपने जर्जर और खंडहर हो चुके मकानों को भी प्रकाश पर्व पर रोशन किया। शाम को सूरज की किरणें मंद होते ही शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ लक्ष्मी-गणेश का पूजन अर्चन किया गया और लोगों ने अपने घर-परिवार की सुख समृद्धि और खुशियों का वरदान मांगा। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं और बच्चों ने घर के हर कोने में दीप जला कर रोशनी की। इसके बाद शुरू हुआ आतिशबाजी का दौर, जो देर रात तक चला। लोगों ने लाखों रुपयों की आतिशबाजी में आग लगाकर तमाशा देखा। रविवार को प्रकाश पर्व दीपावली समूचे जनपद में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बुंदेलखंड में इस पर्व को बड़े ही उत्सुकता के साथ मनाते हैं। वैसे तो वर्ष भर लोग अपने जर्जर और ढह गए पुराने घरों की तरफ नहीं निहारते हैं, लेकिन दीवाली के मौके पर इन जर्जर घरों को भी सजा-संवारकर दुरुस्त किया जाता है। घरों की साफ-सफाई के बाद हर घर में खुशियों के दीप जलाए गए और धन की देवी मां लक्ष्मी को मनाने के लिए उनकी विधि विधान से आराधना की गई। लोगों ने रंगीन बिजली की झालरों से घरों को सजाया और घरों की मुंडेर से लेकर कोने-कोने में दीपक जलाए। एक साथ जगमग दीपकों की रोशनी देखकर ऐसा लगा मानो आसमान के सितारे जमीन उतर आए हों। इसके बाद शुरू हुआ खुशियों का आतिशी नजारा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच तेज आवाज और सतरंगी रोशनी से समूचा आसमान जगमगा उठा। बच्चों में दीवाली पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखा।



मिठाई की दुकानों में उमड़ी भीड़: दीवाली का पर्व बगैर मिठाई के अधूरा माना जाता है, मां लक्ष्मी को मनाने के लिए पीले व सफेद रंग की मिठाई अर्पित करना शुभ माना जाता है। ऐसे में मिठाई की दुकानों में बूंदी के लड्डू, पेड़ा, सोनपापड़ी, दूध की बर्फी जैसी मिठाईयां खूब बिक रही हैं। मिठाई के दुकानदारों ने भी दीपावली के त्योहार के मद्देनजर खास तैयारियां कर रखी हैं। शहर के प्रतिष्ठित बासू मिष्ठान भंडार के संचालक अंकित बासू और अभिनव बासू बताते हैं कि दीपावली के त्योहार में लोग एक दूसरे मिठाई व ड्राई फरूट्स के गिफ्ट पैक देकर शुभकामनाएं देते हैं।

रंगोली सजाकर मां लक्ष्मी का स्वागत: दीपावली पर्व पर सभी लोग धन की देवी मां लक्ष्मी को मनाने के लिए तरह तरह के जतन करते हैं। घरों में साफ सफाई के बाद रविवार को महिलाओं और युवतियों ने घरों के दरवाजे पर रंग बिरंगी रंगोली सजाई। दरवाजे में रंगोली सजाने से जहां घर की सुंदरता में इजाफा होता है। वहीं मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा प्राप्त होती है। घरों के दरवाजों में सजी रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

गुब्बारे छोड़ एसपी ने अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। छत्रपति शाहूजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को गोरखपुर जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद एसपी ने प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने क्रिकेट मैदान एवं पिच का निरीक्षण कर आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खेलपुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और आपसी समन्वय विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिताएं पुलिसकर्मियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ ही विभिन्न जनपदों के पुलिसकर्मियों के बीच आपसी परिचय, सहयोग और सौहार्द को भी मजबूत करती हैं।

प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। साथ ही खेल प्रतिस्पर्धा के बीच आपसी सहयोग और खेल भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया कलम एवं भगवान चित्रगुप्त पूजन समारोह, सैकड़ों कायस्थ बंधुओं ने की सहभागिता

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में हुआ भव्य आयोजन
- वरिष्ठ कायस्थों एवं जिला टीम को मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज ब्यूरो



रायबरेली। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को रायबरेली के फलक उत्सव हॉल में कलम पूजन एवं भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन समारोह श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना एवं कथा के साथ कलम पूजन किया गया। इस अवसर पर रायबरेली जनपद के सैकड़ों कायस्थ बंधुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और सामूहिक रूप से कलम पूजन कर समाज की परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा रहे। समारोह के दौरान रायबरेली के अनेक वरिष्ठ कायस्थ समाजसेवियों एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के प्रति उनके योगदान और सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि कलम पूजन एवं भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना कायस्थ समाज के गौरव, स्वाभिमान और सम्मान के साथ कलम ज्ञान, बुद्धिमत्ता, विवेक और सृजनशीलता का प्रतीक है। यह आयोजन समाज की गौरवशाली परंपराओं को याद करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम है। वहीं, कायस्थ महासभा पूर्वी के जिलाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लोगों को एकजुट करने और आपसी समर्पण एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने में कारगर सिद्ध होंगे। उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, दुर्गेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, सविस्ता बृजेश, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव (अधिवक्ता), ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव (राजू), दीप श्रीवास्तव , सौरभ श्रीवास्तव, शांतनु निगम, विवेक श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव (काजू), डॉ. वीके श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, कैलाश श्रीवास्तव, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में कायस्थ बंधु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। समारोह का उद्देश्य भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्रति आस्था प्रकट करने के साथ-साथ कायस्थ समाज की एकजुटता, सम्मान और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करना रहा।

गौ सेवा अध्यक्ष ने मेले का किया उद्घाटन



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। घुघली थानांतर्गत ग्राम पंचायत मेदिनीपुर मे मंगलवार को 65वें वर्ष के आयोजित मेले का राज्य मंत्री गौ सेवा सदन उ. प्रदेश अध्यक्ष अतुल सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया।इस दौरान मेले मे विराट दंगल आयोजित हुआ। जिसमें कई जोड़ पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि मेदनीपुर में लगातार 65 वर्ष से रामलीला का आयोजन और भव्य मेला लगता है। उद्घाटन अवसर पर काशीनाथ सिंह पुर्व सांसद प्रतिनिधी गोरखपुर पुज्य योगी आदित्य नाथ, हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह, मेला संयोजक राजेश्वर मणी,सिद्धार्थ सिंह,भरत शुक्ला, मुकुल शर्मा, होशियार यादव,संदीप रंजन, अजीत, गोविंद राव, पप्पू शाही, लक्ष्मण चौधरी सहित भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम मे सिरकत किया।ताकि सनातन धर्म को और मजबूत बनाया जा सके।

एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता तिलहर विधान सभा से भाजपा के बने दावेदार

- बूथ अध्यक्षों को गिफ्ट देकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज



तिलहर - शाहजहांपुर।

एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने कहा कि किसी प्रत्याशी की नहीं कमल निशान की जीत होती है । आगामी विधान सभा चुनाव भी प्रत्याशी के चेहरे पर नहीं बल्कि भाजपा के कमल निशान को ध्यान में रखकर जिताना है । डॉ श्री गुप्ता यहां बजरिया बाली धर्मशाला में बूथ अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि विगत दो विधान सभा चुनावों में उन्होंने पार्टी से टिकट दिए जाने का आवेदन किया था । लेकिन किन्हीं स। समीकरणो के कारण उन्हें टिकट नहीं मिल पाया। इस बार भी उन्होंने टिकट के लिए आवेदन किया है। उन्होंने जातिगत समीकरण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शहर सीट पर माननीय मंत्री जी लगातार नौ बार विधायक चुने गए । उनकी बिरादरी के वोटों की संख्या किसी से छिपी नहीं है । चुनाव में कम और व्यवहार बोलता है । एमएलसी ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख बनाएं। जिससे वोटर लिस्ट के पन्ने में दर्ज मतदाताओं की पहचान कर वोट डाले जा सकें । इस मौके पर नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता के संचालन में देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट , संजय पाठक , डोडरम कुशवाहा ने भी विचार व्यक्त करते हुए बूथ अध्यक्ष व मौजूद कार्यकर्ताओं व सभासदों को उत्साहित किया । एमएलसी डॉ गुप्ता ने सभी बूथ अध्यक्ष, पार्टी से जुड़े सभासद गण व मीडिया कर्मियों को गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया । सभी के सहभोज की भी व्यवस्था रही। कार्यक्रम में हेतराम गंगवार , सुशील बाबू गुप्ता , अशोक अग्रवाल , अशोक गुप्ता एडवोकेट , संजीव गुप्ता , पंकज गुप्ता , सभासद अभिषेक सिंह, सुशील सिंह , संदीप रस्तोगी , प्रिंस गुप्ता , हितेश गुप्ता रिंकू, राजेश्वर सिंह , धर्मेंद्र सिंह, आशीष शर्मा , सविता रानी पटेल , चंद्रकांता त्रिवेदी , अलका गुप्ता , प्रीति खत्री , गायत्री श्रीवास्तव समेत तमाम लोग शामिल रहे।

मंदिर परिसर में गंदगी डालने से मना करने पर पुजारी और ग्रामीणों से मारपीट, छह गिरफ्तार

- नसीराबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हनुमान मंदिर मोड़ के पास से दबोचा, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

रायबरेली। जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में मंदिर परिसर के आसपास गंदगी और मांस-मुर्गा डालने से मना करने पर पुजारी और ग्रामीणों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने छह वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना 6 नवंबर 2026 की दोपहर करीब 1 बजे की है। आलमपुर गांव के बाहर स्थित भुइयारानी मंदिर के पुजारी कमलेश दास ने मंदिर परिसर के आसपास पशुओं को चराने तथा मांस, मुर्गा, बकरी और घरेलू कूड़ा-करकट डालने से कुछ लोगों को मना किया था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद कई लोगों ने एकराय होकर पुजारी कमलेश दास पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे वादी शारदा बक्श सिंह और ग्रामीणों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 8 नवंबर को नसीराबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हनुमान मंदिर मोड़ के पास से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सरवर उर्फ इरफान, रिहान, असलम उर्फ बाबा, महफूज उर्फ रोहित, रहीस और अल्ताफ शामिल हैं। सभी आरोपी पूरे मोती सिंह मजरे आलमपुर थाना नसीराबाद के निवासी बताए गए हैं।

गोवर्धन पूजा पर जिले के सभी 12 गौशालाओं में हुआ गौ पूजा

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर जनपद के सभी 12 गौशालाओं में गौ पूजा का कार्यक्रम जनप्रतिनिधि गण द्वारा विधि विधान से किया गया। इस क्रम में सदर विधायक जय मंगल कनौजिया ने चिउरहा स्थित कान्हा गौशाला में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोवर्धन पूजन एवं गौ माता का पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर उन्होंने गौ पूजन मंत्रों के साथ गौ माता की आराधना कर लोकमंगल एवं जनकल्याण की कामना की। पूजन-अर्चन के उपरांत विधायक ने गौशाला में संरक्षित सभी गायों को श्रद्धापूर्वक गुड़ एवं खाद्य सामग्री खिलाई तथा गौ सेवा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का स्थान अत्यंत पूजनीय है। गोवर्धन पूजा प्रकृति, पर्यावरण, कृषि और गौवंश के प्रति हमारी कृतज्ञता एवं संरक्षण के संकल्प का पर्व है। गौ सेवा हमारी सांस्कृतिक परंपरा के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी है।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एजाज अहमद,भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. शांति शरण मिश्र, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सूरज सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सानन्दन पटेल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, सभासद लालजी गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला, भीष्म नारायण त्रिपाठी, डॉ. नवीन पटेल, नगर महामंत्री शिवांश अग्रहरि, अनिल कुमार, सनत पांडेय, राकेश अग्रहरि, मानवेंद्र सिंह सहित नगर के अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार गोवर्धन पूजा के अवसर पर जनपद के सभी गौशालाओं में जनप्रतिनिधियों द्वारा गौ पूजा किया गया। सी वी ओ डॉक्टर अहमद के अनुसार मधुकरपुर महदेवा गौशाला में जिला पंचायत सदस्य परमानंद त्रिपाठी द्वारा गौ पूजा किया गया। और इस अवसर पर मिष्ठान वितरण एवं भोजन कराने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डीह थाना प्रभारी ने अनाथ बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

समृद्धि न्यूज ब्यूरो



रायबरेली। खाकी वर्दी का एक ऐसा मानवीय चेहरा सामने आया है, जिसने पुलिस और जनता के बीच संवेदनशीलता और विश्वास की एक नई मिसाल पेश की है। डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज ने बिन मां-बाप के चार अनाथ बच्चों के जीवन में खुशियों के रंग भरने का प्रयास किया है। बच्चों के बेहतर भविष्य की चिंता करते हुए उन्होंने न सिर्फ उन्हें घर की सुविधा उपलब्ध कराई, बल्कि दीपावली के शुभ अवसर पर कपड़े और मिठाई भेंट कर त्योहार की खुशियां भी बांटीं। थाना प्रभारी की इस पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। दरअसल, पूरा मामला रायबरेली जनपद के डीह थाना क्षेत्र के पूरे दुबे मजरे लोधवारी गांव का है। यहां रहने वाले चार मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। ऐसे में इन बच्चों के सामने जीवनयापन और भविष्य को लेकर कई चुनौतियां थीं। बच्चों की परिस्थितियों को देखते हुए डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी मदद के लिए कदम बढ़ाया। उन्होंने बच्चों के रहने के लिए घर की सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग किया, ताकि इन मासूमों को सुरक्षित माहौल मिल सके और उनका भविष्य बेहतर बन सके। इसी क्रम में दीपावली के पावन अवसर पर थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज बच्चों के बीच पहुंचे और चारों बच्चों को नए कपड़े तथा मिठाई भेंट की। त्योहार के मौके पर उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। थाना प्रभारी की इस पहल ने यह संदेश दिया कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों और असहाय लोगों के दुख-दर्द में सहभागी बनना भी समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण दायित्व है। डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज की इस मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। क्षेत्रवासी उनके इस सराहनीय प्रयास के लिए दिल से धन्यवाद दे रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे प्रयास समाज में इंसानियत, सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। खाकी का यह मानवीय चेहरा चार अनाथ बच्चों के जीवन में उम्मीद की नई रोशनी बनकर सामने आया है।

भगवान चित्रगुप्त की आराधना से मिलती है सत्य, न्याय और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा: कमल श्रीवास्तव

- 14 नवम्बर को निकाली जाएगी भगवान चित्रगुप्त महाराज की भव्य शोभायात्रा, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

रायबरेली। कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के कलम-पूजन का कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने एकत्रित होकर भगवान चित्रगुप्त महाराज का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन किया तथा कलम एवं दवात का पूजन कर ज्ञान, लेखन, शिक्षा और बौद्धिक उन्नति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज केवल कायस्थ समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज को सत्य, न्याय, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देने वाले देवता हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले तथा न्याय के विधान में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले देव हैं। उनकी आराधना हमें यह स्मरण कराती है कि मनुष्य के प्रत्येक कर्म का अपना महत्व है और जीवन में सदैव सत्य, ईमानदारी एवं सदाचार का पालन करना चाहिए। जिलाध्यक्ष महामंत्री मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त महाराज के पूजन-अर्चन के उपरान्त दिनांक 14 नवम्बर 2026 को सायं 5:00 बजे भगवान चित्रगुप्त महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। उन्होंने समाज के लोगों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 विजय श्रीवास्तव, डा0 बी.एस. सक्सेना, रविन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सभासद, डा0 बद्रीनाथ श्रीवास्तव, डा0 रमेश श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव 'काजू', राजू श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, नागेन्द्र श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेन्द्र दयाल श्रीवास्तव, ओमानन्द श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, सोमेश श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, यशराज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर 17 वर्षीय किशोर की मौत

रोजा,शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के सल्लियां गांव के पास मंगलवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आकर 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची रोजा जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सल्लियां गांव निवासी राजेश कुमार का पुत्र आशीष कुमार (17) मंगलवार दोपहर सीतापुर की ओर से रोजा आ रही किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। इसके बाद रोजा जीआरपी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। परिजनों के अनुसार, आशीष का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। वह कभी-कभी शराब का नशा भी कर लेता था। हालांकि, किशोर ट्रेन की चपेट में किन परिस्थितियों में आया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

अनियंत्रित मोपेड गिरने से चालक गंभीर घायल



समृद्धि न्यूज

तिलहर–शाहजहांपुर । साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में मोपेड अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई । जिससे मोपेड चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को ग्राम रोशनपुर निवासी 26 वर्षीय देशराज अपनी मोपेड से तिलहर से घर जा रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उनकी मोपेड अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मानवता ने मलिन बस्तियों के बच्चों संग मनाई दीपावली

- उपहार और मिठाई बांटकर बांटी खुशियां

समृद्धि न्यूज



शाहजहांपुर। खुशियां केवल अपने घरों को रोशन करने से नहीं, बल्कि किसी और के जीवन में मुस्कान लाने से भी मिलती हैं। इसी भाव के साथ मानवता वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस दीपावली पर मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपों का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था के सदस्यों ने बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी और उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों के बीच दीपावली का उत्साह देखते ही बन रहा था। उपहार और मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था का प्रयास रहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे।उल्लेखनीय है कि मानवता वेलफेयर सोसायटी विगत छह वर्षों से मलिन बस्तियों में शिक्षा की अलख जगा रही है। संस्था द्वारा जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, उन्हें विद्यालयों तक पहुंचाने, शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य पाने का समान अवसर मिलना चाहिए। संस्था के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे आसपास रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुशियों में सहभागी बने। समाज के उन बच्चों तक पहुंचना, जिन्हें अक्सर हमारी खुशियों और उत्सवों में जगह नहीं मिल पाती, संस्था के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा उद्देश्य केवल एक दिन खुशियां बांटना नहीं, बल्कि इन बच्चों के जीवन में शिक्षा और अवसरों के माध्यम से स्थायी उजियारा लाना है। नीरा श्रीवास्तव, मो. शादान, सृष्टि मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा, शगुन सक्सेना, किरण वर्मा, आमिर एवं प्रीत कौर सहित संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

सरकारी कार्य में बाधा और पुलिसकर्मियों पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के मामले में फरेंदा पुलिस ने वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित उर्फ काशी (19) पुत्र अशोक निवासी मथुरानगर टोला भारी वैसी, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी फरेंदा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष फरेंदा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमा अपराध संख्या 223/2026 के तहत दर्ज बीएनएस की धारा 132, 221, 121(1) और 121(2) से संबंधित मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

खेत में मिला 18 वर्षीय युवक का शव, गांव में मचा कोहराम; पुलिस जांच में जुटी

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के सिरसिया मशरकी टोला पीपरवास गांव में मंगलवार की सुबह खेत में एक नवयुवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी शिवनंदन गुप्ता (18-19 वर्ष) पुत्र रामाचल गुप्ता के रूप में हुई है। युवक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह परसामलिक पुलिस को सूचना मिली कि सिरसिया मशरकी टोला पीपरवास गांव के एक खेत में व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान शव की शिनाख्त शिवनंदन गुप्ता के रूप में हुई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों के संबंध में स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। फिलहाल घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है।

संक्षिप्त खबरें

छठ महापर्व के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण



उन्नाव। आगामी छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 11.10.2026 को घनश्याम मीणा, जिलाधिकारी उन्नाव एवं जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा सुशील कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा श्रीआयुष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के साथ थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत गंगा नदी के आनन्द घाट एवं मिश्रा घाट का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के दृष्टिगत घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने, घाटों पर समुचित प्रबंध करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराते हुए पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। इसी क्रम में आगामी छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत श्री प्रदीप कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी बीघापुर द्वारा थाना बारासगवर क्षेत्रांतर्गत ग्राम लालखेड़ा स्थित गंगा घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान घाट की गहराई का गोताखोरों के माध्यम से परीक्षण कराया गया, जिसमें पानी अधिक गहरा नहीं पाया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा घाट की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत घाट पर नावों एवं गोताखोरों की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्नाव पुलिस द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

सदर विधायक ने श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन की तैयारी बैठक ली

उन्नाव। आईबीपी चौराहा स्थित कैंप कार्यालय में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने आगामी श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर तैयारी बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ ही आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि 28 नवंबर से साकेतधाम रामलीला मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। उन्होंने बताया कि कथा के शुभारंभ अवसर पर सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद आईबीपी चौराहा स्थित कैंप कार्यालय से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए आयोजकों की ओर से दो हजार कलश की व्यवस्था की गई है। विधायक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का उद्देश्य लोगों को धर्म और आध्यात्म से जोड़ना तथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में आयोजन की सफलता के लिए व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने पर जोर दिया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता नर सेवा नारायण सेवा के विमल द्विवेदी, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, सभासद बृजेश पांडेय, सभासद मुन्ना सिंह, नवीन सिन्हा, रामबोध शुक्ला, जीएस भदौरिया, मनीष सेंगर सहित अन्य मौजूद रहे।

पीड़ित ई रिक्शा चालक ने कोतवाली में दी तहरीर

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जालेपुर निवासी छविराम ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह ई रिक्शा चलाकर अपना और परिवार के सदस्यों का पेट पालता है। मंगलवार शाम तीन बजे वह ई रिक्शा लेकर बांगरमऊ नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर गया तभी उसका ई रिक्शा अचानक बंद हो गया। इसी दौरान एक कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार सवारों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और ई रिक्शा की चाभी लेकर भी चले गए। पीड़ित ई रिक्शा चालक ने कोतवाली में कार के नंबर के आधार पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

74 वां श्री कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन 12 नवंबर से

बांगरमऊ उन्नाव। नगर में श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति के तत्वावधान में 12 नवंबर दिन गुरुवार से नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर के निकट श्रीकृष्ण लीला मैदान में प्रसिद्ध श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। नगर में विगत लगभग 74 वां श्री कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन 12 नवंबर गुरुवार से शुरू होगा स इस बार श्रीकृष्ण लीला महोत्सव में वृंदावन के स्वामी स्व. हीरालाल शर्मा के लीला मंडल के व्यवस्थापक नंदकिशोर शर्मा के बाल कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया जाएगा। श्री कृष्ण लीला महोत्सव में भक्तों द्वारा आगामी 19 नवंबर दिन गुरुवार को दोपहर के समय श्रीकृष्ण व बलराम की भव्य शोभा यात्रा नगर में निकाली जाएगी। जबकि 20 नवंबर शुक्रवार को महाराज उग्रसेन जी का राजतिलक होगा। श्री दुर्गेश्वर श्रीकृष्ण लीला समिति के अनुसार रासलीला मंडल द्वारा प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक श्री राम की लीलाओं का मंचन तथा सायं साढ़े सात बजे से रात्रि 11 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन प्रस्तुत किया जाएगा।

खेल से स्वस्थ तन नशामुक्त मन- डॉ अमित गौरैया



उन्नाव। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने के साथ साथ युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास ताकि एक सुशिक्षित एवं नशामुक्त युवा समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ राष्टगान से -प्राइमरी लम्बी कूद प्रथम, द्वितीय, तृतीय,आयुष, नितिन, फहीम, जूनियर लम्बी कूद प्रथम आदर्श द्वितीय दीपक तृतीय वंश सीनियर लम्बी कूद प्रथम, द्वितीय, तृतीय, राज,दीपू,नीरज, प्राइमरी ऊंची कूद प्रथम, द्वितीय, तृतीय, आयुष, राम, सोनल जूनियर ऊंची कूद प्रथम, द्वितीय, तृतीय, शशांक, प्रियांशु, सोनल, सीनियर ऊंची कूद प्रथम, द्वितीय, तृतीय, नमन, अनुज, अभय प्राइमरी 100 मीटर दौड़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, नितिन, राम अश्वित, जूनियर 400 मीटर दौड़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सागर, शिवांशु, मनीष सीनियर 800 मीटर दौड़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, अभय, प्रिंस, नीरज प्राइमरीजूनियर मिक्स कबड्डी कैप्टन वीरेंद्र की टीम ने कैप्टन मनीष की टीम को हराया। सीनियर कबड्डी में के.के.आर भगवंतनगर ने बी.टी.बीएनआर को हराया। महिला खो खो मान्य की टीम ने खुशी की टीम को हराया। महिला 400 मीटर दौड़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, अनामिका, खुशी, अंजली 1500 मीटर दौड़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, अभय, प्रिंस, नीरज मुख्य अतिथि में प्रदीप कुमार आईपीएस उन्नाव और सुशील सिंह जूनियर साइंटिस्ट आईआईटीकानपुर ने बच्चों को कैरियर काउंसलिंल और पुरस्कार वितरण किया।

नवीन मंडी में माया ट्रेडिंग कंपनी में लगी आग

- हजारो की नकदी समेत लाखों का सामान जलकर हुआ राख

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र की नवीन मंडी स्थित माया ट्रेडिंग कंपनी में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। दुकान से आग की ऊंची लपटें उठती देखकर मंडी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा नकदी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकान के प्रोपराइटर अक्षय प्रताप सिंह ने बताया कि वह रोज की तरह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात स्थानीय लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। वह आनन-फानन में मौके पर पहुंचे तो दुकान से आग की लपटें उठ रही थीं। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। दुकानदार के मुताबिक आग से अलमारी में रखी करीब 70 से 80 हजार रुपये की नकदी जल गई। इसमें उनकी अपनी रकम के साथ अन्य दुकानदारों के रुपये भी शामिल थे। इसके अलावा दुकान में लगा पूरा सीसीटीवी कैमरा सेटअप, इनवर्टर, बैटरी, जरूरी कागजात, कुर्सी, कूलर, पंखा, तख्त, दो कांटे और किसानों का रखा अनाज भी जलकर राख हो गया। दुकानदार ने अग्निकांड में करीब ढाई से तीन लाख रुपये तक का नुकसान होने का अनुमान जताया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

थाने के पास दिनदहाड़े अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या

- परिवार में मचा कोहराम
- तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ ,कन्नौज। दीपावली की खुशियों के बीच नगर में एक दर्दनाक वारदात से सनसनी फैल गई। नगर के बीचोंबीच कोतवाली थाने के ठीक पास 'कोयला वाली गली' में एक मामूली विवाद के चलते 38 वर्षीय अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात से पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है। इस मामले में मृतक के छोटे भाई अंकित ने आरोपी कांग्रेस नेता अमोल दीक्षित उसके पिता अवध बिहारी दीक्षित और मां मुन्नी देवी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कांग्रेस नेता की मां को हिरासत में ले लिया है। मुख्य अभियुक्त और उसके पिता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 6 टीमें लगाई हैं। उनकी तलाश जारी है पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शहर के मोहल्ला सुभाष नगर (पश्चिमी बाईपास) के रहने वाले अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी पुत्र गणेश शंकर चतुर्वेदी रविवार शाम दीपावली के दिन बाजार जाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान थाने के पास उनकी मुलाकात अमोल दीक्षित से हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया। आरोप है कि अमोल दीक्षित ने अपनी रिवॉल्वर निकालकर अनुज चतुर्वेदी पर गोली चला दी। गोली लगते ही अधिवक्ता लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और फायरिंग की आवाज से इलाके में भगदड़ मच गई। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे अनुज के सहयोगियों ने आनन-फानन में उन्हें गंभीर हालत में 'सौ शैया अस्पताल' पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी मयंक मिश्रा और कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के पीछे की असल वजह, वारदात में प्रयुक्त रिवॉल्वर और अन्य सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

अधिवक्ताओं ने की कलम बंद हड़ताल



छिबरामऊ। मंगलवार को कचहरी खुलते ही अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी और फिर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कलम बंद हड़ताल कर दी।

9 वर्षीय मासूम बेटी के सिर से उठा पिता का साया

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ। इस वीभत्स घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी लक्ष्मी चतुर्वेदी और मां सुमन चतुर्वेदी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अधिवक्ता की करीब नौ साल की एक मासूम बेटी सिद्ध है, जिसके सिर से दीपावली के दिन हमेशा के लिए पिता का साया उठ गया। मृतक अनुज चतुर्वेदी चार भाइयों (अश्विनी, आशुतोष, अंकित और अनुज) में सबसे छोटे थे। उनके पिता गणेश शंकर चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं और वे मूल रूप से गदनपुर तुर्रा (विधायक अर्चना पांडे की ननिहाल) के रहने वाले हैं। रिश्ते के लिहाज से मृतक अनुज चतुर्वेदी भाजपा विधायक अर्चना पांडे के भतीजे लगते थे। जानकारी पर पहुंची विधायक अर्चना पांडे भी फूट फुटकर रो पड़ी। रात में ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर यहां लाया गया और फिर पैतृक ग्राम गदनपुर तुर्रा में कुछ देर रुकने के बाद पांचाल घाट फर्रुखाबाद में अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि आरोपी कांग्रेस का जिला महासचिव है। वह विधान सभा चुनाव की तैयारी कर रहा था। यह भी बताया गया कि आरोपी ने मृतक के चचेरे भाई को थप्पड़ मारा था। इसको लेकर बात करने पर आरोपी ने लाइसेंसी पिस्टल से चार गोलियां अधिवक्ता को मार दी। भाई धीरज ने भाई के हत्यारे का एंकाउंटर किये जाने की इच्छा जताई। उधर घटना के बाद पहुंचे पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद रहे। एएसपी अजय कुमार ने घटना को लेकर जानकारी जुटाई। घटना के पीछे राजनीतिक रंजिश की भी बात बताई जा रही है।

अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी के हत्यारों की गिरफ्तारी और परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की मांग

- उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन ने उठाई आवाज

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अधिवक्ता श्री अनुज कुमार चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन (पंजी.), लखनऊ (उपकास) ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सात सूत्रीय मांगें रखी हैं। ज्ञापन में कहा गया कि ब्राइट टैक्स बार एसोसिएशन कन्नौज के महासचिव एवं अधिवक्ता अनुज कुमार चतुर्वेदी की हत्या से अधिवक्ता समाज में शोक, आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। संगठन ने घटना की निंदा करते हुए दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। संगठन ने मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों और साजिशकर्ताओं को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में निष्पक्ष रूप से कराई जाए तथा सीसीटीवी फुटेज सहित सभी साक्ष्य सुरक्षित रखे जाएं। आरोपितों के असलहा लाइसेंस निरस्त करने, अवैध संपत्ति की जांच और कठोर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई। इसके अलावा पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, सुरक्षा और सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। संगठन ने प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने तथा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की भी मांग उठाई। ज्ञापन पर प्रांतीय अध्यक्ष आरपी यादव और प्रांतीय महामंत्री राकेश शरण मिश्र के हस्ताक्षर हैं। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) को भी भेजी गई है। इस दौरान उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

गोवर्धन का प्रतीक बनाकर पूजा में मांगी सुख समृद्धि

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली की प्रतिपदा पर गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। घरों में गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन का प्रतीक बनाकर महिलाओं ने पूजा- अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। तरह तरह के पकवान बनाकर भगवान गोवर्धन को अर्पित किए गए। माना जाता है कि द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा बंद करा कर भगवान गोवर्धन की पूजा शुरू कराई थी। उस समय इंद्र ने कुपित होकर ब्रजमंडल पर घोर वर्षा शुरू कर दी जिससे बृजवासी परेशान हो उठे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर इंद्र के कोप से ब्रज वासियों की रक्षा की थी। तब से हर साल प्रतिपदा के दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष भी यह परंपरा दोहराई गई। ग्राम खल्ला रूप मंगदपुर में अनीता दुबे, फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में अनामीका तिवारी, सुनीता यादव और मोहल्ला कटरा में स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता के परिवार में माई शॉप की संचालिका शशि गुप्ता सहित बीना, रश्मि आदि ने गोवर्धन की पूजा कर पकवान अर्पित किए।

बुखार का कहर 23 वर्षीय युवती की मौत से गांव में दहशत

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेदेपुर में बुखार का प्रकोप बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत है। मंगलवार रात बुखार पीड़ित 23 वर्षीय शीलम शाक्य की कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार युवती डेंगू से पीड़ित थी। मृतका के भाई अनुज शाक्य ने बताया कि शीलम का पहले कसावा में झोलाछाप चिकित्सक से आठ दिन तक इलाज कराया गया। हालत बिगड़ने पर उसे सौ शैय्या अस्पताल छिबरामऊ लाया गया। यहां से चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिछले वर्ष पिता श्रीराम की भी मौत हो चुकी है। पूर्व प्रधान सुरेंद्र शाक्य के अनुसार गांव के अधिकांश घरों में लोग बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक और दवाएं उपलब्ध न होने की शिकायत की। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है। सीएमओ विकास चंद्रा ने बताया कि कन्नौज से टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।


जमीन विवाद और पारिवारिक कहासुनी में मारपीट, कई लोगों का चालान



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद और पारिवारिक कहासुनी को लेकर अलग-अलग स्थानों पर मारपीट और गाली-गलौज के मामले सामने आए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीन मामलों में कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया। पहला मामला थानपुर गांव का है। यहां निवासी विकास और राजू के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। वहीं, बहादुरपुर गांव में सर्वेश, अंकुर, अवनेश और सुदेश के बीच जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। तीसरा मामला विशुनगढ़ कस्बे का है। यहां निवासी कमलेश कुमार शराब के नशे में परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों मामलों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

दीपावली पर मिठाई व फूल की दुकानों पर उमड़ी भीड़



- सतरंगी आतिशबाजी ने बिखेरी छटा

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। शहर में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घरों और दुकानों में शुभ मुहूर्त के अनुसार गणेश लक्ष्मी का पूजन किया गया। मिठाई और फूल की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। दीपावली वाले दिन भी बाजार में पल-पल पर जाम लगा। मिठाई की दुकानों में देर शाम तक भीड़ लगी रही। पीपल चौराहे के पास सियाराम स्वीट्स एंड बेकर्स के विजय वर्मा एवं गौरव वर्मा ने बताया इस बार 200 से लेकर 1000 रुपए किलो तक की मिठाई लोगों ने खरीदी। विशुनगढ़ तिराहे के पास स्थित सियाराम वर्मा मिष्ठान भंडार के संजय वर्मा व सत्यपाल वर्मा एवं विशुनगढ़ रोड स्थित सियाराम वर्मा मिष्ठान भंडार के जयपाल वर्मा व आकाश वर्मा ने बताया इस बार अच्छी क्वालिटी की मिठाई की मांग भी काफी ज्यादा रही। पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके आसाराम सैनी ने बताया घरों में प्रवेश द्वारों को सजाने के लिए गेंदा के फूलों और आम की पत्तियों की लड़ी खूब बिकी। पूजा के लिए कमल के फूल की भी काफी मांग रही।

अखिलेश यादव ने सांसद निधि से पांच सोलर लाइटें लगवाने का भेजा प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने अपनी सांसद निधि से लोकसभा क्षेत्र में पांच स्थानों पर सोलर लाइटें लगवाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। इससे संबंधित गांवों और मोहल्लों में रात के समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था हो सकेगी। समाजवादी पार्टी के समाजवादी लोहिया बहिनी पूर्व राष्ट्रीय सचिव रोबिन सिंह यादव ने क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए सांसद अखिलेश यादव से पांच स्थानों पर सोलर लाइटें लगवाने की मांग की थी। इस पर सांसद ने पांच सितंबर को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर पोर्टल पर अपलोड कराने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव के तहत नगर की निगम मंडी परिषद में एक सोलर लाइट लगाई जाएगी। इसके अलावा विकास खंड छिबरामऊ के ग्राम अहिरुआ राजारामपुर में अंजेश यादव, मजरा डाल में सलमान खान, ग्राम टीका में बलराम कश्यप और ग्राम बरी में अनिल प्रजापति के घर के पास एक-एक सोलर लाइट लगवाई जाएगी।





प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

- फॉरेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच



जांच पड़ताल करती पुलिस



मृतक का फाइल फोटो

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शमसाबाद थाना क्षेत्र के रामपुर जसू गांव में प्रेम प्रसंग के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष सामने आया है। यहां पुरानी रंजिश के चलते 40 वर्षीय रजनेश राजपूत की लाठी-डंडों से पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बारीकी से साक्ष्य जुटाए।

जानकारी के अनुसार रामपुर जसू निवासी रजनेश राजपूत (40) पुत्र वीरेंद्र राजपूत पिछले कुछ महीनों से विवाद के चलते अपने परिवार के साथ फर्रुखाबाद में रह रहे थे। मृतक के पुत्र गुरवचन का गांव निवासी नेम सिंह के साढ़ू मूल निवासी थाना जहानगंज के गांव बरुआ नगला, हाल निवासी रामपुर जसू धर्मेंद्र कुमार राजपूत की पुत्री साधना के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब आठ महीने पहले गुरवचन साधना को लेकर घर से चला गया था, जिसे बाद में पंचायत के माध्यम से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। इसके लगभग चार महीने बाद साधना एक बार फिर गुरबचन के साथ चली गई। इसी रंजिश के चलते गत 24 जून को भी नेम सिंह ने रमापुर चौराहे पर रजनेश पर हमला किया था, जिसकी नामजद रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। मृतक के भाई अमोल के अनुसार मंगलवार रात करीब नौ बजे आरोपियों ने रजनेश के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची थी और बीच-बचाव कर भाई के घर भेजकर वापस लौट गई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद नेम सिंह, उसकी अज्ञात पत्नी, साढ़ू धर्मेंद्र, उसकी पत्नी रजनी और चार अन्य अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर रजनेश के साथ जमकर मारपीट की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। हमले के बाद रजनेश घर में बेहोशी की हालत में थे और अगली सुबह उनका शव हैंडपाइप के पास मिला। बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे भाई अमोल ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति का जायजा लिया।

इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक की पत्नी आरती, पुत्र गुरवचन व गोलू, तथा पुत्रियां दीक्षा और दिव्या का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि घटना की अभी मौखिक सूचना मिली है। परिजनों की ओर से लिखित तहरीर मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की तलाश और मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



रोते बिलखते परिजन



जांच पड़ताल करती पुलिस

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

पिता के साथ घर आ रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर बीमारी में उनके पास छोड़ने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर छितमा निवासी कुंवर सेन जाटव लुधियाना में परिवार के साथ रहकर चाट पकौड़ी का काम करते हैं। मंगलवार सुबह चौबीस वर्षीय विवाहित बेटी पूजा के साथ घर वापस आ रहे थे। सुबह लगभग छः बजे बेटी की हालत बिगड़ गई और उनकी कासगंज के निकट मौत हो गई। स्वजन शव लेकर घर चले आए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने पिता ने बेटी के ससुरालीजनों पर इलाज न कराकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। पिता के अनुसार उन्होंने बेटी की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी पृथ्वी जाटव के साथ की थी। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से उनकी बेटी बीमार चल रही थी। ससुरालीजनों ने उसका इलाज न कराकर लगभग दो माह पूर्व पूजा का पति पृथ्वी जाटव उनके पास छोड़ आया। भैया दूज के त्यौहार पर घर आते समय बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव मंगलवार दोपहर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के एक नौ माह का बेटा भी है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया पिता ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। मौत का कारण स्पष्ट करने के लिये पीएम कराया गया है।

स्कूटी की टक्कर से साइकिल सवार चूड़ी विक्रेता की मौत



मृतक का फाइल फोटो

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज-मंझना मार्ग पर पीछे से आ रहे स्कूटी सवार युवक ने एक साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। साइकिल सवार चूड़ी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। नगर पंचायत नवाबगंज के गांधी नगर वार्ड नंबर 14 बरतल वाली गली निवासी सलामत सिद्दीकी पुत्र सुल्तान सिद्दीकी पेशे से चूड़ी विक्रेता थे और फेरी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रोज की तरह वह अपनी साइकिल से फेरी लगाने के लिए मंझना की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नवाबगंज चौराहे से मंझना मार्ग पर पहुंचे, पीछे से आ रहे एक स्कूटी सवार ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सलामत सिद्दीकी साइकिल समेत सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए घायल सलामत सिद्दीकी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। सीएचसी के डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल से भी स्थिति में सुधार न होने पर उन्हें आगे के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगरा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र साकिर सिद्दीकी, जाकिर सिद्दीकी और नाजिम सिद्दीकी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने जानकारी दी कि अभी तक पुलिस को इस घटना की कोई आधिकारिक सूचना या तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जीआरपी पुलिस ने लौटाई 20 लाख के जेवरात से भरी ट्रॉली बैग

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



ट्राली बैग के साथ परिजन व जीआरपी पुलिस

जीआरपी पुलिस ने ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए रेलवे स्टेशन पर छूटी करीब 20 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषणों से भरी ट्रॉली बैग को उसके मालिक के सुपुर्द कर दिया। बैग में 25 हजार 100 रुपये की नकदी भी रखी थी। अपना कीमती सामान सुरक्षित वापस पाकर यात्री और उसके परिवार ने जीआरपी पुलिस का आभार जताया।

जानकारी के अनुसार 9 नवंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को एक लावारिस ट्रॉली बैग दिखाई दिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी बैग पर अपना दावा करने नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस टीम ने बैग को कब्जे में लेकर उसकी वीडियोग्राफी कराई और नियमानुसार खोलकर जांच की। बैग के अंदर 25 हजार 100 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य कीमती सामान मिला। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद बैग के वास्तविक मालिक की पहचान शाहजहांपुर निवासी करीब 34 वर्षीय असलम अंसारी के रूप में की। असलम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ फर्रुखाबाद आए थे और यहां से सड़क मार्ग से शाहजहांपुर जाते समय कीमती सामान से भरा ट्रॉली बैग रेलवे स्टेशन पर ही छूट गया था। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा की मौजूदगी में आवश्यक पहचान और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पूरी ट्रॉली बैग सुरक्षित उसके मालिक को सौंप दी गई। करीब 20 लाख रुपये के जेवरात और नकदी वापस मिलने पर असलम और उनके परिवार के चेहरे पर खुशी लौट आई। परिवार ने जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा सहित पुलिस टीम की ईमानदारी और सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

पुआल हटाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

- दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के मोहल्ला नया गनीपुर में रविवार शाम पुआल हटाने को लेकर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। मारपीट से जुड़े कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, हालांकि समाचार पत्र इन वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मोहल्ला नया गनीपुर निवासी पंकज जाटव के अनुसार, रविवार रात करीब आठ बजे उसने मोहल्ले के ही एक युवक से अपनी जगह पर पड़े पुआल को हटाकर दूसरी जगह रखने और वहां थ्रेसर से चारा कटवाने की बात कही थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर युवक और उसके परिजन नाराज हो गए तथा जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पंकज के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए पंकज घर के अंदर भागा तो हमलावर घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने पंकज, उसकी पत्नी सीमा, पुत्र आर्यन और हर्षवर्धन के साथ मारपीट की। घटना में पंकज, सीमा और आर्यन घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाने पहुंचकर तहरीर दी है। उनका आरोप है कि घर की लड़कियां जब शौच के लिए जाती हैं तो विपक्षी युवक मोबाइल की टॉर्च जलाकर उनकी ओर रोशनी करता है और परेशान करता है। इसी बात को लेकर रविवार रात गली में विवाद हुआ था। सोमवार सुबह पंकज जाटव ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो के तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

खबरें एक नजर में

कारखाने से चोरों ने सामान व उपकरण किये चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज। चोरों ने नकब लगाकर कारखाने में रखा सामान व अन्य उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी मनोज कुमार ने दी तहरीर में बताया कि वह रविवार शाम कारखाने के हाल में ताला लगाकर घर चले गए। सोमवार की बीती रात किसी पहर चोर कारखाने की पीछे दीवार में नकब लगाकर घुस गए। चोरों ने कारखाने में लगे इनवर्टर, बैटरी, तीन टिन तेल सहित अन्य समान चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह कारखाने पहुंचे मनोज को घटना की जानकारी हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जुए के पैसों को लेकर दो पक्षों में मारपीट

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रेम नगर में जुए के पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार गांव में कुछ दिन पहले भी गोविंद नाम के युवक से विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर दबंगों ने मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

जेवर हड़पने व बैंक खाते में मोबाइल नंबर बदलवाने का आरोप

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के पुराना गनीपुर निवासी नेमा देवी ने परिवार के ही एक युवक पर जेवर अपने पास रखने और बैंक खाते में अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि युवक आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। साथ ही उसे घर से निकालने की धमकी भी देता है। नेमा देवी ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उनके पति की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद वह परिवार के ही एक युवक के साथ आपसी सहमति से रहने लगी थीं। आरोप है कि इस दौरान युवक ने उनके जेवर भी अपने पास रख लिए और उनके बैंक खाते में अपना मोबाइल नंबर दर्ज करवा दिया। महिला का कहना है कि अब युवक आए दिन उसके साथ विवाद करता है और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करता है। सोमवार दोपहर नेमा देवी ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने युवक के खिलाफकार्रवाई करने और अपने जेवर वापस दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर महिलाओं को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव मंझना निवासी मालती देवी ने सोमवार को थाने पहुंचकर गांव के ही दो लोगों के खिलाफमारपीट की तहरीर दी। मालती देवी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे गांव के ही युवक अपने साथियों के साथ उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर युवक गाली-गलौज करने लगे। मालती देवी ने इसका विरोध किया तो उनकी देवरानी निशा ने भी गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपियों ने मालती देवी और निशा के साथ लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों घायल हो गईं। मालती देवी का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके कान के कुंडल और मंगलसूत्र का पेंडल कहीं गिर गया। पीड़िता ने आरोपियों पर जेवर गायब होने का भी आरोप लगाया है। सोमवार को मालती देवी ने थाने पहुंचकर दो लोगों के खिलाफतहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में जांच सुविधाओं का विस्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला अस्पताल डॉ0 राम मनोहर लोहिया में मरीजों को उपचार के साथ आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध कराने पर स्वास्थ्य विभाग का विशेष जोर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय के निर्देशन में जांच एवं उपचार व्यवस्था को इस तरह मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मरीजों को जांच के लिए अनावश्यक रूप से निजी केंद्रों या अन्य स्थानों पर न जाना पड़े। अस्पताल में चिकित्सक द्वारा मरीज की स्थिति के अनुसार आवश्यक जांच कराकर उसकी रिपोर्ट के आधार पर उपचार को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे मरीज को एक ही स्वास्थ्य संस्थान में जांच और उपचार की सुविधा मिलने से समय तथा अतिरिक्त खर्च दोनों बचाने में मदद मिलती है। विशेष रूप से भर्ती मरीजों और गंभीर मरीजों के उपचार में समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध होना उपचार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि उपलब्ध जांच सुविधाओं का अधिकतम लाभ मरीजों को मिले और जांच व्यवस्था में अनावश्यक देरी न हो। सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने कहा कि मरीज को बेहतर उपचार तभी मिलेगा, जब बीमारी की सही समय पर पहचान हो और आवश्यक जांच की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से जिला अस्पताल की जांच एवं उपचार व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए कम से कम परेशानी उठानी पड़े।

दबंगों ने बाप-बेटों को पीटा, मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव सिवारा खास निवासी राघव मिश्रा ने दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे। उसी समय पड़ोसी संतोष, देवकांत शुक्ला, उत्कर्ष दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर दी। बचाने आए पिता राजपाल व भाई माधव को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गया।

पटाखे के विस्फोट से बर्तन का टुकड़ा गले में घुसा, मौत

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

पटाखे के विस्फोट से फटा स्टील के बर्तन का टुकड़ा बालक की गर्दन में घुस गया। जिससे बालक घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्वजन आनन फानन में बालक को निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजन शव लेकर घर चले गए। नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी अजय कठेरिया का आठ वर्षीय पुत्र सम्राट सोमवार सुबह लगभग नौ बजे बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। उसी समय किसी बच्चे ने स्टील के बर्तन के अंदर रखकर पटाखा चला दिया। विस्फोट होने पर स्टील का टुकड़ा बालक के गले में घुस गया। बालक कुछ दूरी तक भागकर लुहुलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक के चीखने की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्वजन आनन फानन में बालक को निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां से उन्होंने बालक को फर्रुखाबाद ले जाने की सलाह दी। फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में बालक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। मृतक की मां काजल का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक तीन भाई बहिनों देव व गोल्डी में दूसरे नंबर का था। स्वजन शव लेकर घर चले गए। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मौखिक सूचना मिली है।

खेत में किसान ने फांसी लगाकर दी जान

कंपिल, समृद्धि न्यूज। घर से निकले किसान ने खेत में बने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घर न लौटने पर स्वजनों ने जाकर देखा तो चीखपुकार मच गई। स्वजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र के गांव रौकरी निवासी कमलेश शाक्य सोमवार सुबह चाय पीकर खेत जाने की बात कहकर घर से निकल गए। उन्होंने खेत पर बने कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी समय बीतने के बाद घर न लौटने पर स्वजनों ने खेत पर जाकर देखा तो उनकी चीख निकल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजन शव उतारकर घर ले गए। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने सोमवार दोपहर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। स्वजनों के अनुसार वह पारिवारिक विवाद के कारण परेशान थे। मृतक के चार पुत्र हैं। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की सूचना नहीं मिली है।

रेडीमेड कपड़ों की दुकान में आग लगने से जला सामान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



आग के बाद का दृश्य

लाल गेट स्थित तकिया कब्रिस्तान के बाहरी हिस्से में स्थित एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में दुकान में रखे रेडीमेड कपड़े और अन्य सारा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे दुकानदार को करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानें बाल-बाल बच गईं।

मोहल्ला गुदड़ी थाना मऊदरवाजा क्षेत्र निवासी दुकान मालिक जावेद ने बताया कि वह रोजाना की तरह रविवार शाम करीब सात बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे डिग्गीताल निवासी उनके पड़ोसी सुनील ने उनके घर पहुंचकर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जावेद तुरंत मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान आग की तेज लपटों से घिरी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अभय वर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने भी बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का पूरा प्रयास किया। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की। आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

मार्टीन से कमरे में लगी आग बालक सहित दो झुलसे

कंपिल, समृद्धि न्यूज। मार्टीन से कमरे में आग लग गई। कमरे में सो रहा बालक व मासूम गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें कमरे से बाहर निकाला। स्वजन आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर निवासी सलमान पत्नी गुलशन बानो के साथ मंगलवार की बीती रात अपने पांच वर्षीय बेटे अल्तमश व नौ माह के अदनान को कमरे में सुलाकर पड़ोस के एक शादी समारोह में शामिल होने चले गए। कमरे में जल रही मॉर्टीन से किसी पहर कमरे में आग लग गई। आग की लपटें व धुंआ उठता देख लोगों में चीखपुकार मच गई। स्वजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को कमरे से बाहर निकाला। आग से अल्तमश व अदनान गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। लोहिया में दोनों का इलाज जारी है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जानकारी नहीं मिली है।

मारपीट के मामले में तीन सगे भाईयों पर मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक व उसके स्वजनों को लाठी-डंडे व टकोरा मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर तिहैया निवासी आकाश ने बताया कि उनका छोटा भाई अनमोल रविवार शाम लगभग सात बजे खेत से घर आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी सोनू, मनोज व प्रमोद ने रोक लिया। तीनों युवकों ने किसी बात को लेकर अनमोल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों व टकोरा से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह लुहुलुहान होकर जमीन पर गिरा पड़ा। राहगीरों ने मामले की सूचना अनमोल के स्वजनों को दी। अनमोल को बचाने आए स्वजनों प्रदीप कुमार, साधना देवी, अमन व चन्दन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपित युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

दबंगों ने दो भाईयों को मारपीट कर किया घायल

कंपिल, समृद्धि न्यूज। गाली गलौज का विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव कमलपुर दूंदेमई निवासी किशनपाल ने बताया कि रविवार देर रात वह घर पर थे। उसी समय पड़ोस के कुछ लोग घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अन्य स्वजनों ने उन्हें लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। किशनपाल की चीखपुकार की आवाज सुनकर बचाने आए भाई राजू के सिर में हमलावरों ने टकोरा मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पीड़ित ने सोमवार सुबह स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधारी के रुपये मांगने पर खूनी संघर्ष, दो लोग घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगला उम्मेद गांव में उधारी के महज 7,200 रुपये मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। आरोप है कि पैसे मांगने से गुस्साए पड़ोसियों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर दो लोगों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामपाल सिंह पुत्र जय सिंह ने रविवार शाम करीब सात बजे अपने एक पड़ोसी से अपने उधार दिए गए 7,200 रुपये वापस मांगे। इस बात पर आरोपी पक्ष भड़क उठा और गाली-गलौज करने लगा। जब रामपाल सिंह ने इस अभद्रता का विरोध किया तो आरोपियों ने कथित तौर पर अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया और दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर हमलावरों ने रामपाल सिंह और उनके साथ मौजूद जबर सिंह पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजनों व ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान जबर सिंह की हालत में सुधार न होने और स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया है। सोमवार सुबह पीड़ित रामपाल सिंह ने थाने पहुंचकर चार लोगों के खिलाफनामजद शिकायती पत्र सौंपा। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफसाक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

पेट्रोल पंप पर क्यूआर कोड को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग व मारपीट

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

दोनों पक्षों से कई घायल

थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बलोखर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर सोमवार शाम मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग और खूनी संघर्ष हुआ। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम लगभग 5 बजे गांव सिकन्दरपुर नगला विनायक निवासी नितिन कुमार पुत्र मिथलेश कुमार बलोखर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डालने का कार्य कर रहा था। उसी दौरान गांव नगला बांसमई निवासी विशाल अपने साथियों के साथ बाइक लेकर पेट्रोल डलवाने पहुंचा। पेट्रोल डलवाने के बाद जब विशाल ने भुगतान के लिए नितिन कुमार से क्यूआर कोड मांगा, तो नितिन ने अपने व्यक्तिगत फोन का क्यूआर कोड दे दिया। इस बात पर विशाल ने आपत्ति जताई और अपने फोन के क्यूआर कोड पर पैसे न डालकर पेट्रोल पंप के आधिकारिक क्यूआर कोड पर ही भुगतान करने की जिद की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर नितिन ने अंततः पेट्रोल पंप का क्यूआर कोड उपलब्ध कराया, जिसपर विशाल ने भुगतान कर दिया। विवाद की भनक लगते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारी और नितिन कुमार के साथी भी मौके पर पहुंच गए, जिससे दोनों पक्षों में तीखी नोकझोक के बाद हाथापाई शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान स्थिति तब और अधिक बिगड़ गई जब दोनों पक्षों की ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। गोलियों की आवाज से मौके पर भगदड़ मच गई और आसपास के इलाके में भारी अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। इस खूनी संघर्ष और फायरिंग में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष से पेट्रोल पंप कर्मी नितिन कुमार व दूसरे पक्ष से विशाल कुमार नगला बांसमई, निखिल कुमार चांदपुर, आदित्य कुमार व अनमोल समेचीपुर तथा दयानंद व धर्मेंद्र दुबे सिकन्दरपुर नगला विनायक घायल हो गये।



मौके पर मौजूद ग्रामीण

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार और बबना चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल से तीन लोगों को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। सभी घायलों को तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विशाल और निखिल की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया है।

घायल पेट्रोल पंप कर्मी नितिन कुमार ने इस मामले में दो नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने तथा जेब से 20 हजार रुपए निकाल लेने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने एहतियातन गांव सिकन्दरपुर नगला विनायक में पुलिस बल को तैनात कर दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

श्री राधा माधव मंदिर में धूमधाम से मनी गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा सामाजिक समरसता की स्थापना का पर्व

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पांचाल क्षेत्र- छोटी काशी, गंगा तट पर बसा फर्रुखाबाद नगर जहां शिव-शक्ति, श्रीराधाकृष्ण के मंदिरों और घरों में श्री गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना-वंदना वसुधैव कुटुम्बकम् के अंतर्गत परिवार और समाज में बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुई।

परिवारों में नारीशक्ति के द्वारा गाय के गोबर से वसुधैव कुटुम्बकम् के अंतर्गत भगवान कृष्ण गोवर्धनधारी, ब्रज क्षेत्र के गोपी-गोपिकाओं का सुंदर दृश्य बनाया गया। भगवान इंद्र का घमंड दूर किया और सामूहिक आरती, गोप-गोपिकाओं का सहयोग, कृषि, गौवंश, पर्यावरण के संकट को दूर किया। इसी परंपरा में नगरवासियों ने यह सामूहिक पर्व परंपरागत भारतीय सनातन संस्कृति का मंगलमय संयुक्त परिवार का, सामूहिक शक्ति संगठन का मंगलमय कामनाओं के साथ गोवर्धन पूजा का संदेश दिया। श्रीराधाकृष्ण मंदिरों में मुख्य रूप से



गोबर से बने गिरिराज

प्रातः काल भगवान कृष्ण के मंगला दर्शन, आरती, प्रसाद हुआ। प्रातः काल की बेला में भगवान कृष्ण-गोवर्धनधारी एवं गोप-गोपिकाओं का परिवार गौ के गोबर की प्रतिमाएं तो कहीं गोवर्धन महाराज पर्वताकार आकृतियां तैयार करके पूजा-अर्चना-वंदना की गई, छप्पन भोग, अमृतमयी प्रसाद का भोग लगाया। गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करके मंगलमय परिवार और समाज के लिए कामना की गई। नगर के श्री राधा माधव मंदिर, घमंडी कूंचा पंचाल नगर में गोवर्धन पूजा महा आरती एवं अन्नकूट महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के सेवायत वैष्णव आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने गोवर्धन पूजा के आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा सामाजिक समरसता की स्थापना का पर्व है। आज कई लोग सनातन धर्म की आलोचना करते हैं, क्योंकि उन्होंने सनातन धर्म को पढ़ा ही नहीं, जानना भी नहीं चाहा। उनका उद्देश्य केवल राजनीतिकरण होता है। वास्तव में आज से पांच हजार वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने सामाजिक समरसता के लिए सामूहिक भोज प्रारंभ किया और उसका माध्यम बने भगवान गिरिराज। वहीं महाकाल मंदिर में श्रीराधाकृष्ण के विग्रह में गोवर्धन पूजा साध्वी आचार्य अर्चना दीक्षित ने विधिवत पूजा महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया। श्रीराम जानकी मंदिर, महालक्ष्मी, खाटूश्याम मंदिर कोठा पार्चा में खाटू श्याम का पूजन, गोवर्धनधारी कृष्ण की पूजा-अर्चना, छप्पन भोग, आरती प्रसाद पं0 विजय प्रकाश तिवारी, अनिल त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, विजय खन्ना, मयंक गुप्ता, सर्वेश दीक्षित आदि ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, सुरेन्द्र सफ्फड़, समाजसेवी संजय गर्ग, विनोद अग्निहोत्री मौजूद रहे।

पांच युवाओं ने सरकारी नौकरी हासिल कर गांव का नाम किया रोशन

नगला मना में हुआ सम्मान समारोह

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विकास खंड नवाबगंज के ग्राम नगला मना में सरकारी नौकरी प्राप्त कर गांव का नाम रोशन करने वाले युवाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। बीते चार वर्षों में गांव के पांच युवाओं ने सरकारी नौकरी हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। समारोह के मुख्य आयोजक सुखवीर यादव ने युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि गांव के बच्चों को शिक्षित करना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भले ही नमक-रोटी खाकर गुजारा कर



कार्यक्रम में मौजूद युवा

लेना, लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाना। वरिष्ठ सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले सुखबीर सिंह यादव ने डायरेक्ट हवालदार का पद हासिल करने के बाद ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे गांव के बच्चे अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। युवाओं की सफलता पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। समारोह में शिक्षा के महत्व और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर जोर दिया गया।

मोबाइल दुकान में घुसकर की मारपीट व तोड़फोड़

- गुल्लक तोड़कर नकदी ले जाने का आरोप
- आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के रकाबगंज खुद स्थित मोबाइल की दुकान पर पुरानी कहासुनी को लेकर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दुकानदार व बीच-बचाव करने आए उसके साथियों के साथ लाठी-डंडों व बेल्ट से जमकर मारपीट की। दुकान का फर्नीचर तोड़ डाला तथा गल्ले से हजारों रुपये की नकदी व सामान लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।



जानकारी देता पीड़ित

रकाबगंज खुद निवासी विवेक राजपूत पुत्र राजेश राजपूत की थाने के पास ही मोबाइल की दुकान है। पीड़ित के अनुसार 9 नवंबर को शाम करीब 6:30 बजे उज्जैन नगला निवासी नागेश शाक्य, चंदन शाक्य और कुछ अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर आए। पूर्व में हुई कहासुनी को लेकर नागेश व चंदन गाली-गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और बेल्टों से सड़क पर गिराकर बुरी तरह मारपीट की।बीच-बचाव करने आए विवेक के दोस्त करन पुत्र बबलू राठौर निवासी रकाबगंज खुर्द और उसके भाई के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि चंदन और नागेश दुकान के अंदर घुस आए और पूरा फर्नीचर तोड़कर सारी एसेसरीज फैला दी। दुकान पर रखे लगभग 20 पीस नए कीपैड फोन तोड़ दिए तथा काउंटर पर चढ़कर तोड़फोड़ की। इसके अलावा वे गुल्लक तोड़कर उसमें रखे करीब 3,000 रुपये नकद और उस दिन की पूरी दुकानदारी के रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित विवेक राजपूत ने थाना मऊदरवाजा के थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

फर्रुखाबाद स्थापना दिवस पर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षिकायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को नमन करते हुए विद्यालय परिसर में फर्रुखाबाद स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और तार्किक क्षमता को निखारने के लिए वाद-विवाद डिबेट, चित्रकला और पेंटिंग प्रतियोगिताओं आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने विद्यार्थियों को फर्रुखाबाद के ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराया और उन्हें जिले के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन और बच्चों के मार्गदर्शन में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं कुमारी वीना एडवर्ड, नीतिका सैनी और ममता पोर्सिया पॉल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इन शिक्षिकाओं ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाते हुए बच्चों की प्रतिभा को परखा, उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की।

हर्षोल्लास संग मना फर्रुखाबाद स्थापना दिवस

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 10 नवंबर को स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया गया। छात्र-छात्राओं को जिले के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराया गया और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए कई रचनात्मक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जिले के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 10 नवंबर 1801 को ही अंग्रेजों ने अवध के नवाब से फर्रुखाबाद को जिला बनाने के लिए अपने अधीन लिया था। राष्ट्रीय अभिलेखागार, उत्तर प्रदेश के दस्तावेज भी इस ऐतिहासिक तथ्य की पुष्टि करते हैं। छात्रों को बताया गया कि किस तरह फर्रुखाबाद ने अपनी सांस्कृतिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक पहचान को सदियों से



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

संजोकर रखा है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों ने अपने कैनवास पर जिले की ऐतिहासिक धरोहरों, संस्कृति और प्रकृति के सुंदर रंग उकेरे। छात्रों ने जिले के विकास, इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर अपने तार्किक विचार प्रस्तुत किए। प्रदेश और जनपद के इतिहास, भूगोल और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों के जवाब देकर विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और स्थानीय इतिहास को जानने का अवसर मिलता है।

खबरें एक नजर में

चार निरीक्षकों के तबादले

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। तबादलों का विवरण नि0 विजय सिंह को प्र0नि0 कोतवाली फतेहगढ़ से पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक मुन्नालाल को कोतवाली मोहम्मदाबाद से नि0अ0 कोतवाली फतेहगढ़ भेजा गया है। नि0 तेज सिंह को नि0अ0 कोतवाली फतेहगढ से नि0अ0 कोतवाली मोहम्मदाबाद भेजा गया है। निरीक्षक आलोक दुबे को पुलिस लाइन से चुनाव सेल भेजा गया है।

सरकारी अस्पतालों में दवा उपलब्धता पर विशेष निगरानी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को इलाज के साथ जरूरी दवाएं भी समय पर उपलब्ध कराने पर स्वास्थ्य विभाग की विशेष निगरानी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय के निर्देशन में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक और वितरण व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि मरीजों को जरूरी दवाओं के लिए भटकना न पड़े। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों में आवश्यक दवाओं के स्टॉक पर नजर रखने के साथ मांग के अनुसार दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। दवा वितरण व्यवस्था में यह भी देखा जा रहा है कि मरीज को चिकित्सक की सलाह के अनुसार निर्धारित दवा समय पर उपलब्ध हो और स्टॉक में कमी की स्थिति पहले से सामने आ सके। इसके साथ ही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत संचालित केंद्र मरीजों के लिए कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। जन औषधि योजना के उत्पाद बास्केट में विभिन्न रोगों से संबंधित बड़ी संख्या में दवाएं शामिल हैं, जिससे हृदय रोग, मधुमेह, संक्रमण, एलर्जी और अन्य सामान्य बीमारियों की दवाओं तक किफायती पहुंच बढ़ी है। सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का उद्देश्य मरीज को जांच और चिकित्सकीय परामर्श के साथ जरूरी उपचार भी उपलब्ध कराना है। दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की कमी न हो, इसके लिए स्टॉक की निगरानी और आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

इमरजेंसी में त्वरित इलाज पर जोर, गंभीर मरीजों के लिए व्यवस्था और मजबूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला अस्पताल डॉ0 राम मनोहर लोहिया की इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को जल्द से जल्द आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर स्वास्थ्य विभाग का विशेष फोकस है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय के निर्देशन में इमरजेंसी सेवाओं में मरीज की स्थिति के अनुसार तत्काल उपचार और आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीजों के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय उपचार शुरू होने का होता है। ऐसे में गंभीर मरीजों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सकीय परीक्षण और उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार मरीज को संबंधित विशेषज्ञ सेवा से जोड़ने और गंभीर मरीजों की लगातार निगरानी की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि दुर्घटना, अचानक गंभीर बीमारी, सांस संबंधी परेशानी, तेज बुखार अथवा अन्य आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज को उपचार के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय ने कहा कि इमरजेंसी सेवा में समय ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए चिकित्सकीय टीम को मरीज की गंभीरता के अनुसार तत्काल उपचार उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार आगे की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसका सीधा लाभ गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को मिल रहा है।

महाकाल मंदिर में मना गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

महाकाल मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया। पर्व को अन्नकूट महोत्सव के रूप में भी जाना जाता है। महाकाल मंदिर के प्रमुख महंत स्वामी अर्चन दीक्षित ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में अन्नकूट और छप्पन भोग का विशेष प्रसाद तैयार किया गया। जिसमें कढ़ी-चावल, पूड़ी, सब्जी तथा फल-फूल आदि से भोग प्रसाद बनाया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर उपस्थित भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

उत्सव के दौरान भजन कीर्तन करने वाले भक्तों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के भजनों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने और जल चढ़ाने का



प्रसाद बनाती महिलायें

विशेष विधान निभाया गया। मान्यता है कि गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस पावन अवसर पर अवधेश बाजपेयी, रामनाथ पाल, चन्दन बाल्मीकि, दीपक, सुमित तथा निर्मला बाजपेयी, जगदेवी, सरोज सक्सेना, शिक्षा, शिखा, कैलाश आदि ने भजन-कीर्तन किया। कढ़ी-चावल, बाजरा, पूड़ी, सब्जी, फल-फूल, मिष्ठान आदि प्रसाद का भगवान गोवर्धन महाराज को भोग लगाकर उन्हें प्रसन्न किया गया। इस दौरान तिलक राम, रामबाबू चौरसिया, लाबाराम श्रीवास्तव, बालकृष्ण ने व्यवस्था संभाली। इसके अलावा मैनपुरी व कुर्रा से आए भक्तों ने भी पूजा में भाग लिया।

जिनमें सेना राजपूत, मीना राजपूत, हरिओम गहलोत, सुषमा गहलोत शामिल रहे।

कुंडी बजाने का विरोध करने पर बुजुर्ग पर किया धारदार हथियार से हमला

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

नगर के मोहल्ला बरतल में रविवार रात दरवाजे की कुंडी बजाने का विरोध करने पर दो युवकों ने एक बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल से रेफर किया गया।

मोहल्ला निवासी धर्मवीर पुत्र राम सिंह के अनुसार रविवार रात करीब 10 बजे उनके पिता राम सिंह खाना खाने के बाद घर पर लेटे हुए थे, तभी मोहल्ले के दो युवक घर पहुंचे और दरवाजे की कुंडी बजाने लगे। आवाज सुनकर राम सिंह दरवाजे पर आए और



घटना की जानकारी देता घायल

युवकों से कुंडी बजाने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की आवाज सुनकर धर्मवीर मौके पर पहुंचे और पिता को बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोप है कि एक युवक ने धारदार हथियार से राम सिंह के चेहरे और गर्दन पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।

परिजनों ने घायल राम सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। धर्मवीर ने सोमवार को थाने पहुंचकर दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी मारपीट कर चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आने वाली पीढ़ी को देनी चाहिए धर्म की शुद्धता और शक्ति की शिक्षा : कोमल

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा ग्राम मिल्क मौज मुल्ला ब्लॉक शमशाबाद में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता लिाउपाध्यक्ष सत्यमवर्मा ने की। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष अंगद पाण्डेय कोमल ने कहा हम लोगों को अपने आने वाली पीढ़ी के लिए धर्म की शुद्धता और शक्ति की शिक्षा देनी चाहिए, धर्म कितना शुद्ध और कितना शक्तिशाली है इसका ज्ञान न होने के कारण ही लोग धर्म से दूर होते जा रहें हैं। अंगद पाण्डेय ने कहा अभी हाल में रिलीज हुई रामायण फिल्म और इस तरह की कई अन्य फिल्में हमारे आने वाली पीढ़ी को धर्म की उल्टी शिक्षा दे रही है। हमारी पीढ़ी को रामायण और श्रीमद भगवत गीता का शुद्ध ज्ञान प्राप्त होना चाहिए, जिससे उनका चरित्र और चित्त दोनों बलवान बने। आचार्य अम्बरीष तिवारी ने सनातन के ध्वज पताका लेकर चलने वाले डॉ0 प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए सभी को एकजुट होने के आह्वान किया। आचार्य का कहना था कि संगठन की क्रिया कलापों के अनुसार सभी को सप्ताह में एक दिन एकत्र होकर धर्म पर चर्चा करनी चाहिए। यह भी एक तरीका है जिसमें धर्म का प्रसार होता है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत ने बढ़पुर ब्लॉक और शमशाबाद ब्लॉक के नवीन पदाधिकारीयों को माला पहनकर उनका सम्मान किया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष सत्यम वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं गणों को सदैव सनातन के लिए एकत्र रहने और तैयार रहने के लिए कहा। सत्यम वर्मा बताया हमारा संगठन का उद्देश्य गांव-गांव शहर शहर और हर घर पहुंचने का है, जिस तरह से आज हम लोग यहां यह बैठक करने के लिए आए हैं, इसी तरह से अन्य गांव में भी बैठक करेंगे। जिस तरह से यह संगठन बढ़ेगा। इस तरह से सनातन भी मजबूत होगा। दलवीर शास्त्री ने सनातन धर्म की शिक्षा दी। सभी लोग मिलकर अपने धर्म को मजबूत करेंगे। ग्राम प्रधान मनोज राजपूत ने भी संगठन के साथ रहकर कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देने का प्रण लिया। मनोज राजपूत ने कहा कि संगठन जिस तरह से सनातन के लिए घर-घर प्रचार कर रहा है, हमारा सभी का दायित्व है कि संगठन के साथ मिलकर कार्य करें। नवीन दायित्व में शमशाबाद ब्लाक से नारायण राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष, अश्वनी राजपूत ब्लॉक मंत्री, अनुराग ब्लॉक उपाध्यक्ष और बढ़पुर ब्लॉक से शिवम राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष, अवनीश राजपूत ब्लॉक उपाध्यक्ष, शिवा शुक्ला ब्लॉक मंत्री, मंगल राजपूत उपाध्यक्ष के अलावा आशुतोष राजपूत, प्रशांत शाक्य, हरिओम तिवारी, अनंत राम श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, कुलदीप दीक्षित, वंश राजपूत, रमन तिवारी, ब्रह्मा गुप्ता, गणेश, विनोद तिवारी आदि उपस्थित रहे हैं।

गोवर्धन पूजा पर नवाबगंज गौशाला में हुआ हवन-पूजन

नगर अध्यक्ष अनिल राजपूत ने की गौमाता की आराधना

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

गोवर्धन पूजा के पावन और पवित्र पर्व पर नगर पंचायत नवाबगंज की गौशाला में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष ने सपत्नीक/सहयोगियों सहित गौमाता की पूजा-अर्चना की तथा उन्हें गुड़, चारा खिलाकर उनकी सेवा की। इस धार्मिक और पवित्र अनुष्ठान के माध्यम



हवन पूजन करते नगर पंचायत अध्यक्ष

से उन्होंने क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि गौसेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। गोवर्धन पूजा का यह पर्व हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश देता है।

नगर पंचायत की गौशाला में बेसहारा गोवंश की देखभाल और उनके लिए बेहतर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनमें अम्बुज भारद्वाज, विनोद शर्मा, लक्ष्मण राजपूत, अनुज राजपूत, अंकित राजपूत, कुलदीप दीक्षित, मोहित भारद्वाज, अनुपम दीक्षित, देवेंद्र यादव, रमेश राजपूत मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने गौशाला का निरीक्षण किया और गोवंश की देखभाल के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प लिया।

बाइकों की भिड़ंत में युवक की उपचार के दौरान मौत



रोते बिलखते परिजन

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में घायल 18 वर्षीय पुनीत शर्मा की तिर्वा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। वह दिवाली पर दोस्त के साथ आतिशबाजी खरीदने बाजार जा रहा था। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के सैंथरा गांव निवासी पुनीत, गांव के अभिषेक पुत्र सुभाष के साथ बाइक से बाजार जा रहा था। झब्बूपुर गांव के पास सामने से आ रही इजौर निवासी अभिषेक पुत्र कमलेश की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में पुनीत शर्मा, अभिषेक पुत्र सुभाष और अभिषेक पुत्र कमलेश घायल हुए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुनीत की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान हर्षित गंगवार ने बताया कि पुनीत के पिता कुलदीप शर्मा की तबीयत अक्सर खराब रहती है। वे पहले कोल्हू रिपेयरिंग का काम करते थे। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पूरा परिवार दिल्ली में मजदूरी करने लगा था। परिवार दिवाली मनाने गांव आया था। पुनीत अपने माता-पिता का बड़ा बेटा था। उसके परिवार में मां किरन, पिता कुलदीप, तीन बहनें और एक छोटा भाई हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गृहकलह के चलते महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव बराबिकू में मंगलवार दोपहर पारिवारिक तनाव के चलते एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जान देने का प्रयास किया। गनीमत रही कि समय रहते परिजनों की नजर पड़ गई, जिससे उसकी जान बच गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी का अपने पति से काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी कलह और तनाव के कारण मंगलवार दोपहर महिला ने घर के एक कमरे में आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की नजर महिला पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा और बिना देर किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन महिला की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

खबरें एक नजर में

बाइक व साइकिल की भिड़ंत में युवती समेत चार घायल

चांदा, सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के सोनपुरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में युवती समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार सत्यम पुत्र रामसजीवन निवासी भैरवपुर, थाना बक्शा, जौनपुर, उनके रिश्तेदार सुरेश पुत्र राजबली निवासी कचगांव, जौनपुर और मौसेरी बहन खुशबू पुत्री नन्हे निवासी कोइरीपुर, सुलतानपुर घायल हो गए। वहीं साइकिल सवार अशोक कुमार मौर्य पुत्र रामफेर निवासी सोनावा भी चोटिल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

17 नवंबर को प्रकाशित होगी मतदाता सूची, 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

सुलतानपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन अब 17 नवंबर को होगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका मिलेगा। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। वहीं, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और पुनर्व्यवस्थीकरण की प्रक्रिया दो नवंबर तक पूरी करने का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम यथावत रखा गया है।

महेंद्र यादव बने सपा के लम्भुआ विधानसभा अध्यक्ष सतपाल को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

चांदा, सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। चांदा कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव निवासी महेंद्र कुमार यादव को सपा की 190 लम्भुआ विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं, निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव और जिला महासचिव सलाउद्दीन की ओर से जारी मनोनयन पत्र में इसकी जानकारी दी गई। महेंद्र यादव के मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी और बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ेगी।मनोनयन की सूचना पर समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में अमरूपुर प्रधान दिनेश चन्द्र यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष सुरेश यादव उर्फ भजन प्रधान बसुही, भीम पाल, भोला यादव और रमाकांत चौरसिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर, रेफर

चांदा, सुलतानपुर। घरवासपुर गांव के पास फोरलेन हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान मधुपुरी गांव निवासी 55 वर्षीय महानारायण तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी के रूप में हुई। वह किसी काम से रामपुर जा रहे थे। संघर्ष चौराहे के पास कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अंबेडकर पार्क में गौतम बुद्ध की प्रतिमा खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश

सुलतानपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के अंबेडकर पार्क में सोमवार-मंगलवार की रात अराजकतत्वों ने भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा खंडित कर दी। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पार्क के पास स्थित सिद्धार्थ स्कूल में मंगलवार सुबह प्रार्थना की तैयारी के दौरान प्रधानाचार्य रेनू गौतम ने प्रतिमा टूटी देखी। उन्होंने सुबह करीब 9:30 बजे डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ पार्क में नई प्रतिमा स्थापित कराने की मांग उठाई। ग्रामीण राम अवतार बौद्ध ने बताया कि पार्क में सीसीटीवी कैमरे और बाउंड्रीवाल नहीं है। उन्होंने प्रशासन से प्रतिमा खंडित करने वालों को गिरफ्तार करने और जल्द नई प्रतिमा लगवाने की मांग की।सीओ ऋतिक कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। ग्रामीणों की सहमति से पार्क में दूसरी प्रतिमा स्थापित कराई जा रही है।

ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के पीरूपुर मजरेतालासिरिस्तता बाद गांव में फतेह बहादुर सिंह के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। तहरीर में धीरज सिंह ने कहा कि में दादा फतेह बहादुर सिंह सूरत में रहते है। उनकी बहुए रहती है।उनके घर मे ताला तोड़ कर अज्ञात लोग 7 नवंबर की रात करीब एक बजे उनके घर में चोरी हुई। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और पेटी तथा अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण, पायल, बिछिया, अंगूठी, मंगलसूत्र सहित करीब 36 हजार रुपये नकद उठा ले गए। पीड़ित की शिकायत पर लीलापुर थाने में 8 नवंबर 2026 को मुकदमा चोरी के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं, पीड़ित पक्ष के अनुसार घटना के बाद लीलापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई, और संदिध लोगो के घटना के मोवाइल की हक्कीकत खागलने कि प्रक्रिया शुरू किया ताकि चोरों के बारे में सुराग मिल सके। अब सवाल यह है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी की घटना का खुलासा कब तक लीला पुर पुलिस कर पाती है और पीड़ित को उसका सामान कब तक वापस मिल पाता है।

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दर्जनभर घायल, गंभीर हालत में दो प्रयागराज रेफर

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई अलग-अलग थाना क्षेत्र की सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में दो लोगों को प्रयागराज रेफर किया गया है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव निवासी धीरेंद्र कुमार यादव 38 वर्ष पुत्र अविनाश चंद्र यादव चार पहिया की टक्कर में घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के कांटी अखैबरपुर निवासी मनोज कुमार 25 वर्ष पुत्र शिवप्रसाद, सड़क दुर्घटना की शिकार हो गए। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मवई कला निवासी रूपेश साहू 24 वर्ष पुत्र राकेश साहू बाइक से जाते में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गए। 35 वर्षीय एक अज्ञात्य युवक बैंक से जाते समय वाहन की टक्कर में घायल हो गया। सूचना पर घटना स्तथल पर पहुंची 108 एम्बुलेंस गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के बालीपुर निवासी राजेश कुमार 24 वर्ष पुत्र राम बहादुर तथा अमरेश सरोज 23 वर्ष पुत्र कल्लू सरोज, मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर निवासी गौरव गुप्ता 34 वर्ष पुत्र शिवमरत गुप्ता, कुंडा कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर टिकरिया निवासी सुरेशकुमार 19 वर्ष पुत्र राम फल, मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुसाहिल डीह निवासी अवधेश कुमार पटेल 25 वर्ष पुत्र राम गरीब, सहजनी गांव निवासी सोनू पटेल 26 वर्ष पुत्र दशरथ लाल पटेल, लाटतारा समापुर निवासी पुत्तीलाल 37 वर्ष पुत्र नंदलाल तथा पत्नी सीमा देवी 35 वर्ष बाइक से जाते सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

15 दिसंबर तक पूरी हों नहरों की सिल्ट सफाई, डीएम ने तय की समयसीमा

- सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा में समयबद्ध कार्य पूरा कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों, नहरों की सिल्ट सफाई और सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि नहरों की सिल्ट सफाई और स्क्रैपिंग का कार्य नवंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू कराया जाएगा। इसे 15 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा कराने और विभागीय कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।बैठक में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ निर्माणाधीन और संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार तथा उनकी वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की स्थिति भी परखी गई। अधिकारियों ने अब तक हुए कार्यों और शेष कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।डीएम ने कहा कि सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय से पूरा कराया जाए। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दीपावली की खुशियां मातम में बदलीं छज्जे से गिरकर किशोर की मौत

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



दीपावली की देर शाम घर के छज्जे पर मोमबत्ती लगाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरे 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे से परिवार की दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। कूरेभार थाना क्षेत्र के गलिबहा गांव निवासी ओमप्रकाश यादव का पुत्र लवकुश यादव रविवार देर शाम घर के छज्जे पर मोमबत्ती लगाने चढ़ा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी कूरेभार ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने लखनऊ भेज दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।लवकुश दो भाइयों में छोटा था। मां ज्योति यादव और बड़े भाई राहुल का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से गांव में शोक छाया है।

अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, एक की मौत, दर्जन भर घायल

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कूरेभार थाना क्षेत्र में किमी 118.8 पर हुई दुर्घटना

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस पर भोर में अनियंत्रित अज्ञात वाहन ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार कर फरार हो गया।दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि डेढ़ दर्जन घायल हो गये।घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां से 06 लोगों की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मंगलवार को बिहार प्रांत के सहरसा जिले के रहने वाले मजदूरों से भरी ट्राली को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को लेकर कूरेभार सीएचसी पहुंची।जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।साथ ही दुर्घटना में अजय कुमार(25)की मृत्यु हो गई। घायलों को पहचान नवीन कुमार (18), राजीव कुमार (22), शिवम पवन(33), सिद्धार्थ (01), बादल(16), रवींद्र (26), सुशील(32), बाल कृष्ण(36), दिल कुश (22), मिथिलेश (36), सदल (18) के रूप में हुई।जिला मेडिकल कॉलेज से नवीन कुमार, शिवम पवन, बादल, रवींद्र, सुशील, बाल कृष्ण की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मृतक अजय कुमार के शव का नगर कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्यवाही की गई।सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।घायलों का इलाज चल रहा है।दुर्घटना ग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर आवागमन चालू करवा दिया गया है।

सड़क किनारे मिला नवजात का शव, ग्रामीणों में मची सनसनी

सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह शंकरगढ़ बाजार और मनीपुर पटना गांव के बीच सड़क किनारे नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह घरों से निकली महिलाओं की नजर सड़क किनारे पड़े नवजात पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।स्थानीय निवासी रोशन लाल के मुताबिक, महिलाओं ने नवजात को सड़क किनारे देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर नवजात की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अनियंत्रित सफारी ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

सुल्तानपुर। मेला देखकर एक बाइक से लौट रहे चार लोगों को अनियंत्रित सफारी ने टक्कर मार दी।गंभीर हालत में सभी बाइक सवारों को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।दो बच्चों को लखनऊ रेफर कर दिया जबकि एक युवक का इलाज चल रहा है। सोमवार देर शाम कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी आलोक उपाध्याय(18),अभिषेक (21),रौनक (10) व जय (10) मेला देखकर घर वापस जा रहे थे।तभी लखनऊ वाराणसी हाईवे पर बिकवाजीतपुर मोड के पास अनियंत्रित सफारी कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी।गंभीर हालत में सभी घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने आलोक उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया।रौनक और जय की हालत गंभीर



देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जबकि अभिषेक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।मृतक आलोक के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया।वही दुर्घटना करने वाली सफारी चालक मौके से फरार हो गया। सफारी वाहन कोतवाली देहात पुलिस की हिरासत में है। कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि चारों लोग एक ही बाइक पर थे।तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया गया।

कार की टक्कर से घायल महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

सुलतानपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर मिश्रपुर पुरैना के पास रविवार शाम सड़क पार करते समय कार की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी निर्मला वर्मा (70) पत्नी राम मिलन वर्मा रविवार शाम करीब 6:30 बजे मंदिर जा रही थीं। घर से करीब 500 मीटर दूर हाईवे पार करते समय अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां से लखनऊ रेफर किया गया। बाद में दोबारा मेडिकल कॉलेज लाने पर रात दस बजे के बाद उनकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद शव एक घंटे तक मॉर्चरी नहीं पहुंचाया गया। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल धर्मवीर ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

जेल में बंद सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ के जन्मदिन पर सपाइयों का उमड़ा जनसैलाब

- केक काटकर मनाया जन्मोत्सव, भोज में उमड़ी भीड़

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

बीते 4 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छबिनाथ यादव का 44 वां जन्मोत्सव समारोह तिवारीपुर मानिकपुर स्थित कैंप कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। जहां हजारों लोगों की मौजूदगी में छबिनाथ यादव की फोटो के सामने केक काटकर दीर्घायु होने की कामना की गई। रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के पश्चात कार्यकर्ताओं ने प्रसाद ग्रहण करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई। राजनीतिक विरोधियों की साजिश से भाजपा सरकार में लंबे समय से बंद



छविनाथ यादव रिहा होकर हम सब के बीच आए तथा आगामी विधानसभा चुनाव में समाज के पीडित शोषण दलित पिछड़े अल्पसंख्यक वी सर्वहारा वर्ग का नेतृत्व करते हुए हम सब का नेतृत्व करें। इस दौरान भागीरथी यादव, प्रदीप सरोज एडवोकेट, उमेश यादव, संतोष पांडेय, शमीम प्रमुख ,इरफान खान, संतोष यादव, उमा शंकर यादव, सोनू गुप्ता, पवन सरोज, अखिलेश यादव, रमेश पासी, आदित्य मिश्रा, विजय पाल, रमेश यादव, केशव यादव, बदल गौतम, कमलेश मौर्या, सुशील पटेल, ओम प्रकाश यादव, राम बहादुर पटेल करोड़ीमल शर्मा, आरके भीम, हरिश्चंद्र सरोज, अश्वनी सोनी, मनीष पाल, केदारनाथ यादव, कमलेश मधुकर, राजेश सोनकर, ऋषभ यादव, विनोद यादव, बच्चा यादव, राज यादव समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

पेड़ से टकराकर पलटी पिकअप, 500 से अधिक मुर्गियों की मौत

रानीगंज-प्रतापगढ़। पट्टी-रानीगंज मार्ग पर जामताली शुक्लान गांव के पास शनिवार रात भोर में करीब 5 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। सुल्तानपुर से मुर्गियां लादकर पट्टी-रानीगंज की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप नीलगायों के झुंड को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन सीधे सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया और पलट गया। इस भीषण टक्कर में पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें लदी 500 से अधिक मुर्गियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कई अन्य मुर्गियां गंभीर रूप से घायल भी हुई हैं। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए पिकअप का गेट खोलकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक को सिर्फ मामूली चोटें आई हैं।

उमरी कोटिला में श्रीमद्भागवत कथा पूर्व निकली कलश यात्रा

आस्था का कलश सिर पर रखकर निकलीं महिलाएं व श्रद्धालु भक्तगण

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

बाघराय क्षेत्र के उमरी कोटिला गांव में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। इस दौरान पूरा गांव जय श्रीराधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। कलश यात्रा कथास्थल से प्रारंभ होकर छेवगा नहर, बलई देवी धाम, शंकर देवन मंदिर, सियारामगंज बाजार और हनुमत धाम होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। जहां कथावाचक आचार्य अतुल जी महाराज ने विधि-विधान से



कलश पूजन कर कलश स्थापित कराया और श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कथा संयोजक रामविशाल द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की आरती उतारी और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता शैलेश द्विवेदी, शिक्षक अखिलेश, अधिवक्ता विवेक, अभिषेक द्विवेदी, पिंटू पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सूचना

सूचना - मेरे ड्राइविंग लाइसेंस up 44 20210016919 में त्रुटिवश मेरा नाम अपसार अली हो गया है जबकि सही नाम अफसार अली (afsar ali) है। **अफसार अली, मिश्रपुर, जयसिंहपुर, सुल्तानपुर।**

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस up 44 20050001738 में त्रुटिवश मेरा नाम रामप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र धर्मराज विश्वकर्मा और जन्मतिथि 10-07-1991 अंकित हो गई है जबकि सही नाम रामप्रकाश पुत्र धर्मराज और जन्मतिथि 01-01-1982 है। **रामप्रकाश पुत्र धर्मराज, भुलकी सदर सुल्तानपुर।**

बीएसएनएल टावर पर चढ़कर कूदने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

- पुलिस व स्थानीय लोगों के प्रयास से सकुशल नीचे उतारा गया

कुंडा-प्रतापगढ़। थाना व कस्बा बाघराय में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक युवक बीएसएनएल मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे कूदने की धमकी देने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को सकुशल नीचे उतारवाया गया। पुलिस के मुताबिक युवक टावर के शीर्ष पर खड़ा होकर नीचे कूदने की धमकी दे रहा था। पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने उसे समझाया तथा उसकी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। काफी प्रयास के बाद उसे नीचे उतार लिया गया। पुलिस का आरोप है कि युवक ने पुलिस और आमजन को धमकी दी तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इसके बाद पुलिस ने राजेश सरोज 35 पुत्र गल्हे सरोज निवासी अत्तानगर, रायपुर, थाना बाघराय को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने धारा 221, 226 और 351(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत भी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। विधिक कार्रवाई के बाद गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

कलश यात्रा के साथ शिवपुराण कथा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़, गड़वारा-प्रतापगढ़।

इलाके के शिवराजपुर गांव में मंगलवार को आध्यात्मिक उल्लास और भव्यता के साथ शिवपुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में एक विशाल और भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा कथा स्थल से आरंभ होकर प्राचीन शिव मंदिर और गड़वारा बाजार से गुजरते हुए पुलिस चौकी मंदिर तक पहुंची। वहां से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन के उपरांत यात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। श्रीधाम अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास श्री रामरंग तिवारी जी महाराज के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई, जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया गया। कथा के प्रथम दिवस पर महाराजश्री ने श्रद्धालुओं को भागवत महात्म्य का रसपान कराते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिवपुराण और भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के सभी पाप नष्ट होते हैं और जीवन में



भक्ति व शांति का संचार होता है। इस आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में अभयराज पाण्डेय और शशिप्रभा पाण्डेय ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तीर्थराज पाण्डेय, शिवराज पाण्डेय, भास्कर पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, विनय शुक्ला, मनीष पांडेय, विनय पांडेय और रघुराज पाण्डेय सहित कई ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शभकामनाएं

कुर्बान अली

नगर पंचायत धौरहरा

लखीमपुर खीरी

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शभकामनाएं

पर्वत सिंह



पूर्व डायरेक्टर

सहकारी चीनी मिल

पुवायां शाहजहांपुर

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शभकामनाएं

रामप्रसाद पूरनलाल ईंट भट्ठा एवं बालाजी राइस मिल

खुटार रोड पुवायां-शाहजहांपुर

उच्च गुणवत्ता की प्रीमियम ईंटें कम दामों में उपलब्ध हैं।

प्रो. सुमित गुप्ता





दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शभकामनाएं

संदीप कन्हैया

नगर पालिका अध्यक्ष

मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी

राजेश प्रताप

अधिशासी अधिकारी/उप जिलाधिकारी

सम्मानित सभासदगढ़ एवं कर्मचारी गण

नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखें